सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-213 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024
29 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# अटल सेतु की सौगात आज

**कनेक्टिविटी**

- समंदर पर बना देश का सबसे लंबा पुल अटल सेतु
- पीएम मोदी आज करेंगे उद्घाटन
- दो घंटे की दूरी को 20 मिनट में समेट देगा अटल सेतु



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। इसे अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु नाम दिया गया है। यह देश का सबसे लंबा पुल और भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। पीएम मोदी ने दिसंबर, 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी। करीब 17,840 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। यह लगभग 21.8 किमी लंबा छह लेन वाला पुल है। समुद्र के ऊपर इसकी लंबाई लगभग 16.5 किमी और जमीन पर लगभग 5.5 किमी है। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी देगा। साथ ही इससे मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय भी कम हो जाएगा। इस पुल के बनने से मुंबई पोर्ट और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के बीच संपर्क में भी सुधार होगा। इससे मुंबई और नई मुंबई के बीच ट्रेवल टाइम में कमी आई है। अभी इस यात्रा में करीब दो घंटे का समय लगता है। लेकिन मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक के खुलने के बाद यह दूरी महज 20 मिनट में पूरी हो सकेगी। इससे मुंबई के लाखों लोगों को भारी ट्रैफिक जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। इस लिंक पर कारों के लिए अधिकतम स्पीड लिमिट 100 किमी प्रति घंटे होगी।

### पुल में क्या है खास

मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) पर चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी प्रति घंटे होगी। मोटरसाइकिल, मोपेड, तिपहिया वाहन, ऑटो, ट्रैक्टर, जानवरों द्वारा खींचे जाने वाले वाहन और धीमी गति से चलने वाले वाहनों के लिए कोई प्रवेश नहीं होगा। एमटीएचएल एक 6-लेन समुद्री लिंक है, जिसका विस्तार समुद्र पर 16.50 किलोमीटर और भूमि पर 5.5 किलोमीटर है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# एक साथ सुने जाएंगे श्रीकृष्ण जन्मभूमि से जुड़े 15 वाद

**न्याय**


- हाईकोर्ट ने मूल वाद में इन्हें जोड़कर सुनवाई की अर्जी मंजूर की
- वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई बहस

**प्रयागराज**

इलाहाबाद हाई कोर्ट मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद से जुड़े विचाराधीन 18 सिविल वादों में 15 की सुनवाई अब एक साथ करेगा। कोर्ट ने इनको भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव मूल वाद में जोड़ लिया है। शेष दो केसों पर बाद में विचार किया जाएगा। कोर्ट ने कहा, सभी केस संयुक्त कर सुनवाई करने से कोर्ट के समय की बचत होगी, पक्षकारों के खर्च बचेंगे और फैसलों में भिन्नता नहीं होगी। समान प्रकृति के वादों को एक साथ जोड़ा जाना न्याय हित में जरूरी है। कोर्ट कमिश्नर की रूपरेखा तय करने के मामले की सुनवाई 17 जनवरी को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक जैन ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित सभी 17 वादों की सुनवाई करते हुए दिया है।

### 17 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

पक्षकारों को भी साथ रहने की अनुमति दी जाए। वहीं, सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता के परिवार में शोक के कारण सुनवाई टालने की अर्जी दी गई है। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 17 जनवरी तय कर दी। मंदिर पक्ष से प्रभाष पांडेय, प्रदीप शर्मा, मस्जिद पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता वजाहत हुसैन व न्यायमित्र मार्कंडेय राय सहित तमाम पक्षों के अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।



# आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का है इच्छुक

## अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई इंडिगो की हवाई सेवा

**लखनऊ**




धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद-अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया। अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है।

**स्वच्छता**

# इंदौर सातवीं बार स्वच्छता में नंबर वन


**इंदौर**

इंदौर लगातार सातवीं बार स्वच्छता में नंबर वन आया है, लेकिन आठ साल पहले हालात विपरित थे। इंदौर में जगह-जगह कचरा फैला रहता था। कोर्ट की फटकार निगम अफसरों को झेलना पड़ती थी। इंदौर के नगरीय पंचायत क्षेत्र राऊ के सफाई मॉडल का अनुसरण करने के लिए कोर्ट को कहना पड़ा था, लेकिन धीरे-धीरे इंदौर ने खुद को स्वच्छता में बेहतर किया और वर्ष 2017 में पहली बार स्वच्छता में नंबर वन आया। वर्ष 2014 में स्वच्छता रैंकिंग में इंदौर का स्थान 149 वें नंबर पर था। लेकिन तीन साल में गुणात्मक सुधार कर इंदौर पहले स्थान पर आ गया। तब इंदौर ने देश के स्वच्छता में नंबर वन रहे शहर मैसूर को पछाड़ा था। सफाई की सफलता के सात बरस की कहानी कुछ इस तरह है। वर्ष 2017 में तत्कालीन मेयर मालिनी गौड़ ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने की कोशिश की। उन्हें साथ मिला भोपाल नगर निगम आयुक्त से तबादला होकर आए मनीष सिंह का।

# दिल्ली-एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**हड़कम्प**

- रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही
- भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान रहा



**नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर के लिए दौड़े। ऑफिसों में काम कर रहे लोग भी कामकाज छोड़कर इमारतों से बाहर आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर था। फिलहाल कहीं से भी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर के पूंछ इलाके में भी महसूस हुए। पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है।

# संसद का बजट सत्र 31 से 9 फरवरी तक

- एक फरवरी को पेश होगा बजट

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। यह 9 फरवरी तक चल सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसी के साथ ही बजट सत्र की शुरुआत होगी। एक फरवरी को पेश होने वाला बजट अंतरिम बजट होगा। लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। दरअसल, 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए आम चुनाव की घोषणा से पहले यह संसद का आखिरी सत्र होगा। 2019 में लोकसभा चुनावों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था।

# एनआईए का एक्शन, दिल्ली-हरियाणा और पंजाब समेत 32 जगहों पर छापामारी

**गैंगस्टर**

- कई दस्तावेज बरामद
- पंजाब में गैंगस्टर हैरी मोड़ के घर रेड


**नई दिल्ली**




राष्ट्रीय जांच एजेंसी आतंकवादी और गैगस्टर के गुर्गों के खिलाफ एक्शन के मोड में है। एनआईए की कई टीमों ने गुरुवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ समेत 32 जगहों पर छापेमारी की।

एएनआई की टीम ने छापेमारी के दौरान दो पिस्टल, दो मैगजीन, गोलाबारूद और 4.60 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। इसके अलावा कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइज जब्त की है। एनआईए की टीम ने तीन मामलों में यह छापेमारी की है। पंजाब के बठिंडा में गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर पर एनआईए ने छापा मारा। गैंगस्टर हैरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव लहरा मोहब्बत में डबल मर्डर किया था। करीब एक माह पहले गैंगस्टर को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया था। इसके बाद एनआईए की टीम गांव माडी में पहुंची। जहां पर टीम ने गैंगस्टर गोबिंद सिंह के घर पर जांच की। हालांकि अब वह फरीदकोट में रहता है। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में दिल्ली पुलिस द्वारा पकड़े गए गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर पर गुरुवार सुबह एनआईए की टीम पहुंची। इस घर में कोई नहीं रहता, जिस कारण पिछले लंबे समय से घर खाली पड़ा हुआ था।

गैंगस्टर हैरी का होने के कारण एनआईए की टीम ने उसके घर को सील कर दिया। इसके बाद एनआईए की टीम गांव माडी में पहुंची। जहां पर टीम ने गैंगस्टर गोबिंद सिंह के घर पर जांच की। टीम को जांच के दौरान पता चला कि गैंगस्टर गोबिंद के घर को उसके रिश्तेदारों ने खरीद कर लिया था। जिसके बाद गोबिंद इस गांव को छोड़कर फरीदकोट रहने लगा है।

# डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति खराब है, लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वह उन्हें लिखित रूप में स्पष्ट करें कि वह लक्ष्य को कैसे पूरा कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब प्रगति वाले विभाग विशेष अभियान चलाकर अपने लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कराए डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, खनन, मंडी, वन, सिंचाई, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर व गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: महेंद्र

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे।

## अपहरत छात्रा को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर विधिक विवेचनात्मक कार्यवाही की

**मोहम्मदी-खीरी।** पुसिल अधीक्षक द्वारा अपराध की रोकथाम के लिये चलाए जा रहे अपराधियो के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं018/2024 धारा 366 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अपहरत छात्रा को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर विधिक विवेचनात्मक कार्यवाही की। बताते चले कि कस्बे के एक महाविद्यालय से परीक्षा देकर घर वापस लौट रही छात्रा को अज्ञात लोगो अपहरण कर लिये जाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस इस घटना को संदिग्ध बता रही है। पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसकी पुत्री महाविद्यालय में मंगलवार को भाई के साथ प्रातः नौ बजे परीक्षा देने गयी थी। 12 बजे परीक्षा देकर भाई के साथ नेशलन हाईवे पर ई-रिक्शा से आ रही थी। छात्रा के 10 वर्षीय भाई ने बताया कि हाईवे पर बौआं गांव के पास बनी पुलिया के आगे रास्ते में ई-रिक्शा वाले ने बैट्री डाउन हो जाने की बात कह कर हम दोनो को नीचे उतार दिया था। इसी दौरान मोहम्मदी की ओर से आई एक सफेद कलर की कार पर सवार लोगो ने उसे सड़क के किनारे धक्का देकर उसकी बहन जबरन कार बैठा लिया और वापस मोहम्मदी की ओर निकल गये। सड़क पर रोते बच्चे को देकर गांव की ओर से आ रहे दूसरे रिक्शे वाले ने उसे अपने रिक्शे पर बैठाकर छोड़ दिया था।

## 03 नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा 03 नफर वारंटी अभियुक्तों अरविन्द पुत्र कुन्दनलाल नि0ग्राम रोशननगर थाना हैदराबाद जनपद खीरी संबंधित वाद सं0 1527/17 धारा 324/323/504/506 भादवि थाना हैदराबाद राजकुमार पुत्र डालचन्द्र रैदास नि0ग्राम पिपरा थाना हैदराबाद वाद सं0 53/13 सरकार बनाम राजकुमार धारा 363/366/376/323 भादवि0 ड पाक्सो एक्ट थाना मितौली मु0अ0सं0 439/13 न्यायालय अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 लखीमपुर खीरी 3.तिलकराम पुत्र नन्दू नि0ग्राम सेमरई थाना हैदराबाद जनपद खीरी वाद सं0 1578/17 धारा 60(2) EX ACT थाना हैदराबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

# हीटर/अंगीठी के उपयोग तथा सावधानियों के संबंध में जनसामान्य को किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** फायर सर्विस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत फायर स्टेशन लखमीपुर के अंतर्गत अग्निशमन द्वितीय अधिकारी , लीडिंग फायर मैन, फायर मैन की अलग अलग टीम बनाकर, साहपुरा कोठी, कपूरथला, साबरमती कालोनी, रानीगंज, गोटैय्या बाग, रामनगर, श्यामनगर, सिद्धार्थनगर, शास्त्रीनगर , शमशेरनगर, राजाजीपुरम, पटेलनगर में तथा प्रभारी फायर स्टेशन मोहम्मदी द्वारा फायर स्टेशन मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहदेवा, मोहल्ला वाल्मीकि मोहम्मदी, नकासा बाजार मोहम्मदी, मगरेना, बौद्धि खुर्द, वार्ड नंबर 10 मोहम्मदी, मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा तथा प्रभारी फायर स्टेशन धौरहरा द्वारा मोहल्ला फत्तेपुर, काशीराम कालोनी तथा अमेठी में तथा प्रभारी फायर स्टेशन पलिया द्वारा कस्बा पलिया के विभिन्न स्थानों पटिया रोड, भीरा रोड, संपूर्णानगर रोड, पुराना बस स्टैंड, रोडवेज बस स्टैंड, कमल चौराहा आदि जगहों पर हीटर/अंगीठी के उपयोग तथा सावधानियों के संबंध में जनसामान्य को जागरूक किया गया तथा पंपलेट्स भी वितरित किये गए तथा यह भी बताया गया की रात्रि में हीटर,अंगीठी तथा ब्लोअर को सोते समय बंद कर दें खिड़की दरवाजे कपड़े,प्लास्टिक इत्यादि से बंद न करें ऑक्सीजन की कमी से जान का खतरा होता है ज्वलनशील वस्तु पर्दा, बिस्तर, इत्यादि से दूर आग जलाएं।

## जनपद में होगी क्रिकेट की निर्वाचन प्रीमियर लीग

**सहारनपुर।** स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 13 जनवरी से होने वाली क्रिकेट की निर्वाचन प्रीमियर लीग यानी एनपीएल की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में एनपीएल की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में क्रिकेट की निर्वाचन प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ 13 जनवरी को जेवी जैन डिग्री कॉलेज में किया जाएगा। इस अवसर पर मण्डलायक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा सहित जनपद के वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण सहित वरिष्ठ खिलाडी उपस्थित रहेंगे।

## डीएम की अध्यक्षता में पारदर्शी तरीके से हुई ई-लाटरी, 127 यंत्रों के लिए किसानों का चयन

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कृषि यंत्रों के चयन के संबंध में गुरुवार को पूर्व सूचना के अनुसार सभी नामित सदस्यों एवम पंजीकृत कृषकों की उपस्थिति में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में पोर्टल के माध्यम ई-लाटरी की कार्यवाही सकुशल पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि जनपद में 127 यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष 127 कृषको का चयन ई-लाटरी के जरिए किया गया। 50 प्रतिशत की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की गई है। ई लाटरी के माध्यम से चयनित कृषको द्वारा यंत्र न लेने पर वरीयता सूची के किसानों को अवसर दिया जाएगा। बताते चलें कि पूरी प्रक्रिया में निर्धारित लक्ष्य यंत्रों के सापेक्ष कृषकों का चयन किया। इसी के साथ 50 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। चयनित कृषको को पोर्टल से ही तत्काल उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। चयनित किसान यंत्र क्रय करके बिल कृषि विभाग के पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद सत्यापन की कार्यवाही करते हुए अनुदान का भुगतान कर दिया जाएगा।

ई लाटरी की कार्यवाही के समय डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, डीएचओ मृत्युंजय कुमार सिंह, डीसीओ वेद प्रकाश, डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र कुमार, एलडीएम अजय पांडेय, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, समिति में नामित कृषक उपस्थित थे। ई-लाटरी के समय अनुदान पर यंत्र लेने के लिए टोकन जारी करने वाले कृषक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने की सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज हरियाणा, उत्तराखण्ड के अधिकारियों के साथ मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ने समन्वय गोष्ठी कर सीमावर्ती राज्य व जनपदों की सुरक्षा व्यवस्था पर विचार विमर्श करते हुए अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाये जाने पर गहनता से विचार-विमर्श किया। सर्किट हाउस के सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ, जोन मेरठ की अध्यक्षता में मेरठ जोन के सीमावर्ती राज्यों, जनपदों के पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित समन्वय गोष्ठी में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कई बिन्दुओं पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। गोष्ठी में शातिर, अभ्यस्त अपराधियों की धरपकड़ व उनके विरूद्ध कार्यवाही में सहयोग व समन्वय स्थापित करना, बार्डर पर चैकिंग हेतु पुलिस व्यवस्थापन, सीमावर्ती राज्यों व जनपदों से अवैध शराब शस्त्रो की तस्करी की रोकथाम हेतु की जाने वाली कार्यवाही, सीमावर्ती राज्यों व जनपदों के अपराधियों व अपराधियों के गैंग की सूचना का आदान प्रदान करने के विषय में, बार्डर पर प्रभावी पुलिस पैट्रोलिंग के सम्बन्ध में समन्वय, मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम, सीमावर्ती जनपदों के हाईवे की सुदृढ़ सुरक्षा को और प्रभावी बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। इसके अलावा गौवध पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने हेतु सहयोग एवं सूचनाओं का आदान प्रदान, सीमावर्ती थानावार क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों की समन्वय गोष्ठी कराये जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही भौगोलिक व राजनैतिक परिस्थितियों का आंकलन, मेरठ जोन के जनपदों के सीमावर्ती राज्यों के थानों व जनपदों के निवासी असामाजिक व अपराधिक तत्व जो निर्वाचन में व्यवधान पैदा कर सकते हैं, की रोकथाम के सम्बन्ध में गहनता से चर्चा की गई। इसके अलावा अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर लगाये जाने वाले बैरियर एवं स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय, अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बहने वाली नदियों की पैट्रोलिंग एवं स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय, ऐसे राजनैतिक व्यक्ति जो सीमावर्ती राज्यों एवं उत्तर प्रदेश राज्य में सक्रिय हो तथा निर्वाचन प्रक्रिया में व्यवधान उत्पन्न कर सकते हो, मेरठ जोन के जनपदों के ऐसे वांछित गैर जमानती वारण्टी, इनामी अपराधी, जो सीमावर्ती राज्यों के निवासी है, के विरुद्ध संयुक्त कार्यवाही करने को लेकर रणनीति पर विचार किया गया।

## धक्के के सहारे चलाई जा रही है कोतवाली सदर की गाड़ी



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली सदर के सामने कोतवाली सदर की गाड़ी धक्के के सहारे चलाई जा रही है। एक तरफ स्मार्ट कोतवाली सदर पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग की बात कर रही है। वही पुलिस कर्मी धक्के के सहारे गाड़ी खींच रहे हैं। उच्च अधिकारियों की लापरवाही के चलते पुलिसकर्मी सरकारी जीप में धक्का लगा रहे है।

## नौ दिन से नाबालिग को लेकर फरार हुए युवक के घर चला बुल्डोजर

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** ओयल कस्बे में नौ दिन से नाबालिग को लेकर फरार हुए मुस्लिम समुदाय के युवक के घर चला बुल्डोजर नगर पंचायत व खीरी थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने घर के बाहर अवैध अतिक्रमण को ढहाया।

## सादी वर्दी में दुकानदार से भिड़े पुलिसकर्मी, गाली गलौज की और एक लड़के को मारा चांटा

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दो युवक, पुलिसकर्मियों के सामने हंगामा करते देखे और सुने जा रहे हैं। वीडियो में हंगामा करने वाले युवक भी पुलिसकर्मी बताए जा रहे हैं। वायरल वीडियो शहर के नौरंगाबाद चौराहे का है बताया जा रहा है कि बुधवार की रात करीब 10:30 बजे दो पुलिसकर्मी सादी वर्दी में शहर के नौरंगाबाद चौराहे पर पहुंचे किसी बात को लेकर एक दुकानदार से भिड़ गए। गाली गलौज की और एक लड़के को चांटा भी मारा इस पर दुकानदार भी आक्रोशित हो गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया कहा जा रहा है कि हंगामा करने वाले पुलिसकर्मी नशे में थे। हालांकि दुकानदार या किसी अन्य ने कोई शिकायत नहीं की है। हंगामे के दौरान किसी ने सिपाहियों का वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**गोंडा। (अवधनामा संवाददाता)** अयोध्या मनकापुर रेल मार्ग पर किशुनदासपुर रेलवे फाटक व टिकरी रेलवे स्टेशन के बीच धोबहा गांव के पास शौच के लिए निकले वृद्ध की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गयी।वृद्ध रामसुधि जायसवाल 60वर्ष नवाबगंज थाना अंतर्गत किशुनदासपुर में किराए के मकान में रहकर मूंगफली बेचने का काम करता था।मृतक की पत्नी निर्मला ने बताया वह कम सुनते थे।घर से शौच के लिए निकले थे। रेल केआवाज न सुन पाने के कारण चपेट मे आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## मीटर में शार्ट सर्किट होने से हजारो रुपये गृहस्थी के समान जलकर राख

**मनकापुर, गोण्डा। (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार के देर रात विद्युत मीटर में शार्ट सर्किट हो जाने से दो घरो में रखे हजारो रुपये गृहस्थी के समान जलकर राख गये।आनन-फानन में ग्रामीणो ने विद्युत विभाग के सब स्टेशन पर विद्युत बंद करने के लिए फोन किया लेकिन विभाग विद्युत सप्लाई सब कुछ राख होने बाद काटी गई। कस्बें से सटा ग्राम सभा मनकापुर ग्रामीण के मजरा खजूरईया गांव के रहने वाले भगवती प्रसाद कोरी पुत्र स्व0 सुकई प्रसाद व बाबू लाल पुत्र पुदुनू का परिवार बुधवार को खाना-पानी खाकर सो गये कि बाबू लाल के घर अचानक रात ग्यारह बजे घर में लगे विद्युत मीटर में शार्ट सार्किट हो जाने से देखते-देखते आग लग गयी।घर में रखे धान,गेहूं,कपडा,मोबाइल,सोलर प्लेट आदि गृहस्थी के समान जलने लगे और आग पडोसी भगवती के घर में रखे गृहस्थी के समान जलने लगे।आननन-फानन में ग्रामीणो विद्युत सब स्टेशन पर जरिये मोबाइल फोन किया गया लेकिन विद्युत कर्मी द्वारा फोन उठाये जाने से दोनो घरो में रखे हजारो के समान जल कर राख हो गये।ग्रामीणो के अथक प्रयास व विद्युत कर्मी द्वारा जिद्युत सप्लाई बंद करने के बाद आग पर काबू पाया जा सका।ग्राम प्रधान रमाकांत सिह घटना की सूचना पा कर पहुंचे पीडित परिजनो से मिलकर स्थानीय प्रशासन से वार्त्ता करने पर हल्का लेखपाल अंकित कुमार श्रीवास्तव क्षति का आकलन रिपौट तैयार कर उपजिलाधिकारी को देने की बात कही है।वही उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि हल्का लेखपाल को पीडित परिजन ने कहा कि विद्युत मीटर से शार्ट सार्किट से आग लगी है।जिससे नियमानुसार देख कर कुछ सहयोग किया जायेगा।एसडीओ मनकापुर ग्रामीण सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग द्वारा कोई क्षति पूर्ति नही कर सकता क्यो विद्युत उपभोक्ता स्वय ठीक से वायरिग करता तो शार्ट सार्किट नही होती।

## अतिक्रमण पर गरजा पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर



**नवाबगंज (गोंडा)। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के दुर्गागंज गांव के सामने अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर वर्षो से अतिक्रमण कर गृहस्थी बसा कर जीवन-यापन कर रहे 03 लोगों की गृहस्थी पर बुधवार की शाम लोकनिर्माण विभाग का बुलडोजर गरजा। लोकनिर्माण विभाग ने दुर्गागंज गांव के सामने अयोध्या-गोंडा राजमार्ग की पटरी पर वर्षो से छप्पर डालकर रह रहे मालती देवी पत्नी बांकेलाल, राजकरन और महावीर को पूर्व में विभाग द्वारा नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। बुधवार को लोकनिर्माण विभाग प्रथम के अवर अभियंता अमरनाथ की अगुवाई में पंहुची विभाग की टीम ने अतिक्रमण कारियों के आशियाने पर बुलडोजर चलवाकर कब्जा खाली करा दिया।

# ईमानदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें कर्मचारी: विनोद शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का 62वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया और पुरानी पेंशन बहाली सहित कर्मचारियों की अन्य लम्बित समस्याओं के निस्तारण की मांग भी की। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि कर्मचारी सरकारी दायित्वों का ईमानदारी से निवर्हन करें। कर्मचारियों को उनका अधिकार संगठन के बल पर मिल रहा है। संगठन में शक्ति होती है। अकेले कोई भी लड़ाई नहीं जीती जा सकती है। कर्मचारियों के हितों के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। उन्होंने मांग की कि विकास विभाग में जनपद के लंबित पड़े हुए कर्मचारियों की एसीपी स्वीकृत की जाये, प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति की जाये, कर्मचारियों की रोकी गई वेतन वृद्धि स्वीकृत की जाये, कर्मचारियों की दो बार टंकण परीक्षा नियमनुसार नहीं ली गई है, उन कर्मचारियों को पुनः अवसर दिया जाये तथा नियमानुसार परीक्षा करायी जाये, वर्ष 2011 के पूर्व के नियुक्ति वाले कर्मचारियों की रोकी गयी वेतन वृद्धि स्वीकृत करायी जाये, वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक के पद पर पदोन्नती की जाये, कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति करायी जाये। एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने सभी पदाधिकारीयो को 25 जनवरी तक प्रधान साहयक की पदोन्नती किये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान दानिश सिद्दीकी एसोसिएशन प्रेस प्रवक्ता एवं ज़िला मंत्री उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने कहा कि एसोसिएशन का गठन 10 जनवरी 1962 को हुआ था। हम सब को एकजुट रहना होगा। तभी हमारी समस्याओं का समाधान हो सकेगा और सरकार से पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की भी मांग की। इस दौरान तरुण राठौर, जितेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, योगेश कुमार, सूरज कुमार, प्रवीन कुमार, सूर्यकान्त, अर्चना पंवार, ममता, सीमा तिवारी, अश्वनी, सुनीता, संगीता, शबाना, अरविन्द कुमार, अनिल शर्मा, प्रवीन शर्मा, सरस्वती, संजय गौतम, अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## आरसीएम सेवकों ने प्रथम सेवा दिवस पर किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सहारनपुर।** प्रतिष्ठित संस्था आरसीएम के सेवकों ने प्रथम सेवा दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान किया और आमजन को ब्लड डोनेट के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब रहे कि आरसीएम गुरुकुल में एक जनवरी को आरसीएम के संस्थापक टीसी छाबड़ा ने वर्ष 2024 से प्रतिमाह की 11 तारीख को आरसीएम सेवा दिवस के रूप में मानने की घोषणा की। आईआईएम इंदौर से पढ़ाई कर रहे टोट्सटेक डॉट कॉम कंपनी के संस्थापक प्रियांशु वर्मा ने बताया कि इस दिन पूरे भारतवर्ष में आरसीएम के लाखों सेवकों द्वारा अनेक सेवा के कार्य किए जा रहे हैं। पूरे देशभर में फैले आरसीएम के नेटवर्क में कुल तीन जगहों पर उनके साथियों द्वारा भी स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।

## गंगापुर स्थित बाबा घिसियावन दास महाराज की कुटी पर सप्तदिवसीय श्री राम महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के गंगापुर स्थित बाबा घिसियावन दास महाराज की कुटी पर सप्तदिवसीय श्री राम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ की शुरुआत महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर की। यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों नर-नारी मौजूद रहे।

आपको बता दें कि, यात्रा में भगवान राम लक्ष्मण व जानकी की झांकी के साथ साथ राधा कृष्ण व भूत-भावन भगवान भोलेनाथ की झांकियां भी रही। झांकियों के पीछे बैंड बाजा के साथ राम धुन के गीतों पर लोग झूमते नजर आए। इसके पहले कुटी पर विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। लोगो ने कुटी परिसर स्थित सरोवर में कलस में जल भरा। कलस यात्रा कुटी से निकल कर गंगापुर ग्राम, गाजी राय का पुरवा, खेखरूआ स्थित बड़े महंत ब्रह्मलीन राम प्रताप दास के पैतृक घर होते हुए कुटी पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान लोगो ने सीता राम नाम का जप व जय घोस भी किया।

कुटी के महंत बाबा श्री राम बच्चन दास जी महाराज ने बताया कि, बाबा घिसियावन दास की पुण्य तिथि पर यह सप्त दिवसीय कार्यक्रम प्रति वर्ष आयोजित होता है। रात्रि में वृंदावन की राम लीला का आयोजन व 16 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# पापाचार मिटाने को हुआ कृष्ण अवतार: आचार्य अतुल महराज



अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही भागवत कथा में ब्रहस्पतिवार को कथा व्यास ने कृष्ण जन्म सहित कई प्रसंगो का बखान किया। भगवान कपिल आश्रम में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में कथा व्यास आचार्य अतुल महाराज ने भक्त प्रहलाद की कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि निशाचर के घर जन्म लेकर भी प्रहलाद ने हरि भक्ति नहीं छोड़ी। और अपने निष्काम भक्ति के प्रभाव से ईश्वर की प्राप्ति की। अजामिल का प्रसंग बतलाते हुए व्यास जी कहते हैं कि जीवन भर पापाचार करने वाले अजामिल ने अंत समय में यम दूतों द्वारा सताये जाने पर अपने छोटे पुत्र नारायण को पुकारा। नारायण आवाहन पर स्वयं भगवान हरि अजामिल की प्राण रक्षा को चले आये। ईश्वर का नाम स्मरण मात्र ही सभी प्रकार से कल्याण करने वाला है। वामन अवतार की कथा के साथ ही कथा व्यास ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उन्हें अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। व्यास ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं।

## मंडलीय जूडो टीम में चयन को खिलड़ियों ने बहाया पसीना

**सहारनपुर।** प.दीनदयाल उपाध्याय जनशताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित प्रदेशीय जूडो प्रतियोगिता में जनपद एवं मण्डल जूडोका टीम का चयन किया गया, जो आगामी 19 से 21 जनवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। आज गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में जनपदीय एवं मण्डलीय जूडोका टीम का चवयन किया गया, जिसमें लगभग 55 जूडोका ने भाग लिया। ट्रायल से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय रेफ़्री दीपक गुप्ता एवं जिला क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर ट्रायल का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए दीपक गुप्ता ने खिलाडियों से खेल भावना के साथ खेलने का अनुरोध किया। अनिमेष सक्सेना ने कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन आता है इसलिए सभी को कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। चयनित जुडोकाओ में पुरुष वर्ग में कार्तिक मुजफ्फरनगर, आर्यन कुमार, सायनपाल, शोएब, मयंक अग्गरवाल, यश नामदेव सभी सहारनपुर, महिला वर्ग में रितिका, प्राची पंवार, प्राची, निपुरपाल, श्रुति मित्तल, गौराराज नंदिनी एवं शैली धीमान सभी सहारनपुर, चयनित हुए।

# दो युवाओ को रेलवे लखनऊ मंडल ने इटियाथोक रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया





अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज गोंडा।** नगरपालिका के कस्बा कटी तिराहे निवासी युवा भाजपा नेता मंथन गुप्ता व उज्जवल साहू को मंडल रेल प्रबंधक वाणिज्य पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने इटियाथोक रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है मंथन व उज्जवल का सलाहकार समिति सदस्य बनने पर नगर के व्यापरियों समाजसेवियों आदि ने मंथन के आवास पर जाकर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

मिली जानकारी अनुसार नगरपालिका क्षेत्र के दो युवाओ को रेलवे लखनऊ मंडल ने इटियाथोक रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य बनाया गया है इसके पहले भी नगरपालिका के भाजपा कार्यकर्ताओं को भी कटरा रेलवे स्टेशन का सलाहकार समिति सदस्य बनाया जा चुका है। मनकापुर विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे ने बताया कि नगर के रहने वाले मंथन व उज्जवल साहू दोनो कर्मठी उर्जावान कार्यकर्ता है व्यापारियों के बीच पार्टी को मजबूत बनाने मे और मदद मिलेगा ऐसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। दोनो युवाओं के सलाहकार समिति सदस्य बनने पर उनके आवास पर जाकर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है वही दूरभाष व सोशल मीडिया से भी लोग बधाई दे रहे है।युवा भाजपा नेता सुदीप भूषण सिंह ने भी इन युवाओ को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओ से पार्टी को मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों मे मनकापुर भाजपा विधायक रमापति शास्त्री नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे लोकतंत्र सेनानी जनार्दन प्रसाद तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष,सूर्यलाल दुबे सपना सिंह रवि श्रीवास्तव राजेश गुप्ता भाजपा नगरपालिका अध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव अनूप सिंह मयंक गुप्ता दीपू तिवारी उर्फ गुरुजी हरिओम पांडेय विनय पांडेय अभिषेक पांडेय बाबूलाल शास्त्री पंकज तिवारी महंथ तिवारी रामशंकर शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कान्हा गौशाला का नोडल अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** विशेष सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन/ गौ संरक्षण अभियान जनपद के नोडल अधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा आज दिनांक 11 जनवरी 2024 को दोपहर 1:30 बजे कान्हा गौशाला कमालगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कमालगंज, खंड विकास अधिकारी कमालगंज एवं नायब तहसीलदार सदर उपस्थित रहे। कान्हा गौशाला में 286 गोवंश बताए गए गौशाला में न पशुओं को छोटे पशुओं से अलग रखा गया है तथा सभी पशुओं का टीकाकरण कराया गया है इसके अतिरिक्त पूर्व में पशुओं को लंपी डिजीज के टीके लगाए गए हैं। गौशाला में 5 केयर टेकर कर रहे हैं जिन्हें समय पर मानदेय दिया जा रहा है। जनपद नोडल अधिकारी द्वारा जनपद में अभियान के दौरान पकड़े गए गौवांशो की जानकारी की गई द्य वर्तमान समय में जनपद की गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की जानकारी की गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 4500 गौवंशो का संरक्षण कराया गया है। जनपद की गौशालाओ में लगभग 13000 गौवांश संरक्षित हैं। नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में नस्ल सुधार अभियान चलाया जाए तथा जिन गोवंशों की मृत्यु हो जाती है उनका डेथ ऑडिट कराकर रजिस्टर में दर्ज कराया जाए, साथ ही गोबर से पेंट बनाने के सम्बंध में योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए।

### नोडल अधिकारी ने की पड़ताल

**फर्रुखाबाद।** नोडल अधिकारी ने गौवंश आश्रय स्थल याकूतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय गौशाला में गोवंशों की संख्या 157 बताई गई जिनकी गिनती कराने पर 157 गोवंश पाए गए। उपास्थित पशु चिकित्सा अधिकारी से ईयर टेगिग व टीकाकरण की जानकारी करने पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया की अभियान के दौरान पकड़े गए 3-4 गौवंशो को छोड़कर सभी की ईयर टेकिंग कराई गई है नए गौवंश को छोड़कर समस्त गौवंशों का टीकाकरण करा दिया गया है। गौशाला में चारा,भूसा, पानी इत्यादि की व्यवस्था ठीक पाई गई तथा अभिलेखों की जानकारी करने पर समस्त अभिलेख पाए गए।

## युवाओं को नशे से दूर रहने को चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व सांसद कौशांबी विनोद सोनकर की पहल पर जनपद में पांच दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्त हो अपनी कौशांबी कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को कार्यक्रम के संयोजक पंकज सोनकर ने एक निजी स्कूल भरवारी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर बच्चों को अपने घर परिवार वालों को नशा नहीं करने को प्रेरित करने की शपथ दिलाई।। इस।अवसर पर संयोजक पंकज सोनकर ने कहा कि हमारे देश का भविष्य युवाओं पर टिका होता है अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते ओर चली तो देश के साथ निश्चित ही उनका भविष्य भी अंधकार में चला जाता है नशा आज हमारे समाज के लिए एक बहुत ही गंभीर समस्या बन चुकी है एक बार नशे की लत अगर किसी को लग जाती है तो उसका व्यक्तिगत व सामाजिक जीवन बर्बाद हो जाता है हम सभी को प्रण लेना है कि ना हम नशा करेंगे ना परिवार में किसी को करने देंगे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ जेपी शर्मा डॉक्टर आकांक्षा डॉक्टर स्वप्निल वी स्कूल प्रबंधक संजय उपाध्याय सहित छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे है।

# टीबी के लक्षण दिखने पर शीघ्र करे सम्पर्कः नंदिनी मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्थानीय सीएचसी के अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी के निर्देश पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर भलुही मदारीपट्टी में टीबी जागरूकता समुदाय बैठक आयोजित किया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शाहिद अंसारी ने कहा कि जनभागीदारी से ही टीबी मुक्त पंचायत होगा। जिसमें आप सभी के सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने ने कहा कि टीबी बीमारी को लेकर मन में कोई भ्रम न पालें। यह रोग पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है। जो भी रोगी है वे समय पर दवाओं की खुराक नियमित रूप से लेते रहे। जागरूकता बैठक को सम्बोधित करते हुये सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नंदिनी मिश्रा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के अंदर यदि टीबी के सम्भावित

**टीबी जागरूकता समुदाय बैठक आयोजित**

लक्षण दिखे तो वे शीघ्र सरकारी अस्पताल या अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सम्पर्क करें। उनके बलगम की जांच एवं उपचार निःशुल्क किया जायेगा। साथ ही उपचारित मरीज को प्रतिमाह पांच सौ रुपये निक्षय पोषण योजना के तहत दिया जा रहा है।अतः आप सभी से अपील है कि अपने आस पास जो भी व्यक्ति ऐसा दिखे उसे अवश्य अस्पताल पर भेजे। बैठक की अध्यक्षता एएनएम सुचिन्ता मौर्या ने किया एवं संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने किया। इस दौरान आशा सरिता देवी, गीता देवी, फूलवती, नरगिस, सरोज, शकुंतला, शीला, रेनु, आंगनवाड़ी कार्यकत्री विन्दु देवी, सुनीता देवी, अनीता, उर्मिला, साधना, मुन्नी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## विकास खण्ड किशनी में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** उ.प्र. सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एव सेवायोजन के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड किशनी में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया, मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि किशनी विशाल बाल्मीकि ने द्वीप प्रज्वलन कर किया, उनके द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों से सेवायोजन के उपरान्त दिये जाने वाली सुविधाओं के बारें में विस्तृत जानकारी ली गयी, मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान किये जाने हेतु कम्पनियों से आवाहन किया गया। मेले में 08 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं के साक्षात्कार के माध्यम से 103 चयन किया गया है, मेले में विकास खण्ड के युवाओं ने प्रतिभाग करते हुए लगभग 286 युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया जिसमे 103 युवाओं को विभिन्न कंपनी में सेवायोजित कराया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक रवि भूषण, जिला कौशल प्रबंधक फिरोज खान, अभिषेक चौरसिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार यादव, आईटीआई किशनी का समस्त स्टाफ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित रहे।

## इटावा ने शाहजहांपुर को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से और फर्रुखाबाद ने हरदोई को 9-1 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में राज्य स्तरीय पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ सीडीओ अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में फादर डॉ0 सीजू जॉर्ज प्रधानाचार्य सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मौजूद रहे। दोनों ही अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि श्री अरविंद कुमार मिश्र जी ने अपने उद्घाटन भाषण में खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने तथा खिलाड़ियों की तरह संयम में रहने का संदेश दिया, प्रधानाचार्य सीजू जॉर्ज ने कहा कि हार जीत तो लगी रहती है लेकिन हमको एक आदर्श खेल दिखाकर अपना प्रदर्शन करना चाहिए। उद्घाटन मैच शाहजहांपुर हॉकी व इटावा हॉकी के मध्य खेला गया नियत समय दो-दो गोल की बराबरी पर रहे। मैच का नतीजा पेनल्टी सूट आउट में 3-1 से इटावा के पक्ष में रहा दूसरा मैच फर्रुखाबाद हॉकी और हरदोई हॉकी के बीच में खेला गया जिसमें फर्रुखाबाद हॉकी की टीम ने 9- 1 से विजयश्री प्राप्त की। शुक्रवार को चार मैच खेले जाएंगे इसमें पहला मैच फर्रुखाबाद हॉकी तथा झांसी हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा दूसरा मैच लखनऊ रेलवे तथा सेफई हॉस्टल के बीच खेला जाएगा तीसरा मैच इटावा तथा रामपुर हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा। चौथा मैच एनसीआर रेलवे प्रयागराज तथा बुलंदशहर हॉकी के मध्य खेला जाएगा द्य गुरुवार को मैच के दौरान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे, हॉकी संघ के अध्यक्ष सौरभ राठौर, सचिव अवनींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन उपाध्यक्ष अरविंद जादौन, अफजाल अहमद, सुरेंद्र यादव , हलीम कुरेशी, कलाम आजाद सिद्दीकी, नवाब सिद्दीकी तज्जु भाई आदि मौजूद रहे प्रथम मैच में लेना राजेश जो की एक अंतरराष्ट्रीय अंपायर हैं। नितिन सक्सेना ने अंपायरिंग की दूसरे मैच में कवि यादव लखनऊ और शब्बीर शाहजहांपुर ने सही अंपायरिंग की।

### डीएम व एसपी ने जरूरतमंदो में बांटा कम्बल



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण राय के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जिलाप्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कंबल वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने कंबल वितरण के दौरान कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे जिले में कहीं भी ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो और उनको ठंड से बचने की सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सदैव जनहित में कार्य करती है। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही ने कहा कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी देवरिया के वालंटियर पूरे जिले में घूम-घूम कर ऐसे निर्धन व्यक्तियों को चिन्हित कर रहे हैं जिन्हें कंबल की विशेष आवश्यकता है और फिर तैयारी कर उन्हें कंबल वितरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रास सोसायटी देवरिया के संरक्षक विष्णु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, आजीवन सदस्य अनिल तिवारी, अवध किशोर चौधरी, डॉ संजय गुप्ता साहू, विशाल गुप्ता हिमांशु कुमार तिवारी, मुनिराज शर्मा, संजय पाठक उपस्थित रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्रा (प्रीतम) उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानी पंचतत्व में विलीन



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** लोकतंत्र सेनानी यशपाल केशरी पुत्र स्व0 जगन्नाथ केशरवानी का राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि, थाना कोखराज अंतर्गत कस्बा भरवारी में जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी चायल सौम्य मिश्रा द्वारा अंतिम सलामी दी गई। सांसद विनोद कुमार सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व विधायकगण संजय कुमार गुप्ता, लाल बहादुर व शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी तथा मीडिया प्रभारी उप मुख्यमंत्री भोले शंकर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## किसानों की फसल चट कर रहे मवेशी, छुट्टा मवेशियों ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** इस कड़कड़ाती ठण्ड में जहां लोग गर्म बिस्तर पर आराम से नींद का आनंद ले रहे होते हैं तो वहीं हमारे समाज का एक अहम अंग जिसे हम अन्नदाता के नाम से जानते हैं वह पूरी रात इन छुट्टा मवेशियों से अपनी फसल बचाने के लिए रतजगा पर मजबूर हैं। इसके बावजूद मवेशी इन किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। जिले में छुट्टा मवेशी किसानों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इस भीषण ठण्ड में किसान पूरी पूरी रात जागकर खेतों की रखवाली करने पर विवश हैं। इसके बावजूद मवेशियों के झुंड खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं। जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में लहलहाती फसलों पर बेसहारा मवेशियों के चलते किसानों को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा रहा है। मंझनपुर के किसान मंजर अब्बास, राम सूरत पाल सहित कई किसानों ने अपना दर्द बयान करते हुए कहा कि अगर इन बेसहारा मवेशियों को शासन द्वारा बनवाये गये गौशालाओं में बंद नहीं किया गया तो हमारी मटर, गेहूं, अरहर,आलू और मिर्च आदि की फसलों को कोई भी किसान बचा नहीं पायेगा। वहीं किसानों का कहना है कि इन बेसहारा मवेशियों ने हम किसानों का जीना हराम कर दिया है।

### अन्तर्राष्ट्रीय विश्व हिन्दी दिवस समारोह सम्पन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** विधान भवन, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ0प्र0 के तत्वावधान में हिन्दी समारोह का आयोजन मुख्य भवन, सचिवालय परिसर स्थित संस्थान के कार्यालय कक्ष-119ब में किया गया, जिसमें अध्यक्षता संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ0 उमेश चन्द्र वर्मा ने की, मुख्य अतिथि सन्तोष तिवारी कौशिल रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती अल्का शर्मा एवं ध्रुव चन्द्र मिश्र उपस्थित थे। उक्त अतिथियों के साथ महामंत्री डॉ0 सीमा गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। गोष्ठी का सफल संचालन हरी प्रकाश हरि ने किया। सर्वप्रथम वाणी वन्दना श्रवण कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारों ने कार्यकम की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में राज श्री दुबे, अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी, रामराज भारती, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र विक्रम अस्थाना, पूनम शर्मा पद्मिनी, डॉ चांदनी बाला, तनुजा श्रीवास्तव, अल्का शर्मा, अल्का अस्थाना, मानस मुकुल त्रिपाठी, मीना गौतम, पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव, लीलाधर नायक, डॉ राधा बिष्ट, विपुल मिश्रा, अनुराग सिन्हा, इन्द्रासन सिंह इन्दु, महेश गुप्त महेश, शुकदेव प्रसाद के काव्य पाठ - विचारों से उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनन्द लिया। धन्यवाद ज्ञापन रामराज भारती के द्वारा किया गया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में खुशवू व मोहनी ने प्रथम स्थान पाया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा युवा पखवाडा मेहँदी प्रतियोगिता करके शुभारंभ किया गया। नगर स्तर पर यह प्रतियोगिता का कराई गयी जो नगर के ही एक विद्यालय में सम्पन्न की गयी. इस मेहंदी प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गयी जूनियर वर्ग और सीनियर वर्ग जिसमे सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर मोहिनी कुशवाह दूसरे स्थान पर काजल कुशवाह और तीसरे स्थान पर शौरभी रही जूनियर वर्ग में खुशबू को प्रथम स्थान और सान्या दूसरे और काव्या सिंह तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक के भूमिका शशि अग्रवाल एवं वर्षा प्रजापति ने निभाई।


# कार्यालय ग्राम पंचायत दिलसादपुर, विकास खण्ड बक्सा, जौनपुर

**निविदा सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत छाऊ में स्वच्छ भारत मिशन 2023-24 में चयनित माडल ग्राम में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन ई-रिक्सा/मैनुअल ठेला गाड़ी क्रय करने हेतु निम्न विवरण के अनुसार बैट्री चालित ई-रिक्सा, मैनुअल ठेला गाड़ी आपूर्ति हेतु मोहरबन्द लिफाफा निविदा सूचना दी जानी है। दिनांक 12-01-2024 से 19-01-2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है जो निविदा 20-01-2024 को दोपहर 02.00 बजे के बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। इच्छुक फर्म अपनी निविदा अवधि के अन्तर्गत कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते है। जिसकी छाया प्रति संलग्न है।

**नोट-** नियम एवं शर्तें ग्राम पंचायत दिलसापुर कार्यालय में देख सकते है।

| | |
|---|---|
| Loading Capacity | Upto 500 kg |
| Usage/Application | Garbage Collection |
| No. of batteries required | 4 (Lead Acid)/1(Lithiurn ion) |
| Front Suspension Type | Telescope Hydraulic Shock Absorbers |
| Rear Suspension Typeg | Leaf Springs (5-Left, 5-Right) |
| Country of Origin | Made in india |
| Loading Capacity | Upto 300 kg |
| Usage/Application | Garbage Collection |
| No. of batteries required | 4 (LeadAcid)/1 (Lithium/on) |
| Front Suspension Type | Telescopic Hydraulic Shock Absorbers |
| Rear Suspension Type Country of Origin | Leaf Springs (5-Left, 5 Right) Made in india |

प्रधान
जान्हवी सिंह
ग्राम दिलसादपुर
विकास खण्ड बक्सा, जौनपुर

सचिव
हरीश प्रताप सिंह
ग्राम दिलसादपुर
विकास खण्ड बक्सा, जौनपुर


## किसान पर जानलेवा हमला, गंभीर

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** पिपरी थाना क्षेत्र के फतेहपुर सहावनपुर गांव में एक दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से एक दूसरे पर हमला किया गया। जान लेवा हमले में एक व्यक्ति को गम्भीर चोटें आई।घायला अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गम्भीर हालत में मरीज को प्रयागराज एसआरएन रेफर कर दिया गया। घायल की हालत गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

## जमात ए इस्लामी हिन्द आज देश के लिए बड़ी फिक्रमंद दिखाई दे रहीः वसीम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** जमात ए इस्लामी हिन्द आज देश के लिए बड़ी फिक्रमंद दिखाई दे रही यह वही संगठन है जो कई दशक पहले कांग्रेस के खिलाफ चला गया था। आज इस संगठन के जिम्मेदार जिन्ना की भाषा बोल रहे हैं। जब देश मुश्किल हालात से गुजरा तब इनका कोई अता पता नही था। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने जमात ए इस्लामी हिन्द के उपाध्यक्ष के हाल में दिए गए बयान पर चिंता जताते हुए कहा कि इन्हें देश के हालात की चिंता कबसे होने लगी और वह भी महज बयान बाजी करके। आज जब देश सही राह पर है विश्व मे हमारा डंका बज रहा बाहरी देशों से सम्बंध मजबूत हो रहे। आंतरिक सरकारे बेहतर काम कर रही हैं तब जमात ए इस्लामी के पदाधिकारी चिंता में घुले जा रहे हैं। अगर वास्तव में यह संगठन देश की फिक्र में डूबा हुआ है तो 1977 में कांग्रेस के खिलाफ जाकर जनसंघ का साथ देने के पीछे क्या वजहें थी। इन्हें अपने इतिहास की ओर भी झांक लेना चाहिए, कांग्रेस के विरोध में अकेले रहते समझ मे आ जाता पर खिलाफ जाकर जनसंघ जैसे संगठन से हाथ मिला लेना, यानी असल मे देश के बदतर हालात आज नही 1977 के आस पास थे। उस वक्त का साथ और आज के विरोध में फर्क ही इनके दोहरे चरित्र का प्रमाण दे रहा है। इनकी जड़े तो पाकिस्तान में ही हैं आजादी के पहले भी रास्ता खुला था और आज भी, वहां कुछ कर नही सके यहां इनको देश की चिंता सता रही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के उपाध्यक्ष के बयान से जाहिर हो रहा है कि वह जिन्ना की भाषा बोल रहे जो भारत के विरोध में मानसिक संतुलन खो बैठे थे। न उनका विरोध किसी काम आया और न जमात ए इस्लामी हिन्द की चिंता ही किसी काम की है। हाल में सर्वोच्च सदन में सदस्यों ने विपक्ष में बैठकर जो तस्वीर दिखाई है वह शर्मनाक है। सदन में कुछ भी होने नही दिया जा सकता। जायज मुद्दों पर चर्चा के बजाय बेजा बातों पर हंगामा करना सदन की गरिमा के अनुरूप नही है। जो हुआ सही हुआ, विपक्ष अपनी भूमिका निभाई ठीक है पर इसके बजाए वह अपनी भूमिका ही भूल जाए तो स्थिति गम्भीर हो जाती है।

### दबंग ने पति पत्नी को जमकर पीटा, गम्भीर

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के ग्राम म्योहर में नशे में धुत एक दबंग ने लकड़ी चीर रहे व्यक्ति के साथ मारपीट की पति को बचाने आई पत्नी को भी दबंग ने जमकर मारा पीटा जिससे दम्पत्ति गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच कर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। बुधवार को करारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम म्योहर में शाम करीब 6 बजे सोनू मौर्य घर के सामने लकड़ी चीर था तभी गांव का एक दबंग युवक शराब के नशे में धुत आया और सोनू से उलझ गया। सोनू ने उसे बहुत समझाया लेकिन दबंग मारपीट पर आमादा हो गया। दोनों में कहा सुनी होते होते नौबत हाथा पाई पर आ गई। इस बीच दबंग ने सोनू के गाल पर अपने दांत गड़ा दिये। दर्द के चलते सोनू की चीख निकल गई। घर पर मौजूद पत्नी अनिता देवी बीच बचाव करने पहुंची तो दबंग अनिता से भिड़ गया। अनिता का आरोप है कि दबंग ने इस बीच उसके साथ अश्लीलता की और भद्दी भद्दी गालियां भी दी। मारपीट में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। अनिता देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा और दबंग के खिलाफ लिखा पढ़ी कर जांच शुरू कर दी है।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024



# राजा दशरथ की समाधि स्थल का योगी सरकार ने कराया कायाकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ की समाधि स्थल के गौरव का वर्णन पुराणों में भी उल्लेखित है। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी गई सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूरा बाजार ग्राम पंचायत के उत्तर दिशा में धार्मिक, पौराणिक इतिहास समेटे बिल्वहरि घाट के समीप राजा दशरथ की समाधि स्थली व भव्य मंदिर है। मान्यता यह भी है कि इस समाधि स्थल पर पूजन-अर्चन करने वाले साधकों को शनि की साढ़ेसाती जैसी महादशा के प्रकोप से छुटकारा मिल जाता है। अनेक धार्मिक व पौराणिक प्रतीकों वाले दशरथ समाधि स्थल की पूर्ववर्ती सरकारों ने सुधि नहीं ली, लेकिन जब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तो अयोध्या के साथ ही इस स्थल के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो गया। राम जन्मभूमि से लगभग 15 किमी. दूर इस स्थान का प्रथम चरण में सुदृढ़ीकरण व सौंदर्यीकरण कराया गया है। द्वितीय चरण में भी योगी सरकार यहां विकास के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

अनदेखी से निरंतर जूझती रही राजा दशरथ की समाधि स्थली

जिस रामनगरी में प्रभुश्रीराम से जुड़ी हर एक चीजों का विशिष्ट महत्व होना चाहिए, वहीं उनके पिता चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ की समाधि स्थली अनदेखी से निरंतर जूझती रही, लेकिन योगी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से यहां का जीर्णोद्धार कराया गया। पद्मपुराण में भी दशरथ समाधि स्थल के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जो भी मनुष्य एक बार यहां आकर दर्शन करके दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ व स्मरण करता है उसे शनिजन्य कष्टों से मुक्ति मिलती है। यहां विद्यमान कर्मफल दाता शनिदेव का एक विलक्षण विग्रह भी विद्यमान है। इसके दर्शन मात्र से ही साढ़ेसाती, ढैय्या समेत सभी प्रकार के शनिजन्य कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। यह भी दावा किया जाता है कि एक बार जो यहां आकर शनिदेव के इस अनोखे विग्रह का दर्शन कर राजा दशरथ द्वारा कृत शनि स्तोत्र का स्मरण-पठन करता है उसे जीवनपर्यंत शनि की शुभ दृष्टि व कृपा प्राप्त होती है।

समाधि स्थल के उत्तराधिकारी संदीप दास महराज के मुताबिक यहां चारों भाइयों की चरण पादुका, पिंड वेदी, गुरु वशिष्ठ का चरण चिह्न, प्राचीन ऐतिहासिक अस्त्र-शस्त्र मौजूद हैं, जिसमें आज तक जंग तक नहीं लगी। यहां दशरथ जी, भरत व शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ की प्रतिमा विद्यमान है। उन्होंने बताया कि भरत ने राजा दशरथ के निधन के उपरांत पूछा कि यहां सबसे पवित्र स्थल कौन है, जहां दशरथ जी का दाह संस्कार हो सके, तब गुरु वशिष्ठ के नेतृत्व में इस जगह का चयन किया गया।

# पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा में राममय हुआ ट्रांसपोर्टनगर

## प्राण प्रतिष्ठा पूर्वजों का संघर्ष गौरव वर्तमान पीढ़ी का सौभाग्यः डॉ उपेन्द्र मणि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण हेतु प्राप्त पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा अयोध्या महानगर के ट्रांसपोर्टनगर में रायबरेली बाईपास स्थित शिव मंदिर से मऊ शिवाला शिव मंदिर होते हुए गद्दोपुर राम जानकी मंदिर से पुनः शिव मंदिर तक निकाली गई। शिव मंदिर पर आरोग्य भारती प्रान्त सह मंत्री डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी मातृ मंडल अध्यक्ष पुष्प मालती पांडेय व चित्रगुप्त वार्ड पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव ने विधिवत मंत्रोचार के साथ आरती पूजन के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ कराया। इस अवसर पर डॉ उपेन्द्र मणि ने कहा यह अयोध्या की गरिमा के अनुरूप भगवान को गर्भगृह में विराजमान होते देखने के लिए वर्तमान पीढ़ी को सौभाग्यशाली मानते हुए पूर्वजो के संघर्षो से प्राप्त गौरव की स्थापना है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन पर उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओ में किसी अकस्मात सहायता के लिए की जा रही व्यवस्थाओं में स्वामी विवेकानन्द



जयंती 12 जनवरी पर श्रीराम अस्पताल में श्रीराम के नाम एक बृहद स्वास्थ्य जागरूकता एवं रक्तदान शिविर रग रग में राम से जुड़ने का आह्वान युवाओं से किया। मातृ मंडल ट्रांसपोर्टनगर अध्यक्षा पुष्पमालती पांडेय ने प्राणप्रतिष्ठा के दिन हमारी दिव्य दीपावली मनाने का संकल्प माताओं बहनों को दिलाया ।पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव ने यात्रा का संयोजन कर रहे विजय शंकर, लालजी व अंकित मिश्र के साथ चित्रगुप्त वार्ड की सीमा तक यात्रा का स्वागत अभिनन्दन किया। इसके बाद गुरुनानक एकेडमी , मानस नगर कृष्ण विहार कालोनी, मनीबीर बाबा, अदित्यनगर, प्रशुरामनगर, मिश्राना, मसिनिया, मउ शिवला में व्यापारियों ने गांव की माताओं बुजुर्गों ने जगह जगह पुष्प वर्षा, आरती झांकी नृत्य आदि से स्वागत किया व शोभयात्रियों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की। शासकीय अधिवक्ता प्रान्त सह सद्भाव प्रमुख रामकुमार राय, शैलेन्द्र मिश्र, अटल पैरामेडिकल के निदेशक शिशिर मिश्र, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष विशाल सिंह बाबा, कुटुंब प्रबोधन प्रमुख हरिश्चंद्र शर्मा ने यात्रा में स्वागत पूजन के साथ अक्षत पत्रक व मंदिर का चित्र वितरण किया। मऊ शिवाला से गद्दोपुर लक्ष्मीकांत मिश्र, राजेन्द्र मालवीय, धनजंयदास, दिलीप पांडेय ने सहयोग किया। जगह जगह सैकड़ों की संख्या में महिलाओं बच्चों ने सहभागिता की। रामकुमार राय ने कहा यात्रा का उद्देश्य जन मन और युवाओं के जीवन मे राम और राम के आदर्श आवाहित करना भी है। इस अवसर पर संघ चालक शिव प्रसाद पांडेय, शेष नारायण पांडेय, बद्रीविशाल शुक्ल, जय प्रकाश, अंकित, धीरेन्द्र मणि, सौरभ त्रिपाठी, प्रणव मिश्र, साधना मिश्र, इशांत पांडेय, अंजनी शुक्ल, गौरीशंकर शुक्ल, धर्मेंद्र तिवारी , राजीव पांडेय डब्बू, बृजेन्द्र कुमार तिवारी, अरविंद पाठक, सौरभ पाठक, अवधेश पांडेय, दीपक पांडेय, सचिन आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) द्वारा टाण्डा परियोजना की समीक्षा

**अयोध्या।** एनटीपीसी लिमिटेड, के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्रीएन श्रीनिवास राव ने टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन की समीक्षा की। सरयू भवन अतिथि गृह पहुँचने पर टाण्डा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक बी.सी.पलेइ, ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक प्रचालन अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान भी उपस्थित रहे।अपने संक्षिप्त प्रवास पर श्री राव ने मुख्य महाप्रबंधक पलेई तथा अन्य महाप्रबंधकों के साथ परियोजना के द्वितीय चरण के वैगन ट्रिपलर, कंट्रोल रुम, एफ.जी.डी. एरिया एवं ऐश डाईक एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री राव ने आवासीय परिसर स्थित नवनिर्मित एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास भवन का उद्घाटन किया।

# जिला चिकित्सालय के हेल्प डेक्स मैनेजर व चीफ फार्मासिस्ट में हुई भिड़ंत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या में हेल्प डेस्क मैनेजर राजेंद्र



कुमार तिवारी एवं चीफ फार्मासिस्ट बी एन आर्या में हुई नोक-झोंक प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार की शाम को भारत सरकार के प्रमुख सचिव द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण प्रस्तावित था जिसके चलते जिला चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयां का स्टॉक बोर्ड पर उपलब्ध दवाइयां को चीफ फार्मासिस्ट बी एन आर्य द्वारा अंकित कर दिया गया था परंतु हेल्प डेक्स मैनेजर राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा बिना बताए चीफ फार्मासिस्ट को एक बोर्ड कच्छ संख्या 11 के पास लगा दिया गया जिसको लेकर चीफ फार्मासिस्ट हेल्प डेस्क मैनेजर से बवाल शुरू हो गया यहां तक की मारपीट की नौबत भी आ गई थी बताते चलें कि इससे पूर्व प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किए जाने पर बोर्ड पर दवाइयां अंकित ना पाए जाने के कारण चीफ फार्मासिस्ट बी एन आर्या को प्रमुख सचिव का कोप भाजन होना पड़ा था जिसको लेकर इस बार के निरीक्षण पर चीफ फार्मासिस्ट द्वारा दवाइयां उपलब्ध अंकित कर बोर्ड लगाया गया था यही नहीं अधीक्षक डॉक्टर विपिन कुमार वर्मा द्वारा भी हो रही भिड़ंत में दोनों को समझाने की कोशिश किया परंतु नाकामयाब रहे।

# पुरानी पेंशन की बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन

## केंद्र सरकार व राज्य सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन तत्काल बहाल करेः संजय सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच ( एन0जे0सी0ए ) के तत्वाधान में 4 दिवसीय भूख हड़ताल के अंतिम दिन, केंद्र ,राज्य कर्मचारी एवं शिक्षकों का क्रमिक भूख भी जारी। 8 जनवरी 2024 से शुरू चौथे दिन की भूख हड़ताल का नेतृत्व कामरेड अंजुम मुख्तार खान शाखा अध्यक्ष एनआरएमयू एवं हीरालाल शाखा मंत्री कर्मचारी नेता द्वय ने किया। उपस्थित सभी संगठन के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अरविंद कुमार सिंह जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार जो तानाशाही रवैया अपनाए है वो जनहित में नही है सरकार केंद्र और राज्य सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन तत्काल बहाल करे



और अपने वादे के अनुसार सभी विभागों में जल्द से जल्द कर्मचारियों की भर्ती करे जिससे बेरोजगार युवकों को रोजगार मिल सके।

राम प्रकाश सिंह जिला मंत्री ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की वर्ष 2024 में कर्मचारियों को सरकार से पुरानी पेंशन मूल रूप में चाहिए बिना किसी संशोधन के।वीबी सिंह, राजकुमार प्रिंस, रमाकांत यादव, नीरज श्रीवास्तव ,संजीव कन्नौजिया, एपी मौर्य, अंबिका, अर्चना साहू,प्रभावती,अमित यादव, कमला प्रसाद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला मंत्री उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ, डेनियल भारती जिला मंत्री राजस्व संग्रह अमीन संघ, जय नारायण तिवारी, सूर्यवीर यादव मुरलीधर यादव, राम सुरेश शर्मा,राजेन्द्र सिंह, सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, मोहम्मद नसीम खान जिला अध्यक्ष ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, अवधेश यादव ,अशोक वर्मा, जिलाजीत वर्मा, देवेन्द्र गुप्ता, अखण्ड गौतम, फूलचंद सरोज, शिवशंकर, अमिताभ सिंह, राजकुमार, आशुतोष, जय गोविंद वर्मा, जय सिंह यादव, सौरभ सिंह, शशिकला यादव, अभय दुबे जिला मंत्री स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ,निवेदिता यादव, अनिल दूबे जिलाध्यक्ष ग्राम विभाग अघिकारी संघ, अर्चना शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दूबे, उदयभान सिंह, अजीत, विष्णु मिश्रा आदि उपस्थित रहे। भूख हड़ताल के अंतिम दिन उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं शिक्षकों को महत्वपूर्ण योगदान देने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हिंदी भारत की आत्मा है उसको उपेक्षित नहीं जा सकता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मातृभाषा हिंदी भारत के सिर का मुकुट है इसके बिना भारत देश की परिकल्पना नही की जा सकती,देश तब तक अधूरा है जब तक हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं बनती, उक्त उद्गार आज यहां विश्व विराट विजय राघव मंदिर नया घाट अयोध्या में हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में हिंदी विषय पर आयोजित परिचर्चा में साहित्य प्रेमियों को अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संबोधित करते हुए सिद्ध बाबा महंत नरसिंह दास महाराज ने व्यक्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री राम जन्मभूमि के मुख्य अर्चकआचार्य सत्येंद्र दास महाराज ने कहा कि सरकार जहां इतने जटिल मुद्दे धारा 370, तीन तलाक़ व श्री रामजन्म भूमि जैसी समस्याओं का निदान कर रही है तो उसको हिंदी को भी शीघ्र राष्ट्रभाषा घोषित कर देना चाहिए।विशिष्ट अ तिथि दशरथ गद्दी के यशस्वी महंत बृजमोहन दास महाराज ने कहा कि हिंदी को बिना पूर्ण आत्मसात किए देश की संस्कृति और सभ्यता सुरक्षित नहीं रह सकती। विशिष्ट अतिथि वेद भाष्यकार डा0देवी सहाय दीप ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है उसको उपेक्षित नहीं जा सकता। मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य रघुनाथ शास्त्री ने कहा कि हिंदी जनमन की भाषा है जो सबके हृदय में बसी हुई है। उक्त अवसर पर आयोजित काव्योत्सव में आशु कवि अशोक टाटमबरी, रामानंद सागर, ब्रह्मदेव मधुकर, सुनीता पाठक, सुनीलजी, प्रियंका पाण्डेय, संत गोविंद सोनी, डा0 दुर्गेश निर्भीक, चंद्रगत भारती, डा0 सोनी शर्मा,गीता मिश्रा, अंजू सिंह रघुवंशी, योगेश शास्त्री, मुजम्मिल फिदा हुसैन, बौद्ध राम दुलारे यादव,आचार्य संतोष अवस्थी, डा0 केशव प्रसाद पाण्डेय,आदि कवियों ने हिंदी के संवर्धन में समा बांधा।

# कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से अब गांव में मिलेगी सीएससी की भी सुविधा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से अब गांव में सीएससी की सुविधा का लाभ भी आम जनमानस को दिया जाएगा। अभी तक कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से खाद वितरण, लोन आदि का कार्य किया जा रहा था लेकिन अब सहकारिता मंत्रालय और सीएससी के साझा सहयोग से गांव के लोगों को समितियां के माध्यम से सीएससी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए आज विकास भवन सभागार में जनपद के सभी 94 समिति के सचिवों को प्रोजेक्टर के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई। इस बैठक में कोऑपरेटिव बैंक के डीजीएम संजय कुमार वर्मा, एडीसीओ शैलेंद्र कुमार, प्रीति त्रिपाठी, पंकज बनारवाल, व विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी अभी तक गाव और शहरों में लोगो को अपनी सुविधा दे रहे थे इसी क्रम में अब कोऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से भी आम जन लोगो को सीएससी की सुविधा भी आसानी से मिलेगी जिसके लिये जिले के चयनित सभी 94 कोऑपरेटिव सोसाइटी के सचिवों को ट्रेनिंग प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया जा रहा है डिजिटल सेवा पोर्टल के माध्यम से बिजली बिल मोबाइल रिचार्ज टीवी रिचार्ज बस ट्रेन और प्लेन बुकिंग किसान सम्मान निधि पैन कार्ड पासपोर्ट बीमा किस्त पेंशन सेवा के अंतर्गत श्रम योगी मानधन किसान मानधन नेशनल पेंशन योजना व्यापारी मानधन योजना गाडियों के लिये फ़ास्ट टैग की सेवा शिक्षा से जुडी सेवा बैंकिंग बीमा आई टी आर रिटर्न व अन्य सेवा अब समितियो से आम लोगो के लिये शुरू कर दी गयी है। जिला प्रबंधक रवि वर्मा ने बताया कि जिले के सभी कोऑपरेटिव सोसाइटी के सचिव को सीएससी सर्विस में कैसे कार्य करना है उसकी लाइव ट्रेनिंग दे दी गयी है।

### 20 हजार पुरस्कार घोषित शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। वहीं जैदपुर पुलिस ने 6 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना देवा से सम्बन्धित वांछित 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त रहीम पुत्र सत्तार निवासी चुनका थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत असैनी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट में वांछित था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कार घोषित किया गया था। इसी तरह थाना जैदपुर पुलिस द्वारा संगठित गिरोह बनाकर जनपद स्तर पर सक्रिय नकबजनी करने जैसे आपराधिक कृत्य से आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ कमाने वाले गिरोह सरगना, अभियुक्त हंसराज उर्फ हंसा चौहान पुत्र बृजेन्द्र चौहान निवासी टण्डनपुरवा मजरे टेरा थाना जैदपुर व सक्रिय सदस्य अभियुक्त, बेचने चौहान पुत्र स्व0 बीरे चौहान रामकुमार पुत्र स्व0 छेदीलाल लोनिया राजकुमार पुत्र स्व0 बीरे लोनिया निवासी एली मांझा थाना उमरी बेगमगंज जनपद गोण्डा प्रमोद कुमार पुत्र सुरेन्द्र नाथ चौहान मनोज कुमार पुत्र सुरेन्द्र नाथ चौहान निवासीगण पहाड़ीपुर थाना जैदपुर के विरुद्ध जिलाधिकारी को गैंग चार्ट प्रेषित किया गया था।

### जन जन के प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं ब्लड मैन आकाश गुप्त

**अयोध्या।** जिले में ब्लड मैन के रूप में चर्चित अयोध्या जिले में ही नही बल्कि देश के हर उन युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बन चुके है जो रक्तदान कर मरीजों की जान बचाने का जज्बा रखते है। इन्होंने समूचे देश में रक्त संबध स्थपित करने की मुहिम छेड़ रखी है और देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रक्तदान करने का अनोखा संकल्प लिया है। आगामी 18 जनवरी को इन्होंने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में अपना 47 वा ब्लड डोनेट करेगें । इसके पूर्व इन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड राज्यों में भी रक्तदान किया है। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए करीब दस राज्यों में सम्मानित भी हो चुके है।

देश भर के युवाओं के यूथ आइकन बन चुके आकाश गुप्त ने बताया कि लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना व उन्हे ब्लड मुहैया कराना ही मेरे जीवन का उद्देश है ।

# केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ किया संवाद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड हरख के ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर में व विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत खेमीपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का सांसद ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सरल व प्रभावी माध्यम है।

विकसित भारत का निर्माण और अंत्योदय का मोदी जी का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से साकार हो रहा है और यह देश के जन-जन में ÷मोदी की गारंटी÷ का प्रत्यक्ष प्रमाण बन कर उभर रही है। इस अवसर पर विधानसभा विस्तारक जानकी प्रसाद तिवारी, पूर्व प्रमुख सुनील सिंह, प्रवेश



सिंह, सुशील जायसवाल, प्रह्लाद शरण जायसवाल, नीरज वर्मा,दशरथ चौहान, रमेश चद्र वर्मा, भुवनेश्वर, जितेन्द्र वर्मा, चट्टान सिंह, राजेन्द्र वर्मा, गुड्डू सिंह चौहान, रामानंद सिंह, सुचिता सिंह, बाबु खान, प्रदीप बाजपेयी, अतुल रावत, गुड्डू सिंह, दुर्गा बक्श सिंह, अरविन्द सिंह, राकेश रावत, अनिल सिंह, ज्ञान सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विकास योजनाओं में जनपद को मिला पहला स्थान

**महाराजगंज।** जनपद को विभिन्न विकास और निर्माण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु सीएम डैशबोर्ड द्वारा जारी रैंकिंग में पूरे जनपद में सातवां और मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार में जनपद में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रतिदिन समीक्षा स्वयं मेरे द्वारा की जाती थी। जिन योजनाओं में जनपद को श्रेणी 'ए' से नीचे की ग्रेडिंग प्राप्त हुई थी, उनकी विशेष समीक्षा करते हुए, जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही भी की गई। इस संदर्भ में विभिन्न विभागों हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनके द्वारा भी लगातार समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती रही। इन सब समग्र प्रयासों का परिणाम है कि जनपद ने कई अग्रणी जिलों को पीछे छोड़ते हुए प्रदेश में सातवां और मंडल में पहला स्थान प्राप्त किया।

जिलाधिकारी ने जनपद द्वारा सीएम डैशबोर्ड द्वारा जारी सूची में सराहनीय प्रदर्शन के लिए मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उक्त रैंकिंग से संतुष्ट होने के बजाय और बेहतर करने का प्रयास करेगा।

### सऊदी भेजने के पैसे लिए भेज दिया दुबई, ठगी का शिकार हो वापस लौटे चार लोग

**रामनगर बाराबंकी।** सऊदी अरब भेजने के नाम पर भोले भाले 4 लोगों से 4 लाख 40 हजार रुपए ठग लिए और बहाने से दुबई भेज दिया। वहां काम मिला न सऊदी का वीजा, किसी तरह अपने वतन लौट कर ठगों से रुपया वापस मांगे तो आनाकानी की जा रही। पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र पुत्र रामलाल, उदित कुमार पुत्र गया प्रसाद, सोहन पुत्र छोटेलाल व कीढ़ी पुत्र ननकू निवासी ग्राम सिंगहा थाना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला ने बताया कि सऊदी अरब मजदूरी करने के लिए मो0 अंसार पुत्र शमसाद अहमद निवासी मोहल्ला रानी-एक थाना कोतवाली रामनगर व इसके चचेरे भाई मुमताज अहमद ने कहा कि तुम सभी को सऊदी अरब आजाद बीजा से भेज देंगे। दोनों ने सऊदी अरब भेजने के लिए एक लाख दस हजार प्रत्येक से लिया, कहा कि हम बीजा की व्यवस्था करवा रहे है। इसके उपरान्त सऊदी अरब जाने हेतु चिकित्सकीय परीक्षण लखनऊ में हुआ, चिकित्सकीय परीक्षण का काफी समय व्यतीत होने के उपरान्त जब अंसार से मिले तो कहा कि तुम सभी अब दुबई चले जाओ, एक महीने के अन्दर बीजा लगवा देगे। एक अक्टूबर 2023 को वह सभी दुबई पहुँच गये। दुबई पहुंचने के दो-तीन दिन बाद से अंसार आदि का मोबाईल बंद हो गया। दुबई में किसी तरह का कोई मजदूरी का काम व बीजा नहीं मिला, तब वहां से अपने वतन किसी तरह से वापस लौट आये। वापस आकर अंसार आदि से सम्पर्क साधा, और अपना पैसा वापस मांगा तो इन लोगों ने रूपये वापस करने से इन्कार कर दिया और अभद्रता की।

# बसपा सुप्रीमो का जन्मदिन धूम धाम से मनाने की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद कार्यालय पर बसपा नेताओं ने गुरुवार को एक बैठक की। जिसमें बसपा सुप्रीमो




बहन मायावती के जन्मदिन को लोककल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने के लिऐ चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेंद्र राव ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन 15 जनवरी को जिला स्तर पर बड़े ही धूमधाम से जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसके लिए सभी विधानसभा कमेटी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर लाल पांडे जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन शर्मा, जिला महासचिव तबारक हुसैन, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गौतम, प्रकाश राव, सुनील कुमार गौतम, बालमुकुंद राजभर, राजमणि राव, मानवेंद्र निषाद, रामनिवास, वीरेंद्र कुमार, मनोज पासवान, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### घनी आबादी में मोबाइल टावर लगाने का लोगों ने किया विरोध

**अयोध्या।** कोतवाली नगर के अंतर्गत अश्विनीपुरम कॉलोनी जसी वजीरगंज मोहल्ला आवासित है कॉलोनी वासियों द्वारा जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कालोनी के भवन संख्या-भवन स्वामी शैलेन्द्र द्वारा बिना किसी विभागीय अनुमति एवं मोहल्ले के निवासियों से राय लिये ही वे अपने छत पर मोबाइल टॉवर लगवा रहे हैं।उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि मोबाइल टॉवर से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक किरणें कैंसर का कारण बनती है। मोबाइल टावर लगने से टावर के सिग्नल से बच्चों मरीजों एवं वृद्धों तथा पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य व जीवन के लिए हानिकारक है, इस बाबत माननीय उच्च न्यायालय द्वारा तमाम विधि व्यवस्थाएं प्रतिपादित किये गये हैं कि आवासीय परिसर जहां पर बच्चों व मरीजों का लगातार आवागमन व रहन-सहन रहता है वहां पर मोबाइल टावर कतई स्थापित नहीं किया जा सकता है।

# अयोध्या हाइवे पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, नही दिखेंगे ई रिक्शाः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आगामी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अयोध्या में आयोजित आगामी श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत लोक सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की गोष्ठी की गई। गोष्ठी में ऐसे कॉलेज, स्कूल, संस्थान जिनके मार्ग सीधे अयोध्या राजमार्ग से जुड़ते हैं, जैसे सागर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट व जयपुरिया कॉलेज के प्रबन्धन से समन्वय कर रम्बल स्ट्रिप्स बनवाया जाना सुनिश्चित करें जिससे विद्यार्थी सीधे सड़क पर न आएं। जिलाधिकारी के स्तर से अयोध्या राजमार्ग, बाराबंकी बहराइच मार्ग, किसान पथ के किनारे सर्विस




लेन, सड़को की मरम्मत करने, तथा जिन मार्गों पर आगामी 22 जनवरी के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन चिन्हित है उनके सुदृढ़ीकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। बाराबंकी-अयोध्या मार्ग के प्रमुख चौराहों, तिराहों आदि तथा डायवर्ज मार्गों पर दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र को चिन्हित कर उपयोगी एवं सार्थक यातायात साइन (दिशा सूचक सफेद पट्टी/कैट आई लाइट, रेडियम पट्टी) लगाने, राजमार्ग पर पड़ने वाले होटल, ढ़ाबों पर शत प्रतिशत सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा ई-रिक्शा किसी भी दशा में हाइवे पर न चलने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी में सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सड़क परिवहन निगम, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, एनएचआई, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व यातायात प्रभारी अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोना/चांदी के साथ 15 कुंटल का तिजोरी भी चोरों ने उड़ायी

अवधनामा संवाददाता






भीषण गलन भरी ठंडक का सहारा ले कर चोर फरार हो गये

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** इंडो नेपाल बार्डर पर स्थित महला चौराहे के पूरब सड़क के दक्षिण चौराहा से पचास मीटर महला -पकड़िहवा मार्ग पर स्थित आम के बाग में हरिशंकर एंड संजय ज्वैलर्स की दुकान में विगत बुधवार की रात चोरों ने सोने चांदी के दुकान की चैनल व शटर तोड़कर भीषण चोरी।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महला चौराहे की पूरब सड़क के दक्षिण चौराहा से पचास मीटर महला -पकड़िहवा मार्ग पर स्थित आम के बाग में हरिशंकर एंड संजय ज्वैलर्स की दुकान में विगत बुधवार की रात चोरों ने सोने चांदी के दुकान की चैनल व शटर तोड़कर चोरी कर पुलिस को दिया चुनौती। इस भीषण गलन भरी ठंडक का सहारा ले कर चोर फरार हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार महला गांव के निवासी हरिशंकर वर्मा व संजय वर्मा पिता केशव वर्मा रोज की तरह बुधवार की शाम लगभग 6 बजे दुकान बंदकर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब दोनों भाई घर से दुकान खोलने आये।तो देखा कि दुकान का मुख्य चैनल का ताला टूटा हुआ है। चैनल खोलकर बरामदे में गये तो बरामदा में लगे शटर का ताला टूटा हुआ है और दुकान के अन्दर सारा सामान बिखरा पड़ा है। हरिशंकर व संजय वर्मा ने बताया कि चोरी की घटना सूचना मुकामी पुलिस चौकी खुनुवा को दिया। जिसपर मौके पर चौकी इंचार्ज खुनुवा महेश कुमार शर्मा व थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ राजकुमार पांडेय मय फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन की। दुकान के अन्दर रखी एक लाख पच्चीस हजार रुपये कीमत की 15 कुंतल वजनी तिजोरी भी गायब है। तिजोरी में रखी 08 किलोग्राम नयी चांदी, एक किलोग्राम पुरानी चांदी सहित तिजोरी चोर उठा ले गए। इतना ही नहीं चोर सीसीटीवी का कैमरा जो दुकान के सामने लगा था उसके मुँह को ऊपर की ओर उठा दिए तब घटना को अंजाम दिए। चोर सीसीटीवी का मोनिटर उठा ले गए और उसका डीवीआर छोड़ दिए हैं।मुख्य चैनल का टूटा हुआ ताला दुकान के पश्चिम आम के पेड़ की जड़ के पास पड़ा मिला। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि कि दुकानदार संजय वर्मा ने चोरी के बाबत तहरीर दी है। घटना की जांच फोरेंसिक टीम व एसओजी की टीम कर रही है। जल्द ही घटना का फर्दाफाश किया जाएगा।चोरी की घटना की जानकारी होने पर एडिशनल एसपी सिद्धार्थ कुमार मौके पर पहुंच कर घटनास्थल की जांच पड़ताल किये और कहे कि जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त मे होगे।

# मनुष्य के लिए आदर्श है, भगवान राम का चरित्रः सुभाष

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भगवान राम ने कभी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं किया इसलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। मनुष्य के लिए भगवान राम का चरित्र आदर्श है। राम एक आदर्श शिष्य थे, इसलिए उन्होंने थोड़े ही समय में शिक्षा प्राप्त कर ली थी। गुरु गृह गए पढ़न रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। उक्त बातें क्रीड़ा भारती द्वारा गुरुवार को आयोजित रन फार राम कार्यक्रम को

**रन फार राम का आयोजन**

संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के प्रांत प्रचारक सुभाष ने कही। उन्होंने कहा भगवान राम ने हमेशा अपने माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन किया वह पिता की आज्ञा का पालन के कारण ही वन गए और वह वहीं से मर्यादा पुरुषोत्तम बन गए। उनके कई ऐसे आदर्श चरित्र है जिनको अपनाने से कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके पूर्व विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने बीएसए ग्राउंड से रन फार राम कार्यक्रम के तहत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जय, भारत माता की जय के उद्घोष के साथ जिला खेल स्टेडियम पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह नगर संघचालक श्री मुरलीधर अग्रहरि ने की। अतिथियों का परिचय कीड़ा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अरुण कुमार प्रजापति ने कराया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के प्रांत सह मंत्री अरुण त्रिपाठी किया। उक्त अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिला प्रभारी बृजेश पांडेय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह, सह जिला कार्यवाह अविनाश जायसवाल, जिला प्रचारक वीरेंद्र, अजीत, डॉ शक्ति जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, शंभूनाथ गुप्ता, मनोज शर्मा, सह जिला प्रचार प्रमुख योगेश कुमार श्रीवास्तव सौरभ त्रिपाठी, धनन्जय रस्तोगी, नगर प्रचारक गगन, सुधाकर नाथ त्रिपाठी, नीतीश पांडेय विनायकांत मिश्रा, सुरेश रैना, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा, प्रधानाचार्या अंजू चौहान, प्रधानाचार्या अंकिता त्रिपाठी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एन श्रीनिवास राव ने टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन की समीक्षा की



अवधनामा संवाददाता

**टाण्डा।** एनटीपीसी लिमिटेड, के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री एन श्रीनिवास राव ने टाण्डा सुपर थर्मल पावर स्टेशन की समीक्षा की। सरयू भवन अतिथि गृह पहुँचने पर टाण्डा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.सी.पलेइ, ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री अभय मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री रजनीश कुमार खेतान भी उपस्थित रहे। अपने संक्षिप्त प्रवास पर श्री राव ने मुख्य महाप्रबंधक श्री पलेई तथा अन्य महाप्रबंधकों के साथ परियोजना के द्वितीय चरण के वैगन ट्रिपलर, कंट्रोल रुम, एफ.जी.डी. एरिया एवं ऐश डाईक एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री राव ने आवासीय परिसर स्थित नवनिर्मित एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही परियोजना के प्रशासनिक भवन सम्मेलन कक्ष में विभिन्न एजेंसियों, यूनियन, एसोसिएशन एवं एस.एम.सी. सदस्यों के साथ बैठक करके यहाँ के कार्यो की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। प्रस्थान से पूर्व, कार्यकारी निदेशक (उत्तर) श्री राव ने मुख्य महाप्रबंधक श्री पलेइ के साथ परियोजना के अतिथि गृह प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया।

## ठंड के कहर से गरीबों की निकल रही जान, ज़िम्मेदार अनजान

### अलाव के लिए डाली जा रही गीली लकड़ी

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय के अकबरपुर नगर पालिका में इस भीषण ठंड में अलाव के नाम पर लाखों रुपए का टेंडर होने के पश्चात खेला जा रहा खेल। सर्दी शुरू होती ही नगर पालिका प्रशासन की तरफ से जरुरतमंदों की ठिठुरन दूर करने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है। लेकिन अलाव की व्यवस्था कुछ दिनों तक ही जरुरतमंदों के लिए हितकारी रही। बीते तीन दिनों से धूप न निकलने की वजह से कड़ाकेदार ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव की तरफ रुख करते हैं लेकिन उनको सुलगती हुई लकड़ियों से ही ठंड दूर करने की कोशिश करनी पड़ती है।कारण स्पष्ट है इस भीषण ठंड में अलाव के लिए आने वाली लड़की हरी और गीली होती है। नगर पालिका के कर्मचारी गीली लकड़ी लगाकर उसमें डीजल डालकर आग लगाते है और जलती हुई आग का फोटो खींचने के बाद रफूचक्कर हो जाते हैं। लोगो का कहना है कि कुछ ही देर बाद आग बुझ जाती है जिससे लोग कूड़ा करकट, प्लास्टिक आदि डालकर आग जलाने की कोशिश करते हैं परंतु लकड़ियां गीली होने के कारण सुलगती रहती है। नगर पंचायत प्रशासन इस कडाकडाती ठंड में लगातार लापरवाही बरत रहा है, अलाव जलाने के नाम पर सिर्फ कागजी कोरम पूरा कर रहा है। लाखों रुपए का टेंडर होने के पश्चात भी नगर पालिका अकबरपुर मैं खेला जा रहा बहुत बड़ा खेल।

## गांव हरैया में निर्माणाधीन नाले का निर्माण कार्य रुकने से घर के बाहर गंदा पसरा पानी

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा ब्लाक के ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर के राजस्व गांव हरैया में निर्माणाधीन नाले का निर्माण कार्य रुकने से घर के बाहर गंदा पानी पसरा है। जिससे दर्जनो घरो के लोगों को मुश्किलो का सामना करना पड रहा है। गांव के सुरेंद्र, सुखराम, रुदल, रंजीत, रामकेश, रोहित व रविंद्र कुमार सहित तमाम लोगों ने बताया कि घरो का पानी निकलने के लिए रास्ते के बीच से नाली बनी थी और गांव के उत्तर ढाई विस्ता घूर गड्ढा की जमीन मे पहले पानी गिरता था। लेकिन रास्ता पिंच होने से नाला जगह-जगह टूट गया और जल निकासी बंद हो गई। जिससे गांव के लोगों के घर के सामने गंदा पानी फैल गया। ग्रामीणों के अनुरोध पर ग्राम प्रधान सड़क के किनारे ह्यूम पाइप डाल कर नाले का निर्माण कार्य एक सप्ताह पूर्व शुरू कराए लेकिन गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया और काहे की नल का पानी खेत में नहीं जाएगा। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि तीस वर्ष से नाले का पानी उसी घूर गड्ढे की जमीन में जा रही है। इसके बाद जबरन लोग निर्माण कार्य रुकवा दिए। गांव के लोगों ने तहसील दिवस में भी इसकी शिकायत की है इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में ग्राम प्रधान भारत यादव ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या देख निर्माण कार्य तो शुरू कराया लेकिन गांव के कुछ लोगों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। प्रशासन जब समस्या का हल निकलेगा तब निर्माण कर फिर शुरू होगा।

## प्रधानाचार्य सुरेशलाल हुए सम्मानित

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जिले के शिवपुर, गयासपुर के मूल निवासी तथा राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव को ज्ञान उदय फॉउंडेशन, कोटा, राजस्थान (नीति आयोग द्वारा पंजीकृत) के द्वारा नव वर्ष(2024) पर उसके निदेशक नागेश द्वारा आयोजित एक समारोह में बतौर एक कवि, लेखक, साहित्यकार व स्तम्भकार अर्थ में उनकी उपलब्धियों के लिए इंटरनेशनल अचीवर्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।इतना ही नहीं आपको वर्ल्ड 7 वंडर्स रेडिएंट टेलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से उसके फॉउंडर व चीफ एडिटर क्रांती कुमार महाजन तथा नेशनल जूरी मेम्बर सेंसई आशीष श्रीवास द्वारा भी इन्हें इनकी उपलब्धियों के लिए नेशनल टेलेंट बुक ऑफ रिकॉर्ड्स का सम्मान प्रदान किया गया। जैसा कि विगत दो वर्षो के बीच सुरेश लाल श्रीवास्तव की 150 से अधिक साझा संग्रह में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। माँ, मानवता, सामाजिक व पारिवारिक मूल्य, जीवन मूल्य, मानव अधिकार, महान भारत विभूतियों तथा आज़ादी का अमृत महोत्सव पर काव्य सृजन एवं लेख लिखने वाले सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा इन दो वर्षो में 100 से अधिक ऑन लाइन काव्य गोष्ठियों में स्वरचित काव्य पाठ करने के सन्दर्भ में सम्मान पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

## ताला तोड़ लाखों रुपए के जेवरात व नगदी चोरी

**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** लालगंज थाना क्षेत्र के बगही गांव में घर का मुख्य दरवाजा का ताला तोड़ लाखों रुपए के जेवरात व नगदी साहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। परिजनो ने डायल 112 पर चोरी की घटना की सूचना दी और चौकी इंचार्ज जांच में जुट गए। बुधवार की रात गांव के हृदय राम चौधरी के घर को चोरो ने निशाना बना। पत्नी शोभा देवी ने बताया कि मेरे पति गन्ना तौल कराने मुंडेरवा चीनी मिल पर गए थे। घर पर मै अकेली थी। घर के दरवाजे में ताला बंद कर जानवरों के पास घारी में सो रही थी। इसका फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए और बडे बाक्स की कुंडी छटका कर उसमे रखा सोने के दो चैन, एक सोने की झुमकी, सोने का एक झाला, पावजेब, गेंहू, चावल, फूल के बर्तन, कुछ कपड़े और दस हजार नगद लेकर फरार हो गए। सुबह जब चार बजे सो कर उठी तो दरवाजे का ताला टूटा देख शोभा देवी शोर मचाकर रोने लगी। अंदर कमरे में जाकर देखा तो सामान सब बिखरा पड़ा था। पडोस के लोग पहुंचे और घर के पीछे खेत मे ढुढने गए तो गन्ने के खेत में कुछ सामान पड़ा था। परिजनों ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी। चौकी इंचार्ज कुदरहा सुदीप यादव ने बताया कि चोरी की घटना हुई है। तहरीर नहीं मिला है।

## सीताराम के झांकी सहित निकाली गई शोभायात्रा

**दुबौलिया अवधनामा संवाददाता।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर पूजित



अक्षत, चित्र एवं पत्रक वितरण समारोह के निमित्त भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ एडी एकेडमी स्कूल परिसर से राम जानकी मार्ग होते हुए धरमूपुर, दुबौलिया बाजार रामजानकी मार्ग होकर खुशहालगंज राम लीला मैदान मे पंहुचा। जगह जगह लोगो ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की एंव झांकी की आरती उतारी। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा। इस मौके पर श्वेतांक शेखर सिंह, घनश्याम पाण्डेय, हरिओम पाण्डेय, राजेंद्र राजभर, भगवान बक्स सिंह, अजय नरायण, विवेक सिंह सोनू, राजकुमार, हरेन्द्र सिंह, अवधेश अग्रहरी आदि मौजूद रहे।

## नमामि गंगे व ग्रामीण जल आपूर्ति ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वाधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विकासखंड बांसी में संस्था मेंसर्श फाल्कन लखनऊ के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें एलईडी वैन होर्डिंग बैनर ग्राफिटी आदि के माध्यम से ग्राम पंचायत में जन जागरूकता फैलाई जाएगी ग्राम पंचायत में एलईडी वैन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता पर आधारित फिल्म दिखाकर लोगों को पेयजल स्वच्छता के बारे में अवगत कराया जाएगा कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी बांसी लालजी शुक्ला सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय राय एडीओ आईएसबी किरन सरोज एवं जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक तौक़ीर आज़म सहायक गोविंद सिंह तरुण त्रिपाठी अनिल निषाद विजय पाल निखिल यादव समस्त ग्राम पंचायत से आए ग्राम प्रधान पंचायत सहायक ग्राम पंचायत अधिकारी एवं मीडिया से पत्रकार बंधु कार्यक्रम मैं उपस्थित रहे खंड विकास अधिकारी ने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाएंगे और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे कार्यक्रम के पश्चात खंड विकास अधिकारी महोदय ने अपनी शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर टीमों को ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** कोतवाली टाण्डा पुलिस ने ग्रामों में नियुक्त चौकीदारों की मीटिंग कर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए आगामी 14 जनवरी से बड़े वाहन व 18 जनवरी से किसी को भी अयोध्या की तरफ न जाने के लिए ग्रामों में प्रचार प्रसार करने की हिदायत दिया।

कोतवाली में मीटिंग के दौरान टाण्डा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने चौकीदारों से उनके क्षेत्रों का फीड बैक लिया और उन्हें अपराधियों व अराजक तत्त्वों के सम्बंध में सूचना एकत्र कर जानकारी देने की जिम्मेदारी दी और कहा कि आप लोग क्षेत्र में जनमानस को यह बताए कि अयोध्या 22 जनवरी तक कोई कूच न करे 14 जनवरी से बड़े वाहन व 18 जनवरी से सभी वाहन व पैदल भी अयोध्या नही जा सकेंगे। ऐसा अयोध्या में भीड़ भाड़ को रोकने व देश विदेश से आ रहे मेहमानों व प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए लिया गया है।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में बस्ती ने किया बसडिलिया को पराजित



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बसडिलिया में मंडल स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को फाइनल मुकाबले में व्यायामशाला बस्ती ने फारूकी क्लब बसडिलिया को पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ रफी मेमोरियल के प्रधानाचार्य अहमद फरीद अब्बासी ने कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया। पहले मुकाबले में जमदा शाही ने मगहर को पराजित किया। इसके बाद अमर डोबा ने मगहर को दूसरे राउंड में पराजित किया। अन्य मुकाबले में जामदा शाही व अमर डोभा के बीच मैच खेला गया जिसमें अमर डोभा ने जीत दर्ज की। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले में बस्ती ने अमर डोभा को पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल में बसडिलिया ने महुआ को पराजित किया। अंत में फाइनल मुकाबले में व्यायाम शाला बस्ती ने बसडिलिया को पराजित किया। टूर्नामेंट समापन अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जहीर फारूकी व रमा टेक्निकल डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर शमशेर आलम ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुजाहिद हुसैन, अब्दुल माबूद, असगर फारूकी, सोहेल फारूकी, मौलाना खालिद मदनी, अब्दुल आखिर, बिलाल अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में गुरुवार को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य रूप से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष बच्चे, बूढ़े, युवा शामिल रहे जिसे लेकर राम भक्तो में भारी उत्साह देखा गया लोग प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाते और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते हुए नगर भ्रमण किए।

22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई है। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी शामिल रहे और प्रभु श्रीराम के भक्ति गीतों पर झूमते रहे। शोभा यात्रा सहित समूचा नगर प्रभु श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा और प्रभु श्रीराम के गगनभेदी नारों से को सुनकर लोग मंत्रमुग्ध गए। शोभा यात्रा नगर के राम जानकी मन्दिर से शुरू होकर रामलीला मैदान, गोला बाजार से होकर आजाद नगर डिहवा रोड से होते हुए रेलवे क्रासिंग क्रास करके समय माता स्थान पचपेड़वा रोड से पुनः यहा से वापस मुडिला मिल कालोनी से रेलवे क्रासिंग कास करते हुए रामलीला मैदान मे जाकर यात्रा सम्पूर्ण हुई। उक्त कार्यक्रम में भारी संख्या में रामभक्तो द्वारा प्रभु श्रीराम का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया, भक्ति गीतों और मधुर भजनों की धुन से समूचा वातावरण राममय हो गया। उक्त शोभायात्रा वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती साधना चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता त्रियुगीनाथ अग्रहरि, चेयरमैन सुनील अग्रहरि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो राजकुमार अग्रहरि, अखिलेश मद्धेशिया, अंचल कुमार, संजय जायसवाल, गोकुल गोयल, गुलाब चन्द अग्रवाल, मुकेश गोयल, मयंक अग्रवाल, भानु सिंह, अजय यादव, पप्पू पाठक, एसडीएम प्रदीप कुमार, सीओ अरुण कान्त सिंह, थानाध्यक्ष शशांक सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए गए थे।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना क्षेत्र के नागरिकों के साथ बैठक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना परिसर में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रधान वाहन स्वामी एवं दुकानदारो के साथ बैठक कर आगामी 22 जनवरी को आयोध्या में होने जा रहे भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सतर्क किया गया और लोगों से कहा गया की आप लोग 22जनवरी को अयोध्या न जाए कोई भी वाहन स्वामी गाडी बुकिंग किया हो तो कैंसिल कर दे क्योंकि बी बी आई पी से ही काफी भीड़ रहेगी आप लोग करीब जिले से है बाद मे जा सकते है। सीमाओं पर चौकसी कड़ी कर दी गयी है थाना प्रभारी यशवन्त सिंह ने कहा पुलिस व जनता के आपसी सामंजस्य से ही अपराध पर लगाम लगाया जा सकता है। सीमा पर किसी भी अंजान व्यक्ति को देखते ही सुचना पुलिस को दे भारत-नेपाल सीमा करीब है। आये हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या दर्शन करने जाये एवं पुलिस को अपना दोस्त समझ कर अपने साथ व आस-पास हो रही घटनाओं की जानकारी दे ताकी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उप निरीक्षक दुर्गा प्रसाद,उप निरीक्षक उमेश यादव, उप निरीक्षक अजीत यादव,उप निरीक्षक रामा यादव, उप निरीक्षक विरेन्द्र यादव, उप निरीक्षक सुरेश चन्द, अजीत कुमार,वसीम अहमद, मृत्युंजय गुप्ता, अभिषेक दुबे, प्रधान मनोज कुमार, पंकज वर्मा, करुणेश पाण्डेय, भारत, शन्नी सिंह, अजय सिंह, अमितेश्वर शुक्ला, रामनाथ मौर्या, सलामुद्दीन, शिवा सिंह, इरसाद अहमद, अब्दुल्लाह, नजरे आलम, सलीम अहमद, मन्टू जयसवाल, अली मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# खलनायक ने सईद इलेवन से 4 विकटों से की जीत दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 सीजन 2 का पहला सेमि फाइनल मैच सईद इलेवन एवं खलनायक क्रिकेट क्लब भैसंहवाँ के बीच खेला गया जिसमें सईद इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर कुल 141 रन बनाए। जिसके जबाब में जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य लेकर बैटिंग के लिए उतरी खलनायक की टीम ने 14 ओवरों तथा 5 गेंदों में जीत के लक्ष्य को हासिल कर लिया।

इस प्रकार खलनायक की टीम ने 4 विकेटों से टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। खलनायक के मोहित ने 25 गेंदों पर 41 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। जिन्हें चांदी का सिक्का इनाम दिया गया। इस दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, नौगढ़ देहात मण्डल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, आयोजक नितेश पाण्डेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, अखिलेश जायसवाल, मो0 सईद, विवेक गोस्वामी, शिवकुमार यादव, ओंकार यादव, सुनील जायसवाल, अमरजीत गौतम, जाकिर हुसैन, राकेश मिश्रा, रवि पाण्डेय, राजेंद्र विश्वकर्मा, वसीम खान, अजय गुप्ता, ओमप्रकाश जयसवाल, विनय वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार, कुर्बान अली, अरुण जयसवाल, नौशाद अहमद, शहजाद अहमद, राम बाबू, संदीप, विशाल कुमार, अबूशामा , विक्की, गोलू, श्यामबाबू, पंकज कुमार, सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## ममता दीदी भटक गई

ममता दीदी कभी बहुत जुझारू और ज़हीन नेता के रूप में अपना सिक्का जमाया था। उनकी बातो और कार्यो में देश हित और जनहित सबसे ऊपर रहता था। पर इस समय लोकसभा में भाजपा की जीत से बौखला गई है। पश्चिम बंगाल में उनकी पकड़ ढीली होती जा रही है। गवर्नर से अक्सर तकरार करती रहती है। अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपनी जगह स्थापित करने के लिये परेशान है। अगर शासन कोई गलत कदम उठा रहा है तो देश की अदालत है जिसे अन्तरराष्ट्रीय प्रसिद्धी मिली हुई है। पश्चिम बंगाल सरकार पर उनकी पकड़ ढीली दिख रही है। आगे की बाते इसकी गवाह है। केस करोना काल में आम लोगो से बाटे जाने वाले राशन घोटाले का है। सरकार के अहम मंत्री और उनके करीबियों पर गरीबों का राशन बाजार में बेचे जाने का आरोप है। इसे लेकर इडी टीम जब 244 परगना के गांव पहुंची तो इडी टीम पर जान लेवा हमला हुआ। एसपी और पुलिस उदासीन रही। टीम के सदस्य बुरी तरह घायल हुये।

आरोपितों में टीएमसी के एक नेता शहजाद खान के घर जब इडी टीम छापा मरने पहुची तो यह भीषण बवाल हुआ। टीएमसी और दो सौ से ज्यादा टीएमसी समर्थकों ने टीम को घेर कर यह वारदात किया। बेरहम पिटाई से सवाल उठ रहा है क्या हमला सुनियोजित था क्योंकि सरकारी तन्त्र ने कोई सहयोग बचाने में नहीं दिया। जिले के पुलिस कप्तान क्यो निष्क्रिय रहे। यह मामला कानून और व्यवस्था का है जिसमें मामता सरकार असफल रही। जो सरकार सरकारी अफसरों को सुरक्षा नही दे सकती वह जनता को क्या सुरक्षा देगी। ममता दीदी भूल गई है जब पश्चिम बंगाल में बामदल की सरकार थी तो उनकी हिंसा का शिकार उनकी पार्टी होती थी तो पूरे देश में इसका रोना रोती थी। आज खुद उनकी सरकार वही कर रही है। राज्य सरकार अगर केन्द्र सरकार के किसी मुद्दे से असहमत है तो उन्हें जनता और कोर्ट के बीच जाना चाहिये न कि सरकारी ऐजेन्सियों और अफसरों पर हमला करके निपटाना चाहिये। कोई भी मतभेद पार्टी और राजनेताओं को राजनीति की लड़ाई लोकतान्त्रिक पद्वति के अनुसार निपटानी चाहिये, न कि कानून अपने हाथ में लेकर सीधे हाथापाई पर उतरना चाहिये। अगर अराजकता बढ़ती रहेगी तो राष्ट्रपति शासन का प्रावधान अपनी जगह है। फिर इसका रोना भी मुख्यमंत्री और पार्टी करने लगेगे। इतने दिनों से लोकतन्त्र में हिस्सा लेते लेते साक्षरता बढ़ते जाने की वजह से मतदान के समय निर्णय लेने में जनता परिपक्व हो चुकी है। उन्हें सीमित दायरे में गरीब तबके को फ्रीबी से बहलाया जा सकता है।

इसके में सरकार की पक्षधरता साफ दिखती है कि पुलिस ने इडी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विपक्षी सरकारे और पार्टियां सरकार पर उनके आदमियों को जान बूझ कर फंसाने का आरोप लगाते रहते है। क्या संन्दिधों के खिलाफ जांच बन्द कर दी जाये तो लोकतन्त्र फले फूलेगा सरकार अगर गलत कर रही है तो विपक्ष को अदालत में जाना चाहिये। भारत की अदालतें सरकार के विरोध में भी निर्णय देती रहती है। विपक्ष अदालत के सामने अपने को निर्दोष साबित कर देगा तो उसके पक्ष में जनता अपने आप चली जायेगी। इन्द्रा गांधी के खिलाफ जब जनता खड़ी हुई तो उनको सत्ता से बाहर कर दिया था। ममता दीदी को अगर अपनी अनिर्वायता बनाये रखनी है तो लोक तान्त्रीक ढाचे के मजबूती से किसी प्रकार की छेड़छाड़ करने से अपने को सरकार को तथा पार्टी को बचाये रक्खें। अपने उत्तराधिकारी को बड़ा नेता बनाना है तो उसे यही सीख दें।

## पुरूष युगल बैडमिंटन की नई सनसनी: चिराग-सात्विक

हाल ही में भारत के बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकराज को साल 2023 के लिए देश के सबसे बड़े खेल पुरस्कार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। चिराग और सात्विक बैडमिंटन में पुरूश युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। विश्व बैडमिंटन में भारत ने अनेक महान खिलाड़ी दिये हैं। पुरूष सिंगल्स में प्रकाश पादुकोंण, सैय्यद मोदी, पी0 गोपीचन्द, के0 श्रीकान्त, एच.एस0 प्रनय, और लक्ष्य सेन महिला सिंगल्स में साइना नेहवाल, पी0वी सिन्धु, महिला युगल में ज्वाला गुट्टा और अष्विनी पोनप्पा तथा युगल मिश्रण में ज्वाला गुट्टा और वी0दिजु आदि। इन खिलाड़ियों ने वैष्विक स्तर पर अपने खेल से क्रिकेट का देश कहे जाने वाले भारत में बैडमिंटन को लोकप्रिय खेल बना दिया। किन्तु, अभी तक हम पुरूष युगल में कोई बेहतरीन जोड़ी नहीं दे पाये थे। इस कमी को चिराग-सात्विक ने पूरा कर दिया। वर्तमान में चिराग-सात्विक अपने खेल-जीवन के आदर्श काल में उन्होंने ओलम्पिक को छोड़कर विष्व बैडमिंटन के लगभग सभी बड़े खिताब जीते हैं। अगस्त 2020 में चिराग-सात्विक को देश के द्वितीय सर्वश्रेश्ठ खेल पुरस्कार अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। किसी भी खिलाड़ी के लिए अपने जीवन का सबसे महान पल तब होता है, जब, वह विष्व रैंकिंग में प्रथम पायदान पर पहुंचता है। अभी कुछ दिन पहले बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक बयान में कहा, 'सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी' की जोड़ी दो स्थान की छलांग लगाते हुये बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर आ गई है। यह जोड़ी प्रकाश पादुकोंण, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत के शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। ये विष्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली भारत की पहली जोड़ी है। 2018 में हैदराबाद में हैदराबाद ओपन, के फाइनल में इंडोनेशियाई जोड़ी अकबर बिटांग काहयोनो और मुहम्मद रेजा पेहलवी को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीता। 2019 में चिराग-सात्विक वर्ल्ड टूर सुपर 500+ खिताब जीतने वाली पहली भारतीय युगल जोड़ी बन गयी। हालांकि, साल 2021 उपलब्धि के हिसाब से औसत ही रहा। 2022में इस जोड़ी ने इंडिया ओपन जीतकर साल की शुरूआत की। 2022 में इस जोड़ी ने बर्मिंघम कॉमनवेल्थ खेल में पुरूष युगल में भारत को पहली बार स्वर्ण पदक दिलाया। 2022 में इस जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2022 में इस जोड़ी ने विष्व की अनेक बेहतरीन जोड़ियों को हराकर फ्रेन्च ओपन जीता और कैरियर का पहला सुपर 750 खिताब जीता। एशियाई खेलों में भारत बैडमिंटन में 1962 से हिस्सा ले रहा है किन्तु भारत 61 वर्शो के इतिहास में पहली बार पुरूश युगल में स्वर्ण पदक जीता। 2022 के बाद से, इस भारतीय जोड़ी ने 5 ठॅथ् वर्ल्ड टूर खिताब जीते हैं। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने 2023 में दुबई ओपन में एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मलेशिया के ओंग यू और तेओ यी की जोड़ी को हराकर इतिहास रच दिया। इस जोड़ी ने 58 साल के सूखे को खत्म कर इस चैम्पियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले 1971 में इस टूर्नामेंन्ट में दीप घूश और रमन घूश की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता था। साल 1965 में भारत के दिनेश खन्ना ने सिंगल्स में एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने स्वर्ण पदक जीता था। हाल ही में चिराग-सात्विक की जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन 2023 का खिताब जीता फाइनल में सात्विक और चिराग ने मलेशियन जोड़ी आरोन चिया और वूई यिक सोह को मात दी। सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली ये पहली भारतीय जोड़ी बन गई। 2023 फरवरी में चिराग-सात्विक उस भारतीय टीम के सदस्य थे जिसने, बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। 7 अक्टूबर 2023 में एशियाई खेलों में भारत ने बैडमिंटन में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। पुरूश युगल में चिराग और सात्विक की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी को 21-18 और 21-16 से हराकर इतिहास रच दिया। एशियन खेलों के इतिहास में बैडमिंटन में भारत का यह पहला गोल्ड है। चिराग-सात्विक की जोड़ी को हम बैडमिंटन की पेस-भूपति की जोड़ी कहें तो ऐसा कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा। चिराग-सात्विक ने अपने बेहतरीन खेल से सभी भारतीयों को गौरान्वित किया है निश्चिय ही यह जोड़ी पुरूश युगल बैडमिंटन की सर्वकालिक महान जोड़ी बनने की ओर अग्रसर है।



ललित शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद्द होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई। हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है।

# मालदीव प्रकरण से समझिए बदलते भारत का चरित्र



आशीष वशिष्ठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालिया लक्षद्वीप यात्रा में प्रधानमंत्री ने स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिये चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिये। ये काम एक ऐसे पड़ोसी देश की मंत्री और नेताओं की तरफ से किया गया, जिसका साथ भारत ने कई बार मुश्किल वक्त में दिया है। शायद यही वजह थी कि कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव और एक्सप्लोर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा पर रवाना होने से पहले ही भारत और मोदी विरोधी टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों की छुट्टी करते हुए विवाद को ठंडा करने का प्रयास किया किंतु तब तक उसे जो नुकसान होना था वह तो हो ही चुका था।

भारत में जिस तेजी से मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हुई उसने मालदीव की अकड़ ढीली कर दी। वैसे भी प्रधानमंत्री जहां जाते हैं वहां की खूबियों का बखान करना नहीं भूलते। कुछ समय पहले वे उ.प्र के पिथौरागढ़ में स्थित आदि कैलाश गए थे जहां से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत नजर आता है। उनकी इस यात्रा के चित्र प्रसारित होते ही आदि कैलाश एक नए पर्यटन केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध हो गया। बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद्द होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई।

हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है। यहां के समुद्र तट बेहद खूबसूरत हैं। चूंकि भारत से यह देश करीब है इसलिए यहां से प्रतिवर्ष लाखों सैलानी मालदीव घूमने जाते रहे हैं। अनेक भारतीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। अपने चुनाव प्रचार में 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों पर सवाल उठे हैं, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर दोनों देश के बीच दोस्ताना संबंध रहे हैं। मालदीव के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह खुलकर भारत के साथ थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने चुनाव जीतने के साथ ही वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर डाली। दरअसल वहां कुछ ऐसे काम चल रहे हैं जिनके कारण भारतीय सेना



के कुछ लोग मालदीव में हैं। हेलीकॉप्टर एवं कुछ अन्य उपकरणों के संचालन के लिए दोनों देशों में हुए समझौते के अंतर्गत वे सैनिक वहां पदस्थ हैं। हालांकि ये संख्या इतनी बड़ी नहीं कि उसके आंतरिक मामलों में दखल दे सके। मुस्लिम बहुल मालदीव के साथ भारत के रिश्ते काफी अच्छे रहे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मालदीव की स्थिरता, सक्रियता, लोकतंत्र और बुनियादी अर्थव्यवस्था सिर्फ भारत के कारण ही है। हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। मालदीव ने पानी मांगा, तो भारत ने उसकी प्यास बुझाई। मालदीव को भूख लगी, तो खाना और अनाज मुहैया कराए गए, आर्थिक मदद ही नहीं की गई, बल्कि 2023-24 के बजट में 400 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया, ताकि चालू परियोजनाएं जारी रह सकें। बागियों ने लोकतंत्र का अपहरण कर तख्तापलट करना चाहा, तो भारत ने सैन्य सहायता भेजकर मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता तय की। मालदीव में 30 फीसदी डॉक्टर और 25 फीसदी शिक्षक 'भारतीय' हैं। वहां के 2200 से अधिक लोक सेवकों, नौकरशाहों, तकनीशियन, न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों और सार्वजनिक प्रसारकों को भारत ने ही प्रशिक्षण देकर तैयार किया है। जब मालदीव में खसरे का प्रकोप फैला, तो उस रोग के इंजेक्शन भारत ने दिए। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान टीके की एक लाख से अधिक खुराकें भी भारत ने ही मुहैया कराई। भारत नियमित तौर पर दवाइयां, फल और सब्जियों की आपूर्ति भी करता है, ताकि मालदीव में खाद्य संकट न हो और वह हमारे एक इलाके जितना देश बीमार भी न पड़े।

यह तथ्य भी गौरतलब है कि मालदीव के लोग बीमारियों का इलाज कराने भारत ही आते हैं। इतने एहसानों तले दबे देश के तीन युवा मंत्रियों को भारतीय पसीने में बदबू आती है। भारत खुले में शौच करने वाला देश है। इन मंत्रियों की इतनी औकात और हिमाकत है कि वे भारत के प्रधानमंत्री और भारत राष्ट्र के प्रति अभद्र, अपमानजनक बदजुबानी कर सकें। भारत मालदीव का क्या कर सकता है, वह सिर्फ 3-4 दिन में ही सामने आ गया। हमारे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, सुपर स्टार अभिनेताओं, उद्योगपतियों ने फिलहाल मालदीव का बहिष्कार घोषित किया है। दुनिया में सबसे ज्यादा 2.09 लाख भारतीय सालाना तौर पर मालदीव पर्यटन को जाते हैं। लक्षद्वीप पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान और उनकी अपील के बाद 'मेक माय ट्रिप' प्लेटफॉर्म पर लक्षद्वीप की सर्च 3400 फीसदी बढ़ गई है। गूगल पर लक्षद्वीप की सर्च ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। ट्रेवल एंड टूर कंपनियों ने तुरंत प्रभाव से हवाई उड़ानों की टिकट और होटल, रिसॉर्ट की बुकिंग रद्द करवा दी हैं। इस बीच इजरायल सरकार ने लक्षद्वीप में विशेष प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की है। यदि यह सिलसिला जारी रहा और भारतीयों ने लक्षद्वीप में सैर-सपाटे का नया विकल्प ढूंढ लिया, तो मालदीव की आर्थिकी ध्वस्त हो सकती है। बहरहाल सवाल राजनयिक मर्यादाओं का है। उन्हें लांघ कर मालदीव एक एहसान फरामोश देश बन गया है। विदेश मंत्रालय ने उसके उच्चायुक्त को तलब कर अपनी नाराजगी जता दी है। भारत के पक्ष में बयान देने वाले नेताओं में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद, पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद आदि शामिल रहे हैं। यहां तक कि मुइज़्ज़ू के इंडिया आउट के नारे के विपरीत पूर्व राष्ट्रपति सोनिह ने इंडिया फर्स्ट की नीति क्रियान्वित की थी। इस संपूर्ण घटनाक्रम में प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और भारत की कूटनीतिक दृढ़ता एक बार फिर प्रमाणित हो गई। मालदीव की नई सरकार के भारत विरोधी रुख के जवाब में प्रधानमंत्री ने लक्षद्वीप के समुद्र तट पर टहलते हुए थोड़े शब्दों में जो कुछ कहा उसका इतना बड़ा असर होगा ये किसी ने नहीं सोचा था। राष्ट्रपति मुइज्जू के भारत विरोधी बयानों का सीधा जवाब देने के बजाय उन्होंने मालदीव की पर्यटन रूपी रीढ़ पर प्रहार कर दिया। निश्चित रूप से ये बहुत ही चतुराई भरा दांव था जिसका जबरदस्त असर देखने मिला।

# युवा पीढ़ी के प्रणेता स्वामी विवेकानंद

स्वामी जी ने सफलता के लिए कहा कि 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए'। आज स्वामी जी के विचार इस बदलते दौर में युवाओं के लिए सफल पथ-प्रदर्शक है। यह एक ऐसा दौर है जब जीवन मूल्य आध्यात्मिक दौर से गुजरते हुए भौतिकवादी युग में प्रवेश कर गया है जहाँ सामाजिक मूल्यों का संचालन तकनीकी ज्ञान परम्परा पर आधारित है, सामाजिक प्रेम, सहजता, सृजन और दयालुता का स्थान पूंजीवादी व्यवस्था ने ले लिया है जिसके फलस्वरूप युवा पीढ़ी के भ्रमित होने की संभावनाएं ज्यादा है। इस पूंजीवादी व्यवस्था में युवा समय से पहले अपने को निर्बल महसूस कर रहा है, थकान भरी जीवन में युवा होने के पर्याय ही समाप्त होते जा रहे हैं। इस आपाधापी भरे जीवन में स्वामी जी के वैचारिक मूल्यों का स्थान ऊंचा हो जाता है।



डॉ रामेश्वर मिश्र

भारतीय ज्ञान, दर्शन, वैदिक परम्परा के प्रणेता युवाओं के ऊर्जा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी का 40 वां जन्मोत्सव आज सारा देश राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। 12 जनवरी 1984 को तत्कालीन भारतीय सरकार द्वारा स्वामी जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी तब से लेकर आज तक स्वामी जी की जयंती पर हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस एक नयी थीम के साथ मनाया जा रहा है। पिछले साल सन 2023 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी के बीच कर्नाटक में किया गया जिसका विषय 'विकसित युवा-विकसित भारत' था। इस वर्ष सन् 2024 में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन महाराष्ट्र की धार्मिक नगरी नासिक में किया जा रहा है जिसका विषय 'इट्स आल इन द माइन्ड' जिसका अर्थ होता है 'सब कुछ आपके दिमाग में है'। भारत एक युवा प्रधान देश है, भारत में युवाओं की दर लगातार बढ़ रही है। भारत में 15 से 24 वर्ष के बीच के युवाओं की आबादी 10 प्रतिशत है तथा 15 से 20 वर्ष के युवाओं की आबादी 25 प्रतिशत है। भारत में इस समय युवा आबादी अवसाद की चपेट में है इसकी व्यापकता दर 31 प्रतिशत से लेकर 51 प्रतिशत के करीब है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 से 24 वर्ष के हर सात युवाओं में से एक अवसाद ग्रस्त हैं, आज युवा में आगे बढ़ने की चाह है, रोजगार की तलाश में हर युवा संघर्ष कर रहा है।

स्वामी जी महान आत्मा थे जिनके प्रति वर्तमान पीढ़ी ऋणी है और भावी पीढ़ी भी ऋणी रहेगी। स्वामी जी एक तेजोमय सन्यासी थे, उन्होंने निर्बलता को मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु समझा इसके लिए उन्होंने जो सिद्धांत दिया उसे 'शक्ति और प्रतिरोध का सिद्धांत' कहा जाता है। इस बदलते दौर में जब युवा शक्ति को ऊर्जा के लिए एक मार्गनिर्देशक की आवश्यकता है तो ऐसे में माँ भारतीय के अमर सपूत स्वामी जी के युवा दर्शन की प्रासंगिकता बढ़ जाती हैं। स्वामी जी के जीवन मूल्यों, आदर्शो एवं दर्शन को आत्मसात करके हर युवा लक्ष्य को पा सकता है। स्वामी जी के दिये गये अनमोल विचारों के चिन्तन मनन से एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण हो सकता है, स्वामी जी ने अलग-अलग समय पर देश के युवाओं के लिए मूल्यवान विचार दिये हैं। स्वामी जी ने युवाओं के विकास के लिए अनेक मार्ग बताये है। आज समाज में हर युवा सफलता पाना चाहता है, युवा एक नयी मंजिल की तलाश में संघर्षरत है। इस आपाधापी भरे



जीवन से निकलने का मार्ग नहीं मिल रहा है। नित्य नयी चुनौतियों का सामना करने में युवा अपने को निर्बल समझता है, सफलता प्राप्त करने की चुनौती में वह अपनो से दूर होता जा रहा है। असफलता की कुन्ठा ने युवाओं को एकांकी और निर्बल बना दिया है। स्वामी जी ने युवाओं को लक्ष्य करके निर्देश दिया था कि यदि तुम सफलता चाहते हो तो पहले अहं का नाश कर डालो तथा व्यवहार में शुद्धता रखने के साथ ही आपस में न लड़ने एवं पक्षपात रहित होने का मार्ग सुझाया। स्वामी जी ने सफलता के लिए कहा कि 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए'। आज स्वामी जी के विचार इस बदलते दौर में युवाओं के लिए सफल पथ-प्रदर्शक है। यह एक ऐसा दौर है जब जीवन मूल्य आध्यात्मिक दौर से गुजरते हुए भौतिकवादी युग में प्रवेश कर गया है जहाँ सामाजिक मूल्यों का संचालन तकनीकी ज्ञान परम्परा पर आधारित है, सामाजिक प्रेम, सहजता, सृजन और दयालुता का स्थान पूंजीवादी व्यवस्था ने ले लिया है जिसके फलस्वरूप युवा पीढ़ी के भ्रमित होने की संभावनाएं ज्यादा है। इस पूंजीवादी व्यवस्था में युवा समय से पहले अपने को निर्बल महसूस कर रहा है, थकान भरी जीवन में युवा होने के पर्याय ही समाप्त होते जा रहे हैं। इस आपाधापी भरे जीवन में स्वामी जी के वैचारिक मूल्यों का स्थान ऊंचा हो जाता है। विवेकानन्द जी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि युवा वह है जिसके हाथों में शक्ति हो, पैरों में गति हो, हृदय में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं। इन्हीं सपनों को प्राप्त करने के लिए किया गया संघर्ष ही किसी भी युवा के जीवन को ऊर्जावान बना देता है। स्वामी जी के इन्हीं विचारों को आत्मसात करके युवा शक्ति को नयी दिशा मिल सकती है। स्वामी जी ने युवाओं को असफलता से हतोत्साहित न होकर वरन उससे प्रेरणा लेकर कार्य करने का मार्ग बतलाया है जिससे सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। स्वामी जी ने कहा है कि 'कभी मत सोचिये कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है, ऐसा सोचना सबसे बड़ा विधर्म है। अगर कोई पाप है तो यही कि यह कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य निर्बल है'।

स्वामी जी के अनेक महत्वपूर्ण विचारों का सृजन ही भारतीय राष्ट्र के नव निर्माण का स्रोत है। स्वामी जी ने हीनता की भावना से ग्रसित आज की युवा पीढ़ी के लिए विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'शक्ति जीवन है-निर्बलता मृत्यु है, विस्तार जीवन है-संकुचन मृत्यु है, प्रेम जीवन है-द्वेष मृत्यु है। आज इस दौर में जब विचारधाराएं संकुचित एवं कुंठित हैं, युवा अनेक दुर्बलताओं से ग्रसित है, ऐसे समय में युवाओं के लिए विवेकानंद जी के विचार आज भी बहुत प्रासंगिक है जिसे आत्मसात करके 'युवा' सृजन का नवनिर्माता बन सकता है, समाज के कल्याण का वाहक हो सकता है और विश्व में मैत्रीभाव का प्रेरक हो सकता है। स्वामी जी के विचार राष्ट्रपरक हैं, समाज अन्वेषी हैं जिन्हें आत्मसात करके राष्ट्र को दिशा दी जा सकती है। युवा शक्ति और भारतीय दर्शन को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले आदर्श जीवन मूल्यों, ऊर्जा के स्रोत, वैदिक परम्परा के सतत अनुयायी हम सबके प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर शत शत नमन। राष्ट्र आपके आदर्शों का सदा ऋणी रहेगा।

# विवेकानंद ने सनातन हिन्द को विश्व में स्थापित किया

31 मई सन् 1893 को स्वामी जी शिकागो (अमेरिका) रवाना हुए। धर्म महासभा की बैठक 11 सितम्बर 1893 से शुरु हुई। सभी धर्मो के प्रतिनिधिगण एक के बाद एक बोले। स्वामीजी तनिक भयभीत थे। आखिकार वे खड़े हुए और मंच में आगे आये और बोले-मेरे अमरीकी बहनों और भाईयों। तुरंत ही जनता में हर्षोल्लास उमड़ पडा। हजारों श्रोता बार-बार करतल ध्वनि करने लगे। वे पहली बार इतना आत्मीय संबोधन सुनकर गदगद हो उठे थे।



सुरेश सिंह बैस

विश्व वन्दनीय स्वामी विवेकानन्द जैसी महान विभूति ने शायद हिन्दुत्व जागरण जैसे महान कार्य के लिये अपना सारा जीवन ही अर्पित कर दिया था। और यही कारण है कि स्वामी जी का स्थान आज विश्व में सर्वोत्तम है। परम अवतार पुरुष रामकृष्ण परमहंस स्वामीजी के गुरु थे। स्वामीजी के कार्य साधना के प्रेरणा स्त्रोत भी वही थे। कलकत्ते में 12 जनवरी सन् 1863 ई. में संक्रांति के पवित्र त्यौहार दिवस मे स्वामीजी का जन्म विश्वनाथ दत्ता बाबू के यहां हुआ था। इनकी माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था। माता इन्हें प्यार से बिले कहती थी। वैसे इनका नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। स्वामीजी से परिचित होने के लिये कुछ घटनाओं का जानना अत्यंत आवश्यक है जो निम्न है।

**दयालु बिले** –एक बार की बात है विश्वनाथ दत्त के यहां कई साधु-सन्यासी भिखारी लगभग रोज खाना और पैसे के लिये दरवाजे पर आया करते थे। बिले उन्हें जो कुछ हाथ लगता दे देता। इस पर मां कहती यदि बिले इसी तरह देता रहा तो मैं कैसे घरगृहस्थी चला पाऊंगी? इसी कारण एक दिन उन्होंने उसे अटारी मे बंद कर दिया। और बोली कि वह अब घर की चीजें नहीं दे पायेगा। एकदम अकेले अटारी पर बंद बैठे बिले उदास हो गया। तुरंत ही उसने एक भिखारी की आवाज सुनी। बिले भिखारी को कुछ देने के लिये सामान खोजने लगा। तभी शाल और कम्बल दिखे उसने तुरंत ही खिड़की से उस भिखारी जो चीथड़ों से ढंका था। उसके शरीर में हड्डी के सिवाय कुछ नहीं था। बिले यह देखकर बहुत दुःखी हो गया और तुरंत उस भिखारी को वह शाल- कम्बल प्रसन्नता पूर्वक दे दिया! बेचारा भिखारी नन्हें बालक की दयालुता पर गद्गद् हो गया।



**सत्यवादी बिले-** एक बार भूगोल की कक्षा मे मास्टर ने बिले से एक सवाल पूछा। बिले ने उत्तर तो दे दिया, लेकिन मास्टर ने कहा कि उत्तर गलत है। बिले ने कहा नही उत्तर बिलकुल सही है। मास्टर बहुत गुस्सा हुए। उन्होंने उसे न केवल डांटा ही नहीं, बल्कि एक थप्पड़ भी रसीद कर दिया। लेकिन जब मास्टर घर पहुंचे तो इन्हें मालूम हुआ कि बिले ने जो कुछ बताया था, वही ठीक था। वे बिले के घर खेद प्रकट करने बिले के घर गये।

एक दूसरे मौके पर जब मास्टर कक्षा में पढ़ा रहे थे। बिले बातों में लगा था। मास्टर ने उनसे कुछ सवाल पूछे उनका अनुमान था कि वह उत्तर नहीं दे सकेगा, और तब उसे बात करने की सजा दे सकेंगे। लेकिन बिले ने सभी सवालों के जवाब खटाखट दे दिये। इस पर मास्टर ने कहा- ÷ओह, मैं गलती पर था। तुम वह लड़के नहीं हो जो बातें कर रहा था। तब बिले ने कहा मास्टर जी. यह सच है कि मैने आपके सवालों का जवाब दे दिया, लेकिन में ही वह लड़का हूं जो बातें कर रहा था।

**कुशाग्र बिले –** स्वामीजी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। पिता प्रयास करते थे कि किताबी शिक्षा के अलावा नरेन्द्र का चारो ओर से बुद्धि का विकास हो। पिता-पुत्र के बीच तर्क वितर्क भी होता था। अक्सर ही बिले के तर्क के सामने पिता विश्वनाथ बाबू पराजय स्वीकार करने में थोड़ा भी संकोच नहीं करते थे। 18 वर्ष के होते-होते उन्होंने परमहंस की शिष्यता ग्रहण कर ली जब 16 जून 1885 को रामकृष्ण ने अपना शरीर त्याग किया तो उन्होंने स्वामीजी को संन्यास धारण करने की सलाह दी थी। और अंतिम समय कहा था कि नरेन्द्र संन्यास धारण करने के बाद ही राष्ट्र में में हिन्दुत्व जागरण के कार्य को आसानी से कर सकोगे। जीवन भर अनवरत आगे बढ़ते रहो। रूक जाना अवनति की निशानी है - स्वामी विवेकानन्द । शिक्षा का उद्देश्य है मनुष्य के अंदर रौशनी पैदा करना, एक ऐसी रोशनी जो उसे जीवन भर मार्ग दर्शन कराती रहे, उसे भटकते न दे।

**स्वामी विवेकान्द :** नरेन्द्र का नया नाम स्वामी विवेकानन्द पड़ गया, जब उन्होंने सन्यास धारण किया और हिंदुत्व जागरण के लिये उन्होंने भारत भ्रमण की लम्बी यात्रा का निश्चय किया। वे देखना चाहते थे कि भारत के विभिन्न भागों के लोगों का रहन सहन कैसा है। इनकी यात्रा के समय एक जोड़ी कपड़ा, एक कमंडल, कुछ पुस्तकें और एक दण्ड था। वे गांव-गांव नंगे पैरों से गुजरते लोगों की हालत देखते और उन्हें हिन्दुत्व का उपदेश देते आगे बढ़ते रहे। कभी पेड़ो के नीचे, कभी गरीब की कुटिया कभी, राजमहल उनका आश्रय बनता था। स्वामी जी वाराणसी, हिमालय, राजस्थान के मरूस्थल, बंबई, बंगलौर, कोचीन, म.प्र. महाराष्ट्र मदुराई होते हुए रामेश्वरम गए। वे जहां जहां भी गये, वहां उन्होंने गरीबों की तकलीफ ही देखी। स्वामीजी यह सब देखकर भीतर से रो पड़े। वे सोचने लगे भारत का अतीत कितना गौरवमय था। यही महान भारत आज कितना गिर गया है। स्वामी जी सोचते रहते कि हमारा देश फिर कैसे अपना खोया गौरव हासिल कर सकता है।

अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव में वह कुमारी द्वीप कन्याकुमारी जा पहुंचे। वही के एक सागरीय शिला से उन्होंने यह घोषित किया था कि मुझे राह मिल गई। जब अमेरिका में सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन होने वाला था तब स्वामीजी ने हिन्दुत्व के जागरण के लिये वहां जाने का निश्चय कर लिया। 31 मई सन् 1893 को स्वामी जी शिकागो (अमेरिका) रवाना हुए। धर्म महासभा की बैठक 11 सितम्बर 1893 से शुरू हुई। सभी धर्मो के प्रतिनिधिगण एक के बाद एक बोले। स्वामीजी तनिक भयभीत थे। आखिकार वे खड़े हुए और मंच में आगे आये और बोले-मेरे अमरीकी बहनों और भाईयों। तुरंत ही जनता में हर्षोल्लास उमड़ पडा। हजारों श्रोता बार-बार करतल ध्वनि करने लगे। वे पहली बार इतना आत्मीय संबोधन सुनकर गदगद हो उठे थे।

स्वामीजी ने गेरूये परिधान में सात हजार लोगों के सामने जो भाषण दिया वह सीधे जाकर लोगों के अंतर को छु रहा था। उनकी तेजस्वी वाणी गुंज रही थी- भारत भूमि दर्शन, अध्यात्म, नैतिकता, प्रेम तथा शिष्टाचार की जन्म भूमि है। अपने अनुभव के आधार पर मैं दृढ़ता से कह सकता हूं कि भारत आज भी इस संबंध में दुनिया का अग्रणी है। इसे महान कार्य करने हैं......आश्चर्यजनक शक्ति प्राप्त करनी है। हमें दूसरे राष्ट्रों को बहुत सी बातें सिखलानी है।

स्वदेश में लौटने पर स्वामीजी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बंगाल में उन्होंने कहा था- वे निर्भिक बने और शक्ति उत्साह एवं विश्वास के साथ अपना सब कुछ देश के लिये बलिदान देने को तैयार हो? जाएं। हमारे पूर्वजों ने हमें जो आध्यात्मिक थाती सौंपी है। उससे विश्व की परिचित करावें। तभी तो भारत अपना समुन्नत आध्यात्मिक पद एक बार फिर से प्राप्त कर सकेगा। वाराणसी में उन्होंने कहा था- तुम तब तक हिन्दु कहलाने के अधिकारी नहीं हो सकते, जब तक इस नाम को धारण करने वाला कोई अंकिचन भी दुख दारिद्र्य से पीड़ित है।

# आगरा, कानपुर सहित कई शहरों को वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मिलेंगे 255 करोड़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगरीय जीवन गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण को बेहतर व प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भारत सरकार का पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, प्रदेश के मिलियन प्लस शहरों आगरा, कानपुर, वाराणसी, गाजियाबाद और मेरठ को 255.12 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगा। इस राशि के उपयोग से इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जन जागरूकता के साथ ही आवश्यक प्रयास भी किए जाएंगे।

अच्छे प्रदर्शन के लिए मिलेगा अनुदान

केंद्र सरकार पिछले 09 वर्षों से भारतीय शहरों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के शहरों ने वायु प्रदूषण से निपटने, सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने और प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरों को अवितरित अनुदानों के वितरण के लिए उत्तर प्रदेश के मिलियन प्लस श्रेणी के 5 शहरों को वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएमवनजीरो सीओएनसी में कमी लाने तथा वायु गुणवत्ता सुधार के चलते उच्च प्रदर्शन किए जाने के फलस्वरूप कुल 255.12 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन धनराशि देने का निर्णय किया है।

पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के मिलियन प्लस शहरों में आगरा, कानपुर, वाराणसी, गाजियाबाद और मेरठ को यह धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

**■ वायु प्रदूषण मुक्त होगा पर्यावरण**

यह धनराशि इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को और भी बेहतर बनाने के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए उपयोग की जाएगी। धनराशि के प्रयोग से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शहरवासियों में जनजागरूकता उत्पन्न करने, शहरों की सड़कों पर धूल नियंत्रण (पीएम10), प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर नियंत्रण, पौधारोपण और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने जैसे कार्य सम्मिलित होंगे।

इस धनराशि के आवंटन से उत्तर प्रदेश के इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार होने से पर्यावरण वायु प्रदूषण मुक्त होगा। फलस्वरूप नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की मुहिम को बल मिलेगा।

# पाकिस्तान जाने के बाद आईएसआई के लिए काम कर रहा था तहसीम

**लखनऊ।** शामली से गिरफ्तार आईएसआई एजेंट तहसीम आईएसआई हैंडलर्स के संपर्क में था। वह हथियार जुटा कर बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देना चाहता था। एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार होने के बाद उसके कनेक्शन का खुलासा हुआ है। पूर्व में उसके खिलाफ नकली नोटों की तस्करी के मुकदमे दर्ज किए गए थे।

डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार और एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि बीते वर्ष 16 अगस्त को शामली में देश विरोधी गतिविधियों और आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुंचाने के सम्बन्ध में एसटीएफ ने आईएसआई एजेंट कलीम को गिरफ्तार किया था। बुधवार को एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर के बुढाना से इस मुकदमे में वांछित कलीम के भाई शामली निवासी तहसीम उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तहसीम ने बताया कि वह और उसका भाई कलीम पाकिस्तान आते-जाते हैं। वहां उनकी आईएसआई के कुछ हैंडलर्स से पहचान हो गयी थी।

# राम मंदिर के स्वागत पर 10 हजार करोड़ का बाजार तैयार

**लखनऊ।** रामोत्सव ने उत्तर प्रदेश में त्योहार का रूप ले लिया है। नवरात्र और धनतेरस की तरह 22 जनवरी के लिए लोगों ने अभी तक करीब 22 हजार वाहनों की डिलीवरी के लिए बुकिंग करायी है, वहीं सोने-चांदी के राम दरबार, सिक्के, राममंदिर की आकृति वाली अंगूठी सहित 78 से ज्यादा उत्पाद बाजार में हैं। राम दरबार के वस्त्र गुजरात से यूपी पहुंच रहे हैं। उसी दिन प्रदेश में करीब 6500 से ज्यादा शादियां होंगी। कुल मिलाकर करीब 10 हजार करोड़ का बाजार तैयार है।

इन दिनों सबसे ज्यादा मांग श्रीराम मंदिर मॉडल की है। यह तांबे, पीतल, चांदी, हार्डबोर्ड, लकड़ी के बनाए जा रहे हैं। हस्तशिल्प विभाग के मुताबिक अकेले 15 हजार से ज्यादा हस्तशिल्पी और कारीगर इन मॉडलों को तैयार कर रहे हैं। यूपी रेडीमेड मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज शाह ने बताया कि भगवा रंग से जुड़े वस्त्रों की मांग ज्यादा है। टी शर्ट, कैप, हुडी, शाल

**■ दिवाली-धनतेरस जैसी दिख रहीं तैयारियां**



से लेकर जैकेट तक की बुकिंग है। उधर खादी के कुर्ते और सदरी की मांग में पांच गुना तेजी आई है।

सबसे ज्यादा फायदा कुम्हारों का है। अभी तक तक करीब दो करोड़ दीये बिक चुके हैं। माटी कला बोर्ड के मुताबिक, 22 जनवरी से पहले तक सभी जिलों के अलावा पड़ोसी जिलों से भी दीयों के आर्डर पेंडिंग है। हाल ये है कि सप्लाई नहीं हो पा रही है। उधर फेडरेशन आफ होटल-रेस्त्रां एंड स्वीट हाउस के पीके गुप्ता के मुताबिक 1.5 लाख किलो से ज्यादा लड्डुओं के एडवांस आर्डर पहले ही आ चुके हैं। इसमें छोटे कस्बे, तहसीलों के आर्डर शामिल नहीं है। फूलों की कीमत भी इस वजह से बढ़ गई है। गेंदा और गुलाब की मांग को देखते हुए पूरे प्रदेश से मंगाया जा रहा है। चूंकि फूलों का अधिक समय तक भंडारण नहीं किया जा सकता इसलिए 19 तारीख से ही 22 की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। 15 के बाद सहालग भी हैं इसलिए 18 से 22 के बीच तीन गुना बुकिंग अभी से हो रही है। फ्लैक्स के कारोबार पर भी राममंदिर की कृपा हो गई है। फ्लैक्स बाजार के बड़े कारोबारी विनोद कुमार ने बताया कि केवल राम मंदिर से जुड़े आयोजनों, उत्सवों और बधाई के लिए लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, नोएडा और गोरखपुर से 80 लाख वर्गफुट की बुकिंग हो चुकी है। प्रदेश की बात करें तो अनुमान के मुताबिक कम से कम 3.5 करोड़ वर्गफुट फ्लैक्स की होर्डिंग बिक जाएगी।

# 10 हजार सीसीटीवी कैमरे अयोध्या के चप्पे-चप्पे पर रखेंगे नजर

**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का इंतजार देश-विदेश में फैले करोड़ों रामभक्त कर रहे हैं। ऐसे में नगर की सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्पेशल डीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने कहा, अयोध्या में जो कार्यक्रम है वो देश और पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। उसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। सीसीटीवी द्वारा भी निगरानी कराई जा रही है।

कार्यक्रम के दिन और उसके बाद आने वाले सभी श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो, इसके लिए भी बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 10,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। स्पेशल डीजी ने बताया है कि नगर की सुरक्षा को देखते हुए ऐसे उपकरणों का प्रयोग किया गया है

**■ अयोध्या में जो कार्यक्रम है वो देश और पूरे विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन**
**■ सभी श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा ना हो**



जो कि अत्याधुनिक हैं और पुलिस के कार्यों में मददगार होंगे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की योजना प्राण प्रतिष्ठा समारोह और उसके बाद आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है।

# प्राण प्रतिष्ठा : भूतपूर्व होगा श्रीराम का स्वागत

## सीएम के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चलेगा स्वच्छता महाअभियान

**लखनऊ।** जिस प्रकार प्रतिवर्ष दीपावली से पहले हम साफ सफाई और रंग रोगन के बाद अपने अपने घरों को आकर्षक झालरों और दीपों से सजाते हैं, ठीक उसी तर्ज पर योगी सरकार 22 जनवरी से पहले पूरे प्रदेश को चमकाने, सजाने और संवारने जा रही है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति से इस महाअभियान की शुरुआत करेंगे। सीएम योगी अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद प्रदेश के हर गांव, हर नगर और प्रत्येक मोहल्ले में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अयोध्या में होने जा रहे भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नगर विकास विभाग और पंचायती



राज विभाग के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। 14 जनवरी से शुरू होने जा रहे स्वच्छता के महाअभियान की कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। इसके बाद अगले 9 दिन तक प्रदेश के हर हिस्से में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष सफाई अभियान की कमान संभालेंगे।

### साफ होगी एक एक नाली, राम की पैड़ी भी होगी निर्मल

अयोध्या में ना केवल मुख्य मार्ग बल्कि रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट से मंदिर तक के मार्ग पर गंदगी और धूल को पूरी तरह से साफ करने के निर्देश हैं। इसके अलावा अयोध्या की प्रत्येक नालियों की सफाई, ड्रेनेज और यूटिलिटी डस्ट की सफाई के साथ ही बड़े पैमाने पर सफाई कर्मियों की टीम को लगाने के भी निर्देश हैं। इसमें 3800 पुराने और 1500 नये सफाई कर्मियों की तैनाती की जानी है। वहीं खाद्य विभाग को निर्देश दिये गये हैं कि अयोध्या के सभी पेट्रोल पंप और ग्रीन कॉरीडोर पर मौजूद शौचालयों की रेगुलर जांच कर उनकी स्वच्छता सुनिश्चित की जाए साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा नया घाट पर 1.37 किमी तक नदी पर बैरियर बनाकर राम की पैड़ी की सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हाईवे बनाए जाएंगे ग्रीन कॉरीडोर, लगेंगी रामचरित मानस की होर्डिंग्स

■ इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी से अयोध्या के राजमार्गों को ग्रीन कॉरीडोर बनाते हुए इन मार्गों की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इन मार्गों पर रामचरित मानस की चौपाइयों की होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे साथ ही साथ प्रदेश के सभी सरकारी इमारतों और स्कूल कॉलेज को सजाने के भी निर्देश हैं। प्रदेश के सभी कार्यालयों को 22 से 26 जनवरी तक रंग बिरंगे झालरों और प्रकाश से सजाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

# 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि'

**लखनऊ।** कांग्रेस द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, अगर उन्होंने निमंत्रण को ठुकराया है तो जनता उन्हें ठुकरा देगी... निमंत्रण भाजपा ने दिया है, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिया है और उसे नकारने से उनका रामद्रोही आचरण प्रकट होता है...उनका ऐसा निर्णय निश्चित तौर से विनाशकाले विपरीत बुद्धि है।

बता दें, अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, कांग्रेस सहित कुछ दलों ने इसे अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए इस समारोह को भाजपा और आरएसएस का इवेंट करार दिया था। हालांकि, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का इस फैसले से पार्टी के कुछ नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है। गुजरात के कांग्रेस विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने



आलाकमान के फैसले पर आपत्ति जाहिर की है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर बनी सुरक्षा योजनाएं धरातल पर उतरने लगी हैं। अतिथियों के आगमन और यातायात को दृष्टिगत रखते हुए रामनगरी में पांच स्थानों पर पार्किंग चिह्नित की जा चुकी है, जिसमें 12 वीवीआईपी पार्किंग हैं। इनमें रामकथा पार्क, फटिक शिला, रामघाट सहित अन्य स्थान शामिल हैं। एयरपोर्ट की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने संभाल ली है। इनकी संख्या 250 से अधिक है। आधुनिक हथियारों से लैस जवानों ने विधिवत अपना दायित्व निभाना शुरू कर दिया। यहां तैनात रहे विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के जवान अब रामजन्मभूमि परिसर में रहेंगे।

# छः सदस्यीय सीएमएस छात्र दल जापान में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस का 6 सदस्यीय छात्र दल 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में प्रतिभाग हेतु जापान रवाना हो रहा है। यह साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम जापान साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी एजेन्सी (जे.एस.टी.) द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्व के लगभग 30 देशों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र जापान के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इन्स्टीट्यूट का भ्रमण करेंगे एवं इस दौरान एडवांस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञों का व्याख्यान एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने साथ ही प्रायोगिक परीक्षण भी प्राप्त करेंगे।




सी.एम.एस. छात्रों की जापान यात्रा का सम्पूर्ण खर्च आयोजकों द्वारा वहन किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि जापान रवाना होने वाले छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह करेंगे जबकि छात्र सदस्यों में आर्यन सिंह, श्रेया, शुभ मेहरोत्रा, वैभव पाण्डेय एवं वैदेही मिश्रा शामिल हैं।

श्री शर्मा ने बताया कि इस साइन्स प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक प्रतिभा तथा दक्षता विकसित करना है। यह शैक्षिक यात्रा युवा पीढ़ी में विज्ञान विषय में रुचि विकसित करने तथा उभरती हुई वैज्ञानिक प्रतिभाओं को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप प्रतिभा विकास में विशेष सहायक होगी। इसके अलावा विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर समागम भी इसका एक प्रमुख उद्देश्य है जिसके माध्यम से विभिन्न देशों के छात्र एक-दूसरे के रहन-सहन, भाषा तथा ज्ञान-विज्ञान से रूबरू होंगे।

# यूपी विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** बसपा शासनकाल के बहुचर्चित स्मारक घोटाले में आरोपित उप्र राजकीय निर्माण निगम के पूर्व प्रबंध निदेशक सीपी सिंह पर सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिकंजा कसा है।

विजिलेंस की खुली जांच में दोषी पाए गए सीपी सिंह के विरुद्ध शासन की अनुमति पर विजिलेंस ने मंगलवार को ही आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया था, जिसके बाद बुधवार को गोमतीनगर के विश्वास खंड स्थित उनके आवास समेत तीन स्थानों पर छापेमारी की गई। सुबह 10 बजे से देर रात तक छानबीन जारी रही।

एडीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। आरोपित कई कंपनियों के निदेशक व कई कंपनियों के साझेदार भी हैं। इन कंपनियों व उनके माध्यम से खरीदी गई संपत्तियों की जांच भी शुरू की गई है। सीपी सिंह की लखनऊ, दिल्ली,

**■ यूपीआरएनएन के पूर्व एमडी सीपी सिंह के आवास पर छापेमारी, आय से अधिक संपत्ति का है मामला**

मुंबई, गुरुग्राम व देहरादून समेत अन्य स्थानों पर संपत्तियां होने की जानकारी सामने आई है।

सूत्रों के अनुसार कई बैंक खाते व लाकर भी पते चले हैं, जिनकी गुरुवार को जांच होगी। आवास में एक जगुआर व बीएमडब्ल्यू कार भी मिली। विजिलेंस ने कोर्ट से वारंट प्राप्त कर बुधवार को सिंह के आवास के अलावा मदन मोहन मालवीय मार्ग तथा महानगर स्थित दो प्रतिष्ठानों में भी छापा मारा और घंटों छानबीन की।

विजिलेंस अधिकारियों ने लंबी पूछताछ करने के साथ ही उनके बयान दर्ज किए हैं। छापेमारी में कई संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए। कई कंपनियों से जुड़े दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं। करोड़ों रुपये की संपत्तियों की जानकारी मिली है, जिनका मूल्यांकन कराया जा रहा है।

# पहली बार यूपी में बिजली चोरी के मामले में एक मुस्त समाधान योजना क्यों हुई फ्लॉप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** देश में पहली बार उत्तर प्रदेश राज्य में विद्युत अधिनियम 2003 के विपरीत जाकर बिजली चोरी के असेसमेंट में 65 प्रतिसत तक छूट देने के मामले में जब उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दो महीने के बाद 8 जनवरी 2024 तक जब पूरे मामले पर अध्ययन किया तो यह पाया कि उत्तर प्रदेश में बिजली चोरों को छूट देने का अभियान पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को इसमें गंभीरता से जांच बैठना चाहिए की बिजली चोरों को नियम वृद्धि छूट देने के बाद भी यह बिजली चोरों वाली एक मुस्त समाधान योजना क्यों नहीं सफल हुई इसमें कहां कमियां रह गई इसके लिए कौन दोषी है। और इस योजना को लाने के पहले क्या कोई अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई थी क्योंकि आने वाले समय में इससे बिजली चोरों को बढावा मिलेगा और इसका खामियाजा आगे बरसों तक बिजली कंपनियों को झेलना पडेगा और आने वाले समय में बडे पैमाने

| डिस्काम | चोरी केस | चोरी असेसमेंट | ओटीएस रजिस्ट्रेशन | कुल जमा |
|---|---|---|---|---|
| पूर्वांचल | 101228 | 1070 करोड | 27084 | 111.47 करोड |
| मध्यांचल | 90133 | 778 करोड | 14823 | 57.35 करोड |
| दक्षिणांचल | 198341 | 813 करोड | 27056 | 75.98 करोड |
| पश्चिमांचल | 207659 | 730 करोड | 29034 | 79.83 करोड |
| केस्को | 4879 | 36 करोड | 1778 | 4.38 करोड |
| टोटल | 602240 | 3430 करोड | 99775 | 329 करोड |

**■ उत्तर प्रदेश सरकार कराए जांच क्योंकि इसका खामियाजा लंबे समय तक प्रदेश की बिजली कंपनियों को उठाना पडेगा और बिजली चोरों को बढावा मिलेगा**

पर विधिक विवाद भी पैदा होंगे।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में कुल लगभग 6 लाख 2240 विद्युत उपभोक्ता सभी बिजली कंपनियों में बिजली चोरी में लिप्त पाए गए जिन पर कुल लगभग 3430 करोड रुपए का राजस्व निर्धारण किया गया इसके बाद 8 नवंबर 2023 को पावर कारपोरेशन ने देश में पहली बार बिजली चोरों को छूट देने के लिए 65 प्रतिसत तक एक मुस्त समाधान योजना लाई बात करें 8 जनवरी 2024 यानी की 2 महीने बाद तो उसका नतीजा यह आया कि बिजली चोरी में लाभ लेने वाले कुल विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या 99775 निकली और 8 जनवरी 2024 तक उनसे कुल 329 करोड रूपया राजस्व निर्धारण का जमा किया गया यानी कि कुल बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण का केवल लगभग 9 प्रतिसत यानी कि प्रदेश की बिजली कंपनियों ने अपना लगभग 500 करोड माफ करके रुपया 329 करोड कमाए यह कैसा व्यवसाय है जो एक वाणिज्यक संस्थान के लिए हानिकारक सिद्ध होना तय है ।

# वोट के अधिकार की तरह हो रोजगार गारंटी का अधिकार : बृजलाल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन राज्य पदाधिकारी बैठक को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव का0 बृजलाल भारती ने कहा कि मनरेगा कानून के तहत ग्रामीण मजदूरों को साल में 100 दिन रोजगार की गारंटी का प्रावधान है लेकिन अब मोदी सरकार मनरेगा कानून में कई प्रकार के फेर बदल कर ग्रामीण गरीबों पर हमले कर रही है।

सक्रिय जावकार्ड के नाम पर एक तिहाई से अधिक जाव कार्ड निष्कृय कर सरकार ने रोजगार पाने के अधिकार को ही छीन लिया है तथा सभी जावकार्ड को आधारकार्ड से लिंक कर दिया है जो कि कानूनन गलत है। वोट देने के अधिकार की तरह रोजगार पाने का अधिकार प्रत्येक मजदूर का सुरक्षित रहना चाहिए। सरकार लगातार मनरेगा के बजट आबंटन में कटौती कर रही है जिससे

**■ कहा, मोदी सरकार मनरेगा कानून में कई प्रकार के फेर बदल कर ग्रामीण गरीबों पर हमले कर रही**

औसत रोजगार में लगातार गिरावट आ रही है। मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया जाति आधारित करने से कई अनियमितताएं नोट की गई हैं। बढ़ती महंगाई को देखते हुए मजदूरी की दर में और रोजगार के दिनों में बढोत्तरी किए जाने की जरुरत है। खेत मजदूर यूनियन की उत्तर प्रदेश राज्य इकाई ने निम्न मागों पर 11 जनवरी से 19 जनवरी तक जनता के बीच व्यापक अभियान चलाने, धरना प्रदर्शन करने तथा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पत्र देना तय किया है। सक्रिय जाव कार्ड के नाम पर काटे गये सभी जावकार्ड बहाल किये जांय तथा मनरेगा को कमजोर करना बंद किया जाय। जाव कार्ड को आधारकार्ड से लिंक करने की अनिवार्यता समाप्त की जाय।

# मतदाता सूची पर नजर रखें कार्यकता : अखिलेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा कोई भी मतदाता छूट न जाए इसलिए 22 जनवरी को जारी होने वाली मतदाता सूची पर नजर रखी जाएगी। जनता महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा नेताओं के जमीन कब्जाने से परेशान है और बदलाव चाहती है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्षों के साथ चर्चा के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। गठबंधन में कांग्रेस से सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत अच्छे माहौल में चर्चा हुई है। जल्द ही इसकी जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहा है सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ एक नारा बनकर रह गई है। हर घर में बेरोजगार युवक बैठा है। जनता भाजपा को हटाने के लिए तैयार है। 2022 में किसानों की



**■ कहा, सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ एक नारा बनकर रह गई**

आय दोगुनी करने का वादा किया गया था। बिजली महंगी हो गई है। किसानों को तार लगाकर अपनी फसलें बचाना पड़ रहा है। लोगों को इलाज नहीं मिल रहा है। सपा ने जिन मेडिकल कॉलेजों को बनाए थे वो भी नहीं चलाए जा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता, कार्यकर्ता और अधिकारी मिलकर लोगों की जमीनों को हड़पने का काम कर रहे हैं। लोगों ने इतनी लूट कभी नहीं देखी होगी जितनी भाजपा सरकार में हो रही है। लोगों को डरा-धमका कर जमीनें छीन रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़े हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए एनकाउंटर कर रही है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड 30 चन्द्रलोक अलीगंज लखनऊ।

पत्रांक- 1101/ल0सिं0/लेखा-निविदा/2023-24 दिनांक- 06, जनवरी, 2024

**-:: ई0निविदा शुद्धि पत्र ::-**

अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक-1045/ल0सिं0/लेखा-निविदा/2023-24 दिनांक 23 दिसम्बर, 2023 द्वारा जनपद लखनऊ में ''मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत'' पूर्व निर्मित (वर्ष 2015-16 से) उथले नलकूपों पर वाटर टैंक (हौज) निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा संख्या 19/EE/2023-24 प्रकाशित की गयी, अपरिहार्य कारणोंवश निविदा आमंत्रण तिथि तथा समय में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है-

| क्र.सं. | पूर्व में निविदा आमंत्रण का दिनांक व समय | संशोधन के उपरान्त निविदा आमंत्रण का दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि व समय दिनांक 03.01.2024 प्रातः 10.00 बजे से 09.01.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक | निविदा आमंत्रण की अन्तिम तिथि व समय दिनांक 03.01.2024, प्रातः 10.00 बजे से 15.01.2024 पूर्वान्ह 11.00 बजे तक |
| 02 | प्री0क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड डाउनलोड करने की तिथि व समय- दिनांक 09.01.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे से | प्री0क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड डाउनलोड करने की तिथि व समय- दिनांक 15.01.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे से |
| 03 | फाइनेन्सियल बिड डाउनलोड करने की तिथि व समय- दिनांक 09.01.2024 अपरान्ह 03.30 बजे से | फाइनेन्सियल बिड डाउनलोड करने की तिथि व समय- दिनांक 15.01.2024 अपरान्ह 03.30 बजे से |

अन्य शर्ते व तिथि तथा समय यथावत रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड,
लखनऊ।

UPID-200629 Dated-10-01-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# स्वीटी मथुरिया व अर्चना वाजपेई हुई राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मेरा स्कूल मेरी शान की वर्कशॉप देहरादून में होटल गोल्डन ओयस्टर में आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश से प्राथमिक विद्यालय नगला भाग्ग, बढ़पुरा इटावा की प्रधानाध्यापक स्वीटी मथुरिया व कंपोजिट विद्यालय अतिराजपुर सैफई, इटावा की इंचार्ज प्रधानाध्यापक अर्चना वाजपेई को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार प्रस्तुत करने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। स्वीटी मथुरिया ने निपुण विद्यालय बनाने में अपने द्वारा किए गए नवाचारों को प्रस्तुत किया। अर्चना वाजपेई ने कठपुतली के क्षेत्र मे किए गए कार्यों एवम दीक्षा एप पर कठपुतली का प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रस्तुत




किया जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई। समूह के संस्थापक अरविंद कुमार सैनी (शिक्षक)ने बताया कि वर्कशॉप में बिहार, हिमाचल, उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखण्ड के राष्ट्रीय स्तर के राजकीय शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। नवाचारी शिक्षकों द्वारा वर्कशॉप में टी एल एम स्टॉल लगाकर व प्रोजेक्टर के माध्यम से अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। समूह से वर्तमान में 17 राज्यों के सरकारी नवाचारी शिक्षक जुड़ कर सरकारी शिक्षा की बेहतरी का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर 46 नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया। तथा प्रगति बाल कविता संग्रह 2, प्रगति वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ आनंद भारद्वाज संयुक्त शिक्षा निदेशक उत्तराखंड, आकाश सारस्वत उप राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड, डॉ के एन बिजलवाण सहायक शिक्षा निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड, डॉ प्रभात कुमार बी ई ओ देवमल बिजनौर, प्रियंका तोमर प्रवक्ता डाइट देहरादून, अन्नु तोमर जिला समन्वयक जिला बागपत उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। दोनों अध्यापिकाओं की इस उपलब्धि पर बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व जनपद के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

## शाहपुर हवेली में निकाली विशाल श्री राम शोभायात्रा

**मथुरा।** बलदेव के ग्राम शाहपुर हवेली में जय माँ दुर्गे प्रिय मंदिर शाहपुर हवेली से मंदिर संरक्षक करुआ पंडित के नेतृत्व में विशाल राम शोभायात्रा निकाली गयी जो बलरामपुर, नगला पीपरी , अड्डा से होकर निकली , 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया अवैरनी प्रधान लेखराज सिंह कहा की यदि अयोध्या ना जा पाये तो अपने आस पास के मंदिरों में दिवाली का उत्सव मनाये और अपने अपने घरों में दीपक , मोमबत्ती जलाकर उत्सव मनाये तथा पूजा पाठ करे , भारत वर्ष में यह दीपाली का दूसरा पावन पर्व है जब भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काट कर अयोध्या लौटे थे आज प्रभु राम 30 बर्ष बाद अपने लौटे है । यात्रा में पत्रकार हेमेंद्र गर्गाचार्य , प्रधान रमेश चंद्र, , अरुण शर्मा , ज्ञानेन्द्र शर्मा , संजय शर्मा , जितेंद्र शर्मा , विष्णुपंडित, करुआ पंडित, मनीष महाराज जी सैकडो लोग उपस्थित रहे ।

# संस्कृति उत्सव में जिला स्तरीय गायन, वादन व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन संस्कृति परिषद की ओर से संस्कृति उत्सव- 2024 का आयोजन के के महाविद्यालय के हॉल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव व एडीआईओएस डॉ.मुकेश यादव ने दीप प्रजवलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। लकी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ हुआ। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सचिव मोहित मनोहर सिंह व संयोजक अत्री दीक्षित ने अतिथियों का बुके आदि भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला स्तरीय गायन, वादन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम में किया गया।



प्रतियोगिता के गायन वर्ग में विवेक सेंगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि जुक्ति सिंह ने द्वितीय व प्रिया यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वादन प्रतियोगिता में प्रभात कुमार ने प्रथम, भक्ति सिंह ने द्वितीय, आयुष्मान सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रशांत यादव ने प्रथम, बिंदिया चतुर्वेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका एडीआईओएस डॉ मुकेश यादव व अर्चना गौतम ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन लकी म्यूजिकल ग्रुप के ऑर्गेनाइजर धर्मेंद्र दीक्षित ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

# ताइक्कांडो संघ के श्याम जी ने रचा नया कीर्तिमान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा जिला ताइक्कांडो संघ के पदाधिकारी श्याम जी सक्सैना ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। दिल्ली में दिनांक 5 जनवरी से 7 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय पूमसे रेफरी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे श्याम जी सक्सैना ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए, तीन दिवसीय सेमिनार में प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह सेमिनार ग्रांड मास्टर ललित तिर्की सर अंतरराष्ट्रीय पूम्से कोच और रेफरी द्वारा कराया गया था। श्याम जी गत दिनों में क्यूरोगी के रेफरी सेमिनार का प्रशिक्षण प्राप्त करके ही आए थे। ताइक्कांडो में दो इवेंट होते है, एक क्योरोगी दूसरा पूमसे श्याम जी दोनो प्रकार के निर्णायक होने की पात्रता प्राप्त कर नया कार्तिमान बना लिया है। जिला संघ के अध्यक्ष इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी उपाध्यक्ष डॉ प्रत्युष तिवारी, महासचिव हिमांशु यादव, लीगल एडवाइजर ध्रुव दत्त मिश्रा ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। वही सह सचिव रोहित द्विवेदी, हरिगोविन्द, कोषाध्यक्ष नबीला ने बताया के श्याम जी जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए नजर आयेंगे। मीडिया प्रभारी तरुण गुप्ता जी, पदाधिकारियों ने श्याम जी के बेहतर भविष्य की कामना की।

# स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

- राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषद तुलसी शाखा ने स्वामी विवेकानंद जी की 161 वीं जयंती पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं गोष्ठी का आयोजन डाक्टर महेंद्र सिंह प्राचार्य एवं डॉक्टर उदयवीर की के संयोजन में कर्म क्षेत्र महाविद्यालय इटावा के सभागार में किया। इस अवसर पर तुलसी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को हम सब राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल 12 जनवरी को



मनाया जाता है। यूएनओ द्वारा साल 1984 में युवा दिवस मनाने की शुरुआत हुई थी। युवाओं का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। इस दिन को मनाने का मकसद युवाओं को प्रेरित करना होता है । उन्होंने आगे बताया कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था तथा भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस को मनाने की शुरुआत साल 1985 से हुई। तब से यह दिवस लगातार मनाया जाता है। इस अवसर पर कर्म क्षेत्र महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिए भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में जाने जाते हैं। काफी कम उम्र में उन्होंने अपने विचारों से अपनी एक अलग पहचान कायम कर ली थी । उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। इस वजह से भी इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा देश का महत्वपूर्ण अंग है जो देश को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर परिषद की तरफ से अंजू चौधरी जी , मंजू, पंकज, शमीम , अवधेश, डॉ कैलाश यादव अध्यक्ष, प्रीतम खन्ना, शमीम बेगम, मौसमी पाल, संगीता सिंह, सलिल सिंह एवं नाजिमा सहित अन्य सदस्य उपस्थिति रहे।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बरसाना परिक्रमा मार्ग एवं बरसाना स्थित माता जी गौशाला तथा बरसाना में निर्माणाधीन सी.बी.जी प्लांट के कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने परिक्रमा मार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं ससमय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े शब्दों निर्माण एजेन्सी के पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि उक्त कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता के कोई समझौता नहीं होना चाहिए, यदि ऐसी कोई शिकायत मिलती है, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।श्री सिंह ने निर्माणाधीन सड़क कार्य को ससमय पूर्ण करने, परिक्रमा मार्ग पर लाइटिंग व्यवस्था, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाएं हेतु सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखे। श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत निर्माणाधीन कार्यों में गति लायें और उन्हें ससमय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नियमित साफ सफाई, उचित दूरी पर पेयजल एव शौचालय, पॉलिथीन मुक्त परिक्रमा मार्ग और परिक्रमा में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, अतिक्रमण मुक्त मार्ग तथा परिक्रमा मार्ग की सभी नालियों को ढकने का कार्य करें, खराब सड़क की पैचिंग की जाए।

# ई वी एम के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत देश के 567 जिलों सहित मथुरा में भी धरना प्रदर्शन कर को नगर मजिस्ट्रेट मथुरा के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया उपरोक्त ज्ञापन में हवाला दिया गया है कि दिनांक 8 अक्टूबर 2013 को देश की सर्वोच्च न्यायालय ने भी माना है कि ईवीएम से मुक्त निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव नहीं हो सकता है। इसके अलावा भी ज्ञापन में ईवीएम एवं चुनाव आयोग पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिसमें मुख्य रूप से चुनाव आयोग के द्वारा 2014 में वीवीपीएटी मशीन ना के बराबर लगाया जाना, चुनाव आयोग के द्वारा पुरानी मशीनों का इस्तेमाल करना, वीवीपीएटी मशीन से निकलने वाली पर्चियां चुनाव आयोग ने चार महीने में ही क्यों नष्ट कर दी, चुनाव आयोग को 112 लोगों के सवाल जिसका चुनाव आयोग ने अभी तक जवाब नहीं दिया है आदि गंभीर आरोप लगाए गए हैं। 2024 के चुनाव से ईवीएम को हटाए जाने को लेकर 31 जनवरी 2024 को भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व में लाखों लोगों का महामोर्चा केंद्रीय चुनाव आयोग नई दिल्ली पर ले जाया जाएगा। उपरोक्त धरने पर छत्रपाल सिंह निषाद प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मैराज अली, महताब सिंह, मौ. शाकिर, कन्हैया सैनी, गोकुलेश सैनी, अब्दुल रशीद, राजू, जितेन्द्र सिंह अध्यक्ष डा. अम्बेडकर सामाजिक अधिकार मंच, ऋषि कुमार, मुरारी, जगदीश, अमर चंद, वीरेंद्र, विष्णु, गनपत, आसिफ कुरैशी, मोहन दास, तेजसिंह, मनीराम, नवल सैनी, आदि उपस्थित रहे।

# बरसाना में लाडली मंदिर का रोपवे 7 वर्षों से अधूरा

अवधनामा संवाददाता

- सपा सरकार में किया गया था उद्घाटन
- पीपीपी मॉडल पर रोप वे का निर्माण होना था

**मथुरा।** राधे तू बड़ भागिनी ,कौन तपस्या कीन......। राधे ही नहीं, अब तो यहां आने वाला हर कोई अपने को भाग्यशाली मानता है। लाडली जू के दर्शन से ही उनकी व्याधि खत्म हो जाती है।

बरसाना उभरते हुए धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रहा है। यहां हर रोज देश- विदेश के कोने कोने से श्रद्धालू पहुंच रहे हैं और खुद को कृतार्थ मान रहे हैं। लेकिन सरकार कान पर ठीकरा रख कर बैठी है। इससे लाखों श्रद्धालु आहत हैं। हर रोज आने वाले हज़ारों श्रद्धालु और पर्यटकों को मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से ही प्रस्तावित अधूरे प्रोजेक्ट के पूरे होने की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि मंदिरों को सहेजने वाली यह सरकार भी इस मामले में चुप्पी साधे बैठी है। सोशल मीडिया पर भी यह मसला खासा ट्रेंड कर रहा है। विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को ट्वीट किया है और कार्य को पूर्ण करने की उम्मीद जताई है। श्याम गुप्ता ने फेसबुक पर लिखा है कि नई सरकार की पुरानी सरकार के अधूरे कार्यों को पेंडिंग डालने की फितरत बन जाती है। बरसाना में ऐसा ही दिख रहा है। आरपी अवस्थी पोस्ट करते हैं, धर्म और समाज के लिए अधूरे कार्य पूरे किए जाना नितांत जरूरी है।

दूसरी ओर समाज और राजनैतिक हल्के के लोग भी इससे प्रक्रिया से नाखुश है। रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष व क्षत्रिय राजपूत महासभा के संरक्षक कुँवर नरेंद्र सिंह ने बरसाना में रोप वे के पूर्ण कराने की मांग उठाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। धार्मिक स्थलों पर मूलभूत समस्याओं से उसे कोई सरोकार नहीं है । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी अनूप सिंह कहते हैं, जनता और लाखों श्रद्धालुओं से जुड़ा मसला है। भाजपा को राजनीति करने के बजाय इस तरह के मुद्दे तुरंत समाप्त कर देने चाहिए। बताते चलें 2016 में समाजवादी प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीपीपी मॉडल पर यहां रोप वे को हरी झंडी दिखाई थी और योजना को जमीन पर उतारा गया था।

### सपा सरकार में रोपवे का हुआ था उद्घाटन

2016 में समाजवादी प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पीपीपी मॉडल पर बरसाना में रोपवे का उद्घाटन किया था और युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया था, तभी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार में सूबे की कमान सम्हाली और रोपवे मसला ठंडे बस्ते में चला गया।

# धूमधाम के साथ मनाया जाएगा रामानन्दाचार्य जयंती महोत्सव

अवधनामा संवाददाता

- चौदह जनवरी से शुरू होगा जयंती महोत्स

**मथुरा।** गोवर्धन गिरिराज धाम गोवर्धन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गिरिराज धाम गोवर्धन के आन्यौर परिक्रमा मार्ग में स्थित रामानंद आश्रम में 14 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक रामानन्दाचार्य जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।जानकारी के मुताबिक यह जयंती महोत्सव का 33 वां आयोजन होगा।वही जयंती महोत्सव को लेकर आश्रम में कुशल कारीगरों द्वारा तैयारी की जा रही।आश्रम के सन्त राम अनु ग्रह दास द्वारा बताया गया कि यह आयोजन गोवर्धन पीठाधीश्वर गोलोकबासी कंचन दास महाराज के सानिध्य में मनाया जा रहा है।और यह जयंती महोत्सव 33 वां है।जिसमे श्री भक्ति प्रकाश रामलीला मण्डल के द्वारा रामलीला का आयोजन होगा।वही महोत्सव के दौरान अयोध्या में 22 जनवरी को विराजमान होने जा रहे रामलला को लेकर भी जहां आश्रम में विशेष तैयारी की जा रही है।वही बताया गया कि 22 जनवरी को आश्रम में 1008 दीप जलाकर दीपोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।वही वार्ता के दौरान आश्रम के महंत राम अनुग्रह दास महाराज ने कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी।

# संस्कृति विवि के एक और अविष्कार को सरकार ने दिखाई हरी झंडी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पेटेंट दाखिल करने में देश के सबसे आगे रहने वाले संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग ने एक नए अविष्कार को जन्म दिया है। सरकार की ओर से इस खोज का पेटेंट भी ग्रांट किया जा चुका है। अब कांच की कटिंग के दौरान कांच के टूटने का खतरा न के बराबर होगा। संस्कृति विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने विवि की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि इस उन्नत ग्लास ड्रिलिंग उपकरण का अविष्कार विवि के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से, वर्तमान आविष्कार कांच की सतह को टूटने से बचाने के लिए ड्रिलर के



स्वचालित संचालन के लिए कांच की सतह के प्रकार, आवश्यक दबाव और मोटाई का आकलन करने के लिए विकसित एक उन्नत ग्लास ड्रिलिंग उपकरण है। इस उपकरण में असमान सतह और ग्लास पर किसी भी क्षति की उपस्थिति का निर्धारण करने के लिए एक छवि कैप्चर होगी। तापमान का पता लगाने के लिए एक सेंसिंग यूनिट 3, 4, 5, 6 शामिल है। ग्लास की मोटाई और नमी की मात्रा, जिसमें ग्लास के प्रकार और मोटाई के आधार पर, माइक्रोकंट्रोलर ग्लास पर लागू होने वाले दबाव को निर्धारित करता है। उपयोगकर्ता द्वारा लागू वास्तविक समय, दबाव को मापने के लिए एक दबाव सेंसर, एक मोटर जो उस गति से घूमती है जो कांच को टूटने से बचाता है। इस उपकरण में एक कंट्रोल पैनल होगा जो कांच के ज्ञात प्रकार, तापमान और मोटाई, तेल और ठंडे पानी के भंडारण के लिए चैंबर की बहुलता को प्रदर्शित करता है। इसमें नोजल नमी की मात्रा के मामले में कांच पर क्रमशः तेल और पानी के निर्वहन के लिए सक्रिय होते हैं और कांच का तापमान एक सीमा से अधिक हो जाता है।

श्रीमती शर्मा ने बताया यह आविष्कार कांच की सतह के प्रकार, तापमान और मोटाई को निर्धारित करने और कांच की सतह को तोड़े बिना सुचारू संचालन के लिए ड्रिल बिट्स से जुड़ी मोटर की गति को स्वचालित रूप से बदलने के लिए विकसित किया गया है। यह आविष्कार ड्रिलिंग के दौरान कांच को बिखरने से बचाने के लिए कांच की सतह को ठंडा करने और नमी हटाने के लिए कांच की सतह पर तेल और ठंडा पानी डालता है। यह आविष्कार सटीक छेद ड्रिलिंग के दौरान कांच की सतह पर ड्रिलर की मजबूत पकड़ प्रदान करता है। साथ ही आविष्कार का मुख्य उद्देश्य उपयोगकर्ता के अनुकूल और उसको विश्वसनीय उपकरण प्रदान करना है।

# केएम विवि का भ्रमण करने पहुंचा छात्र-छात्राओं का ग्रुप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय की विजिट करने के लिए आज एसबीएस इंटर कालेज बछगांव के 12वीं कक्षा के बायोलॉजी और मैथ्स के छात्र-छात्राएं पहुंची। यहां उन्होंने प्रयोगशाला, म्यूजियम एनाटोमी, लाइब्रेरी संचालित कक्षाओं सहित खेल मैदान और हॉस्पिटल का भ्रमण किया। इस दौरान विवि के फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंस डीन डा. धर्मराज सिंह बच्चों को विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली एवं छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी दी। एसबीएस इंटर कालेज के प्रवक्तागण सुभाष चंद, कृष्ण बिहारी अपने कॉलेज के बॉयोलॉजी और मैथ के 34 छात्र-छात्राओं को लेकर गुरुवार केएम विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां विवि के कुलसचिव पूरन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उनको करवाया कि विश्वविद्यालय में संचालित कक्षाएं, शिक्षक एवं शिक्षा प्रणाली रोजगारपरक व भविष्योन्मुखी है तथा संचालित कोर्सेस में छात्र एवं छात्राओं को अवगत भी कराया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज ओझा ने बताया कि बच्चों का ग्रुप आज यहां केएम विवि पहुंचा है यहां बच्चों ने हॉस्पिटल की निःशुल्क सेवाओं को देखा तथा बॉयोकैमिस्ट्री, एनाटॉमी सहित कई डिपार्टमेंट्स का भ्रमण कर करते हुए कैम्पस की प्रशंसा की।

# मॉरीशस का प्रतिनिधिमंडल ब्रज संस्कृति से हुआ गदगद

- वृंदावन के बैकुंठ धाम में आयोजित हुई धर्म संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति के तत्वावधान में पुष्पांजलि बैकुंठ मंदिर पर एक धर्म संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मॉरीशस से आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने ब्रज के संतों, धर्माचार्यों और विद्वतजनों से भेंटकर सनातन धर्म, संस्कृति, सभ्यता व भगवद भक्ति के बारे में जाना-पहचाना। मॉरीशस से आए प्रतिनिधिमंडल ने जब धर्माचार्यों से राम व कृष्ण की संस्कृति को जाना तो वह गदगद हो गए।




अध्यक्षता करते हुए स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि जब दो देश आपस में मिलते है, मैत्री करते है। तब आनंद व परस्पर प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। मॉरीशस और भारत का संबंध वर्षों पुराना है। जिसका हमेशा आधार स्तंभ भगवद भक्ति ही रही। मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता उसकी विश्वव्यापी पहचान होती है। भारत की संस्कृति भक्ति, आध्यात्म और सनातन धर्म से परिपूर्ण वो संस्कृति है। जैसे सदैव पूरे विश्व की लोग आत्मसात करने के लिए लालयित रहते है। भागवताचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि मॉरीशस वर्षो से भारत का अभिन्न मित्र रहा है, क्योंकि दोनों देशों की संस्कृति और सभ्यता एक दूसरे की पूरक रही है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बीडी अग्रवाल ने कहा कि मानव जीवन की पूर्णता भगवान की भक्ति से होती है। भगवान का दिया जीवन हम सब जी रहे है और जब जीवन से प्रभु भक्ति का समावेश नहीं होता है , तो जीवन अनेक कष्टों से घिर जाता है। अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि भारत और मॉरीशस की मित्रता संपूर्ण विश्व के लिए आज भी एक आदर्श है। दो देशों के लोग सदैव एक- दूसरे की संस्कृति की गहराईयों को जानने के लिए उत्सुक रहते है। डॉ गिरीश गुप्ता ने बताया कि मॉरीशस से 14 सदस्यीय विदेशी अतिथियों का आगमन हुआ है। यह 14 लोग भारत की संस्कृति, सभ्यता, सनातन धर्म, आध्यात्म का प्रचार-प्रसार मॉरीशस में करेगें।

इससे पूर्व मॉरिशस से आए प्रतिनिधिमंडल ने धर्मनगरी के विभिन्न मंदिर- देवालयों के दर्शन कर करीब से ब्रज की संस्कृति के साथ वसुधैव कुटुंबकम की परपंरा को जाना। इसके अलावा ब्रज के खान-पान का पारंपरिक स्वाद लिया।

इस अवसर पर बीबी रसीदा, रवीन्द्र पाटपुर, सबेरा अब्बास ममोदे, गुरचरण दुखित लोअर, रवीन्द्रनाथ गोपॉल, सुप्रमण्येन पाडियाची गौंडन, गुइरधर्री जुग्गेसुर, तेजमुन लल्लू, जयलाल मत्तारूआ, राज ताराचंद रिवियेर, हैरीडियो हर्दयाल, महेंद्रलाल रामदास , बीजाउंटी माला, डॉ. विवेक प्रिय आर्य,

डॉ नवीन पट्ठु, गिरधारी, ईश्वरचंद्र रावत, दीपक गोयल, विनोद दुबे आदि उपस्थित थे।

# हताशा: प्रशासन रोजगार नहीं दे पा रहा तो जहर ही दे दे: डीलर्स

अवधनामा संवाददाता

- डीलर्स ने बनाई जिला मथुरा ई-वाहन व्यापार एसोसिएशन
- नगर निगम और गोवर्धन को अन्य क्षेत्रों में बिक्री करने की छूट देने की मांग

**मथुरा।** मथुरा- वृंदावन और गोवर्धन में लगने वाले जाम का कारण ई-रिक्शा को बताकर प्रशासन ने इनकी बिक्री पर रोक लगा दी है। एआरटीओ कार्यालय में इनका पंजीकरण नहीं होने से जिले में ई-रिक्शा नहीं बिक पा रहे हैं। प्रशासन की इस नीति से डीलर्स भी मुसीबत में आ गए। गुरुवार को डीलर्स ने अपनी मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा, प्रशासन रोजगार नहीं दे पा रहा है तो डीलर्स को जहर ही दे दे। मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन कस्बा में जाम की समस्या है। प्रशासन ने इसका कारण ई-रिक्शा को बताया है। प्रशासन का मानना है, सड़कों पर इनकी संख्या अत्यधिक हो गई है। इसलिए जाम की समस्या बनी हुई है। इसको लेकर के डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने पूर्व में ही ई-रिक्शा की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। एआरटीओ को भी ई-रिक्शा का पंजीकरण न करने के निर्देश दिए गए थे। इसलिए इनकी जिले में कहीं भी बिक्री नहीं हो पा रही है। प्रशासन की इस नीति से परेशान डीलर्स ने जिला मथुरा ई-रिक्शा व्यापार एसोसिएशन गठित की है। गुरुवार को जयगुरूदेव रेस्टोरेंट पर एसोसिएशन ने बुलाई पत्रकार वार्ता में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा, प्रशासन जब उनको रोजगार को उजाड़ रहा है तो उनको रोजगार की व्यवस्था करे। अगर, वह यह नहीं कर सकता है तो डीलर्स का जहर ही दे दे। संतोष यादव और जगराम भारतीय ने कहा, दो महीने हो गए। ई-रिक्शा का पंजीकरण न होने से इनकी बिक्री नहीं हो पा रही है। इसके कारण वह अपने कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दे पा रहे हैं। यहां तक उनके सामने भी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। उन्होंने कहा, मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन में ई-रिक्शा जाम कारण बने हैं। उन्होंने कहा मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन में ई-रिक्शा जाम कारण बने हुए है तो वहां के लिए पंजीकरण न किए जाएं, लेकिन जिले के दूसरे हिस्सों में ई-रिक्शा का पंजीकरण तो खोला जा सकता है। उन्होंने कहा, अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक शंकर चौधरी भी मौजूद रहे।

# टीम इंडिया में होगी ईशान किशन की बतौर स्पेशलिस्ट विकेटकीपर वापसी : रिपोर्ट



ईशान किशन बतौर स्पेशलिस्ट विकेटकीपर इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में वापसी कर सकते हैं। टीम मैनेजमेंट का लक्ष्य केएल राहुल को विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की दोहरी जिम्मेदारियों से मुक्त करना है। जिसके चलते टेस्ट में ईशान को एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के तौर पर चुना जा सकता है।

भारतीय युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन जब से अफगानिस्तान सीरीज से ड्रॉप किए गए हैं तभी से वह सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि ईशान को अनुशासनात्मक कारणों से सीरीज से ड्रॉप किया गया है। जिसके बाद टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे खारिज कर दिया था।

अब राहुल द्रविड़ के इस बयान के बाद ये सवाल उठने लगे हैं कि, ईशान किशन की वापसी कैसे होगी? ऐसे में एक और रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कहा गया है कि ईशान किशन बतौर स्पेशलिस्ट विकेटकीपर इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में वापसी कर सकते हैं।

दरअसल, क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, टीम मैनेजमेंट का लक्ष्य केएल राहुल को विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी की दोहरी जिम्मेदारियों से मुक्त करना है। जिसके चलते टेस्ट में ईशान को एक स्पेशलिस्ट विकेटकीपर के तौर पर चुना जा सकता है। हालांकि, टीम इंडिया में वापसी के लिए किशन को डोमेस्टिक क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ईशान 19 जनवरी को झारखंड बनाम सर्विसेज मुकाबले में खेलते नजर आएंगे।

# राहुल द्रविड़ को आउट करना दिग्गज खिलाड़ियों के लिए भी नहीं था आसान, बनाए कई रिकॉर्ड्स

आज यानी की 11 जनवरी को भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं। राहुल न सिर्फ अपने क्रिकेट स्किल्स और रिकॉर्ड्स की वजह से जाने जाते हैं और वह हमेशा विनम्र और कूल अंदाज के लिए जाने जाते हैं।

इंडियन क्रिकेट और क्रिकेटर्स ने पूरी दुनिया में भारत देश का नाम रोशन किया है। भारत ने कई एक से बढ़कर एक क्रिकेट के दिग्गज दुनिया को दिए हैं। वहीं इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ का नाम भी शामिल है। आज यानी की 11 जनवरी को भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अपना 51वां जन्मदिन मना रहे हैं।

राहुल न सिर्फ अपने क्रिकेट स्किल्स और रिकॉर्ड्स की वजह से जाने जाते हैं और वह हमेशा विनम्र और कूल अंदाज के लिए जाने जाते हैं। क्रिकेट की दुनिया में वह मिस्टर कूल के नाम से फेमस हैं। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर फेमस पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के बारे में...

***जन्म और शिक्षा***

मध्य प्रदेश के शहर इंदौर में 11 जनवरी 1973 को राहुल द्रविड़ का जन्म हुआ था। हालांकि राहुल द्रविड़ का परिवार उनके जन्म के बाद बैंगलुरु में शिफ्ट हो गया था। जिसके बाद उनकी शुरूआती शिक्षा कर्नाटक में पूरी हुई थी। उन्होंने सेंट जोसफ ब्वॉय्ज हाई स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। वहीं सेंट जोसफ कॉलेज से ही राहुल ने एमबीए की डिग्री हासिल की थी। जिस दौरान राहुल द्रविड़ कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे, उसी दौरान उनका टीम इंडिया में सिलेक्शन हुआ था।



***शिद्दत से निभाते हैं जिम्मेदारी***

राहुल द्रविड़ को मिस्टर वॉल के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही यह टिकाऊ बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं। बताया जाता है कि जब राहुल द्रविड़ टेस्ट क्रिकेट में क्रीज पर टिक जाते थे, तो उनको आउट करना किसी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता था। साल 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के प्रदर्शन ने ये भी साबित कर दिया है कि राहुल द्रविड़ सिर्फ एक परफेक्ट प्लेयर ही नहीं बल्कि एक परफेक्ट कोच भी हैं। उन्होंने जब भी अपने कंधों पर कोई जिम्मेदारी ली है, तो उसको पूरी शिद्दत से निभाया भी है।

***जीरो पर नहीं हुए आउट***

आपको बता दें कि क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में राहुल द्रविड़ ने बिना जीरो या डक पर आउट हुए सबसे ज्यादा 173 पारि?यां खेलीं। उन्होंने 10 जनवरी 2000 से 6 फरवरी 2004 के बीच यह रिकॉर्ड बनाया था। इसके साथ ही 29 अगस्त 1999 से 6 फरवरी 2004 के बीच द्रविड़ 120 वनडे पारियों में भी 0 पर आउट नहीं हुए थे।

***कहा जाता है मिस्टर कूल***

अपने 16 साल के लंबे क्रिकेट करियर में राहुल द्रविड़ कभी अपना आपा खोते नहीं नजर आए। वहीं साल 2004 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए चैंपियंस ट्रॉफी मैच में द्रविड़ अपना आपा खो बैठे थे। दरअसल, द्रविड़ रन लेते समय शोएब अख्तर से टकरा गए। ऐसे में जब अख्तर उनको कुछ बोलने लगे, तो राहुल द्रविड़ ने अपना आपा खोते हुए शोएब अख्तर से बहसबाजी की। जिसके बाद अंपायर और बाकि खिलाड़ियों ने मामले को शांत कराया था।

***ऑस्ट्रेलिया को द्रविड़ से था खौफ***

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कैप्टन स्टीव वॉ मैच के दौरान अपने साथियों से कहते थे कि 15 मिनट में राहुल द्रविड़ का विकेट लेना है। वहीं ऐसा नहीं होने पर अन्य 10 खिलाड़ियों को आउट करने का प्रयास करना। बता दें कि स्टीव वॉ ही नहीं दुनिया के कई बड़े दिग्गज राहुल द्रविड़ के फैन हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा था कि राहुल द्रविड़ को गेंदबाजी कराना सचिन तेंदुलकर से भी ज्यादा मुश्किल था।

***राहुल के सम्मान में बनी दीवार***

अगर आप कभी आपचिन्ना स्वामी स्टेडियम जाएंगे, तो वहां पर आपकी मुलाकात द वॉल से होगी। स्टेडियम के बाहर दीवार पर लिखा है कि कमिटमेंट,क्लास और कंसिसटेंसी। दरअसल, टेस्ट में 10 हजार रन पूरे करने पर राहुल द्रविड़ के सम्मान में यह दीवार बनाई गई थी। इस दीवार का उद्घाटन सचिन तेंदुलकर ने किया था।

# अर्जुन अवॉर्ड मिलने के बाद समी ने बयां की दिल की बात, कहा- मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा



शमी ने अवॉर्ड मिलने के बाद कोच, साथी खिलाड़ियों और परिवार का आभार व्यक्ति किया। इंस्टाग्राम पर शमी ने लिखा, आज राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं उन सबी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में काफी मदद की।

टीम इंडिया के बेहतरीन गेंदबाज मोहम्मद शमी को मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस दौरान शमी के साथ 26 और एथलीटों को इस पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं शमी ये अवॉर्ड पाने वाले 58वें क्रिकेटर हैं। बता दें कि, अर्जुन अवॉर्ड खेल पुरस्कार में दूसरा सबसे बड़ा है। शमी ने अवॉर्ड मिलने के बाद अपने दिल की बात बयां की।

दरअसल, शमी ने अवॉर्ड मिलने के बाद कोच, साथी खिलाड़ियों और परिवार का आभार व्यक्ति किया। इंस्टाग्राम पर शमी ने लिखा, आज राष्ट्रपति द्वारा प्रतिष्ठित अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं उन सबी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में काफी मदद की और उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरा साथ दिया। मेरे कोच, बीसीसीआई, टीम के साथियों, मेरे परिवार और स्टाफ साथ ही मेरे फैंस का बहुत शुक्रिया। मेरी कड़ी मेहनत को पहचानने के लिए धन्यवाद। मैं हमेशा अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करूंगा। फिर से सभी को धन्यवाद। साल 2023 शमी के लिए बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में पूरी दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 में सनसनीखेज प्रदर्शन के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शमी के नाम की सिफारिश की थी। शमी ने विश्व कप 2023 को टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में समाप्त किया, केवल 7 मैचों में 24 विकेट लिए।


# अच्छी शुरूआत के बावजूद हारे श्रीकांत, टूर्नामेंट से हुए बाहर



भारत के किदाम्बी श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13 . 21, 17 . 21 से पराजय झेलनी पड़ी।

श्रीकांत की शुरूआत अच्छी रही और एक समय वह 6 . 1 से आगे चल रहे थे लेकिन फिर उन्होंने गलतियां करनी शुरू की और का लोंग ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की। पिछले दो मुकाबलों में श्रीकांत ने का लोंग को हराया था लेकिन इस बार लय कायम नहीं रख सके और पहला गेम आसानी से गंवा दिया। दूसरे गेम में एक समय उनके पास 11 . 10 की बढत थी लेकिन फिर गलतियों से वह उबर नहीं सके।

# अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण पदक, चीन के पहलवान को किया चित



भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10.0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिये यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किये के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15.4 से जीत के साथ आगाज किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11.0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11.0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

एशियाई खेलों में रजत और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले फ्रीस्टाइल पहलवान दीपक पूनिया86 किलोवर्ग के पदक दौड़ में जगह नहीं बना सके। वह पहले दौर में कजाखस्तान के अजमत दौलतबेकोव से हार गए। रेपेशॉज में उन्होंने एक मुकाबला जीता और एक हार गए।

# मेट्रो इन डिनो को मिली नई रिलीज डेट,आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान की फिल्म अब इस तारीख को होगी रिलीज



फिल्म निर्माता अनुराग बसु की आगामी निर्देशित फिल्म मेट्रो...इन डिनो एक बार फिर से चर्चा में हैं। फिल्म पहले 29 मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है। अब यह 30 सितंबर को रिलीज होगी।

फिल्म निर्माता अनुराग बसु की आगामी निर्देशित फिल्म मेट्रो...इन डिनो एक बार फिर से चर्चा में हैं। फिल्म पहले 29 मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली थी लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है। अब यह 30 सितंबर को रिलीज होगी। आगामी फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेनशर्मा, अली फज़ल और फातिमा सना शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म बसु की 2007 की फिल्म लाइफ इन ए मेट्रो (2007) का सीक्वल है, जो मूल रूप से 8 दिसंबर, 2023 को स्क्रीन पर रिलीज होने वाली थी।

ट्रेड एनालिस्ट और फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर यह खबर साझा की। कैप्शन में तरण ने लिखा, अनुराग बसु की एंथोलॉजी मेट्रो... इन डिनो की नई रिलीज डेट अनुराग बसु द्वारा निर्देशित एंथोलॉजी-को नई रिलीज डेट मिली-13 सितंबर 2024। निर्माताओं ने घोषणा की कि रिलीज़ को 29 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। भूषण कुमार और अनुराग बसु की फिल्म ने हाल ही में अपनी नई रिलीज डेट की घोषणा की है।

***फिल्म के बारे में***

यह फिल्म समसामयिक सेटिंग में कड़वे रिश्तों की कहानियों का अनुसरण करती है, जिसमें प्यार के विभिन्न पहलुओं, रंगों और मनोदशाओं की खोज की गई है। सीरीज की पिछली फिल्म में कंगना रनौत, शाइनी आहूजा, शिल्पा शेट्टी, धर्मेंद्र, इरफान खान और के के मेनन प्रमुख भूमिकाओं में थे। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित, मेट्रो इन डिनो का संगीत प्रीतम द्वारा रचित है। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु ने किया है।

# रकुल प्रीत सिंह ने पहली बार जैकी भगनानी के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर रिएक्ट किया, वीडियो वायरल

ऐसा लग रहा है कि एक और बॉलीवुड जोड़ी की शादी की शहनाई बज रही है। चर्चा है कि रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इस फरवरी में शादी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रकुल ने पहली बार शादी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी।

ऐसा लग रहा है कि एक और बॉलीवुड जोड़ी की शादी की शहनाई बज रही है। चर्चा है कि रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी इस फरवरी में शादी करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रकुल ने पहली बार शादी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी, जब पपराज़ी ने उनसे शादी के लेकर सवाल किया तो वह मुस्कुराकर चली चली गयी।



जब अभिनेत्री को हवाई अड्डे पर देखा गया, तो लोगों ने फरवरी में होने वाली शादी के बारे में पूछकर उन्हें चिढ़ाया। हालाँकि रकुल ने कुछ नहीं कहा, लेकिन वह मुस्कुराना और शरमाना बंद नहीं कर सकीं। दरअसल, अपने टिकट दिखाते समय वह एक बार फिर पीछे मुड़ीं और उन्हें देखकर मुस्कुराई और अफवाहों को स्वीकार करती नजर आई।

शादी की अफवाहों के बारे में बात करते हुए, पपराज़ी वरिंदर चावला ने पहले अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दावा किया था कि इस जोड़े की शादी 22 फरवरी, 2024 को होने की संभावना है। कथित तौर पर, यह परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में एक अंतरंग समारोह होगा। गोवा। हालाँकि, अभी तक इस बारे में दोनों की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। यह पहली बार नहीं है कि रकुल और जैकी की शादी की तारीखों की खबरें सुर्खियां बनी हैं। पिछले साल भी इसी तरह की खबरों ने सभी का ध्यान खींचा था, लेकिन बाद में अभिनेत्री ने इसका खंडन किया था।

रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की प्रेम कहानी किसी से छुपी नहीं है। दोनों 2021 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले रकुल ने अपने बॉयफ्रेंड के जन्मदिन पर उसके लिए एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा था। उन्होंने हैप्पी जन्मदिन मुबारक हो आपके इस जन्मदिन पर और हर दिन मैं कामना करती हूं कि आपको वह सब भरपूर मिले जो आप चाहते हैं। आपकी दयालुता और मासूमियत मिलना दुर्लभ है, आपके चुटकुले सबसे मूर्खतापूर्ण हैं लेकिन मुझे स्वीकार करना होगा कि वे मजाकिया हैं। इससे पहले अनुपमा चोपड़ा के साथ एक इंटरव्यू में रकुल ने जैकी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, हम दोनों की राय है कि रिश्ते में छिपाने या चालाकी करने जैसा कुछ भी नहीं है। यदि आप एक हैं, तो सबसे अच्छी बात यह है कि एक-दूसरे को सम्मान दें और इसे स्वीकार करें। चलो सामना करते हैं। हम सभी जानते हैं कि छिपते-छिपाते और भागते जोड़े कौन हैं। हम दोनों उस विचारधारा के स्कूल से नहीं आते हैं।

# ईसाई धर्म से प्रेरित समारोह में आमिर खान की बेटी इरा ने नुपुर शिखारे से रचाई शादी

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी इरा खान और नुपुर शिखारे की शादी 10 जनवरी को उदयपुर में हुई। 3 जनवरी को इरा ने नुपुर के साथ मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज की, जिसके बाद इरा ने उदयपुर में नुपुर के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग की।

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की बेटी इरा खान और नुपुर शिखारे की शादी 10 जनवरी को उदयपुर में हुई। 3 जनवरी को इरा ने नुपुर के साथ मुंबई में रजिस्टर्ड मैरिज की, जिसके बाद इरा ने उदयपुर में नुपुर के साथ डेस्टिनेशन वेडिंग की। झीलों की नगरी में पिछले कई दिनों से कई शादी समारोह और उत्सव चल रहे हैं, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे हैं। अब इरा और नुपुर की शादी की लेटेस्ट तस्वीरें और वीडियो भी सामने आ गए हैं, जिनका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस जोड़े ने बुधवार को उदयपुर के अरावली हिल होटल में करीबी दोस्तों और



परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शादी कर ली। लेकिन यह शादी न तो हिंदू और न ही इस्लाम पारंपरिक समारोह के अनुसार आयोजित की गई थी, बल्कि यह ईसाई-प्रेरित थी।

वीडियो में इरा को सफेद दुल्हन का गाउन पहने देखा जा सकता है। वहीं, नुपुर ने बो टाई के साथ बेज रंग का फॉर्मल सूट पहना था। वीडियो में नूपुर को हाथों में फूलों का गुलदस्ता लिए नूपुर का हाथ पकड़कर रेड कार्पेट पर चलते हुए भी दिखाया गया है।

***शादी के बाद इरा-नुपुर का रोमांटिक डांस***

इरा खान और नुपुर शिखारे का एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दोनों अपनी क्रिश्चियन शादी के बाद डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में नवविवाहित जोड़े को एक-दूसरे के प्यार में डूबे देखा जा सकता है। उन लोगों के लिए, जो नहीं जानते हैं, नूपुर शिखारे एक फिटनेस कोच हैं और उन्होंने आमिर खान और सुष्मिता सेन सहित कई मशहूर हस्तियों को प्रशिक्षित किया है। कोरोनोवायरस लॉकडाउन के दौरान उनकी मुलाकात इरा से हुई और उन्हें उनसे प्यार हो गया। यह जोड़ी सोशल मीडिया पर अपने प्यार को साझा करने से कभी नहीं कतराती और नवंबर 2022 में सगाई कर ली।

# अंकिता लोखंडे को जिताना चाहती हैं कंगना रनौत, सास के इंटरव्यू पर दिया अपना रिएक्शन



कंगना रनौत अपनी मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ़ झाँसी की सह-कलाकार अंकिता लोखंडे, जो बिग बॉस 17 की प्रतियोगी हैं, के समर्थन में सामने आई हैं और उन्होंने साझा किया कि मीडिया झूठी कहानी बनाकर उनके परिवार को तोड़ने का प्रयास कर रहा है।

कंगना रनौत अपनी मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ़ झाँसी की सह-कलाकार अंकिता लोखंडे, जो बिग बॉस 17 की प्रतियोगी हैं, के समर्थन में सामने आई हैं और उन्होंने साझा किया कि मीडिया झूठी कहानी बनाकर उनके परिवार को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अंकिता की सास के इंटरव्यू का एक अंश साझा किया, जहां वह इस बारे में बात करती नजर आ रही हैं कि उन्हें ट्रॉफी क्यों उठानी चाहिए।

तेजस अभिनेत्री ने लिखा, मीडिया उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है, अंत में वह हंसी भी पसंद है हा हा बहुत प्यारी चाची, रियलिटी शो आते हैं और जाते हैं लेकिन परिवार हमेशा के लिए है, मुझे उम्मीद है कि मेरी दोस्त जीतेगी लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं। इस हफ्ते की शुरुआत में, बिग बॉस ने बीबी हाउस के अंदर प्रत्येक सदस्य के परिवार के एक सदस्य को उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शो में प्रवेश करने की अनुमति दी थी। अंकिता लोखंडे की मां बिग बॉस 17 के घर में प्रवेश करने वाली पहली व्यक्ति थीं। अंकिता को उम्मीद थी कि उसकी सास उसके व्यवहार के बारे में शिकायत करेगी लेकिन इसके बजाय, जब वह घर में दाखिल हुई तो शुरुआत में उसने उसे बहुत लाड़-प्यार दिया।

अंकिता को विक्की की मां के साथ अकेले में बात करते हुए भी देखा गया जो अंततः बहस में बदल गई। विक्की की मां अंकिता से कहती हैं, जब तुमने विक्की को लात मारी तो विक्की के पिता ने तुरंत तुम्हारी मां को फोन किया और पूछा कि क्या तुम भी अपने पति को इसी तरह लात मारती हो। ये सुनकर अंकिता दंग रह गई। इसके बाद एक्टर ने अपनी सास पर पलटवार करते हुए कहा, मुझे मां को बुलाने की क्या जरूरत थी, मेरी मां वहां अकेली हैं, मेरे पिता की मृत्यु हो गई है, मामा। कृपया मेरे माता-पिता को मत पकड़ो।

बिग बॉस 17 के घर में अंकिता और उनके पति अक्सर झगड़ते और लड़ते नजर आते हैं। ये जोड़ी तलाक के बारे में भी बात करती नजर आई थी।

# जमानत आदेश के बावजूद व्यवसायी की अवैध हिरासत सुप्रीम कोर्ट की घोर अवमानना

## सूरत के न्यायिक मजिस्ट्रेट को पेश होने के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के एक कारोबारी को अग्रिम जमानत दिए जाने के बावजूद उसे पुलिस

**पालन**

> **जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा- ऐसा लगता है कि गुजरात अलग कानूनों का पालन करता है।**

हिरासत में रखने को घोर अवमानना करार देते हुए बुधवार को पुलिस के जांच अधिकारियों और सूरत के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किए तथा उन्हें 29 जनवरी को व्यक्तिगत तौर पर अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया। धोखाधड़ी के एक मामले में सूरत निवासी तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत की अनुमति देने वाली पीठ उस वक्त नाराज हो गई जब उसे अवगत कराया गया कि व्यवसायी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था और कथित तौर पर 1.65 करोड़ रुपये की उगाही के



लिए शिकायतकर्ता की मौजूदगी में उसे धमकी दी गई और पीटा गया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा- ऐसा लगता है कि गुजरात अलग कानूनों का पालन करता है। यह दुनिया की हीरे की राजधानी में हो रहा है। यह पूरी तरह से हमारे आदेशों का उल्लंघन है। मजिस्ट्रेट और जांच अधिकारी हमारे सामने पेश हों और बताएं कि हिरासत आदेश कैसे पारित किए गए। हम पुलिस महानिदेशक को निर्देश देंगे कि अवमाननाकर्ताओं को साबरमती जेल या कहीं और भेजें। उन्हें 29 जनवरी को यहां पेश होने के लिए आने दें और एक हलफनामे में हमें हिरासत के कारण बताएं। यह घोर अवमानना का मामला है। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल एच. सैयद और अधिवक्ता मोहम्मद असलम ने कहा कि उन्होंने 13 दिसंबर से 16 दिसंबर, 2023 तक सूरत के वेसु पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने के लिए पुलिस आयुक्त के समक्ष एक आवेदन किया है। इसी अवधि के दौरान याचिकाकर्ता पुलिस हिरासत में था। पीठ ने पूछा कि अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता को हिरासत में कैसे लिया जा सकता है? आइओ (जांच अधिकारी) याचिकाकर्ता की हिरासत मांगने की हिम्मत कैसे कर सकता है?

कोर्ट ने गुजरात सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू से सीसीटीवी फुटेज के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने कहा कि कैमरे काम नहीं कर रहे थे। इस पर नाराज जस्टिस मेहता ने कहा- यह अपेक्षित था।

# टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग पर भारतीय सेना का ध्यान: जनरल मनोज पांडे



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच साल 2020 में गलवान में हिंसक संघर्ष हुआ था। इसके बाद चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय सैनिकों के बीच अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में संघर्ष हुआ।

इन घटनाओं की वजह से दोनों देशों के रिश्तों में दरार बढ़ती गई। चीन अपनी विस्तारवाद नीति से बाज नहीं आ रहा है, जिसकी चिंता भारत सेना को लगातार सता रही है। भारतीय सेना चीन के हर नापाक मंसूबे को जवाब देने के लिए तैयार है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने चीन से सटे सीमा की स्थिति की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि सीमा पर हालात स्थिर है, स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। सीमा पर हमारी तैयारी उच्च स्तर की है। पूर्वी लद्दाख में हमारी सेना किसी भी हालात से निपट सके इसके लिए हम सीमा पर पर्याप्त संसाधन भेजना जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि चीनी सेना द्वारा हमारे देश की सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की गई, लेकिन हमारे तरफ से संघर्ष विराम जारी रहा। वहीं, हमारी सेना एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर रही है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के अंदर हिंसक घटनाओं में कमी आई है। हालांकि, राजौरी-पुंछ सेक्टर में हिंसक घटनाएं बढ़ी हैं। हमारी कोशिश होगी कि इस साल हम सेना के आधुनिकीकरण और टेक्नोलॉजी के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दें। वहीं, सेना प्रमुख ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर कहा कि भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है। हम वहां के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। कुछ दिनों पहले म्यांमार के 151 सैनिक अपने देश से भागकर मिजारम के लांग्टलाई जिले में आ गए थे।

# ईशनिंदा के आरोप में 2010 में काट दिया था प्रोफेसर का दाहिना हाथ

**नई दिल्ली।** केरल में ईश निंदा के आरोप में प्रोफेसर की कलाई काटने वाले प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन PFI के एक सदस्य को 13 साल बाद हद्ध ने गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि इडुक्की जिले के थोडुपुजा में चार जुलाई, 2010 को न्यूमैन कालेज के प्रोफेसर टीजे जोसेफ का दाहिना हाथ काटने वाले मुख्य आरोपित सवाद उर्फ शाहजहां की गिरफ्तारी पर दस लाख रुपये का इनाम रखा गया था। उसे बुधवार सुबह कन्नूर जिले के मट्टनूर से गिरफ्तार किया गया है।

एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि सवाद अपराध करने के बाद से फरार था। वह कन्नूर में पत्नी और दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रह रहा था। वह वहां बतौर बढ़ई काम करता था। वहीं, स्थानीय निवासी नौफाल ने बताया कि सवाद ने कसूरगढ़ में PFI की राजनीतिक शाखा से जुड़े व्यक्ति की बेटी से शादी की है। एर्नाकुलम का रहने वाला सवाद उन सात आरोपितों में शामिल है जिन्होंने प्रोफेसर टीजे



जोसेफ के दाहिने हाथ की कलाई को तब काटा था जब वह अपनी मां और बहन के साथ चर्च से घर लौट रहे थे। हमलावरों ने उन्हें यह कह कर धमकाया था कि कालेज की परीक्षा में उन्होंने ईशनिंदा संबंधी सवाल पूछे थे।मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के बारे में प्रोफेसर जोसेफ से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि इस हमले का मुख्य अपराधी यानी मास्टरमाइंड अभी भी छिपा बैठा है। जांच अभी उन तक पहुंच ही नहीं पाई है। इससे पता चलता है कि हमारी कानून व्यवस्था अभी उतनी परिपक्व नहीं हुई है। उन्होंने आगे कहा कि यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए राहत हो सकती है, पर उन्हें इसमें उतनी ही रुचि है जितनी अन्य लोगों को होगी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एनआइए अदालत ने पहले पकड़े जा चुके छह दोषियों में से तीन को पिछले साल जुलाई में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और इसे एक आतंकी घटना बताया था।

# स्पाइसजेट जल्द ही लक्षद्वीप और अयोध्या के लिए शुरू करेगी उड़ानें

**मुंबई।** स्पाइसजेट जल्द ही लक्षद्वीप के साथ ही अयोध्या के लिए भी उड़ानें शुरू करेगी। यह जानकारी इसके प्रमुख अजय सिंह ने बुधवार को दी। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह 2,250 करोड़ रुपये के फंड का एक बड़ा हिस्सा एयरलाइन को और विकसित करने में उपयोग करेंगे। फ्लीट ट्रैकिंग वेबसाइट प्लेनस्पाटर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सात जनवरी तक स्पाइसजेट के पास परिचालन में 39 विमान थे।

अजय सिंह ने शेयरधारकों से कहा कि एयरलाइन के पास लक्षद्वीप के लिए सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत विशेष अधिकार हैं और वह जल्द ही केंद्र शासित प्रदेश के लिए अपनी हवाई सेवाएं शुरू करेगी। भारत और मालदीव के बीच चल रहे राजनयिक विवाद के बीच एयरलाइन प्रमुख का यह बयान आया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्षद्वीप के दौरे के बाद वहां के कुछ मंत्रियों ने अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। इसके बाद कुछ उद्योग निकायों के साथ ही यात्रा बुकिंग प्लेटफार्मों द्वारा मालदीव का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया है। इस बीच, सिंह ने वार्षिक आम बैठक में कहा कि नवीनतम फंड निवेश से स्पाइसजेट देश में एक मजबूत और अधिक लचीली एयरलाइन बन जाएगी।

इस बीच कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स ने स्पाइसजेट और इसकी कार्गो शाखा स्पाइसएक्सप्रेस का अधिग्रहण करने में रुचि दिखाई है। पिछले साल कार्लाइल एविएशन पार्टनर्स ने स्पाइसजेट में 7.03 प्रतिशत की हिस्सेदारी खरीदी थी।

# भारत और यूएई के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी की संभावना तलाशने के लिए करार

**स्वास्थ्य**

> **विदेश सचिव ने बताया कि जिन अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं वे लाजिस्टिक, स्वास्थ्य नवोन्मेष और फूड पार्क की स्थापना से संबंधित हैं।**

**गांधीनगर।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को बताया कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दोनों देशों के बीच ग्रिड कनेक्टिविटी की संभावना का पता लगाने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं। क्वात्रा ने कहा कि यह करार वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में नई दिल्ली और अबू धाबी के बीच हस्ताक्षरित कुल चार समझौतों (एमओयू) का हिस्सा है।



उन्होंने कहा कि एक करार नवीकरणीय ऊर्जा पर है, जिसमें हरित हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा भी शामिल है। विदेश सचिव ने बताया कि जिन अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं वे लाजिस्टिक, स्वास्थ्य नवोन्मेष और फूड पार्क की स्थापना से संबंधित हैं। क्वात्रा से जब दिन में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के अचानक जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसका कारण बताने से इनकार कर दिया, लेकिन तुरंत ही कहा कि जाने से पहले उनकी सार्वजनिक टिप्पणियां गर्मजोशी भरी थीं और उन्होंने मंगलवार शाम के रोड शो की भी सराहना की। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में मुख्य अतिथि यूएई के राष्ट्रपति नाहयान ने कहा कि वह सहयोग का पुल बनाने की शक्ति में विश्वास करते हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने दुनियाभर के नेताओं और अधिकारियों के साथ भारत में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भाग लिया।

# मणिपुर में पावर स्टेशन से बड़ी मात्रा में फ्यूल लीक

**इंफाल।** मणिपुर की इंफाल घाटी में एक बिजली स्टेशन से भारी फ्यूल लीक होने की बात सामने आई है। फ्यूल के लीक होने से वो साथ बहने वाली नदियों में फैल गया है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। दरअसल, घटना बुधवार रात कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग पावर स्टेशन की है। स्थानीय अधिकारी ने कहा कि कांटो सबल और सेकमाई जैसे गांवों से गुजरने वाली नदियों में ईंधन के रिसाव से जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि ये नदियां इम्फाल नदी से मिलती हैं, जो इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने संबंधित विभागों को मशीनरी, जनशक्ति और विशेषज्ञता के संदर्भ में सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके पर्यावरणीय आपदा को रोकने के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

# नरेश गोयल को कोर्ट ने दी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने केनरा बैंक के साथ 538 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में आरोपित जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को मानवीय आधार पर 13 जनवरी को बीमार पत्नी से मुलाकात करने की अनुमति दे दी है। उन्हें विभिन्न बीमारियों को लेकर निजी डाक्टरों से



भी संपर्क करने की अनुमति दे दी गई है। इस आदेश से कुछ दिन पहले गोयल ने अदालत से कहा था कि वह जिंदगी की आस खो चुके हैं। ऐसे में जीने से अच्छा होगा कि वह जेल में ही मर जाएं। गोयल ने कहा था कि उन्हें अपनी पत्नी अनीता की कमी बहुत खलती है जो कैंसर से पीड़ित हैं।

विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने मंगलवार को गोयल को 13 जनवरी को अपने निवास पर अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी। न्यायाधीश देशपांडे ने उन्हें 10-12 जनवरी के दौरान अपने विभिन्न रोगों को लेकर निजी चिकित्सकों से संपर्क करने की भी अनुमति दे दी।

# युद्ध में मारे गए पत्रकार गाजा में आतंकवादी संगठनों के थे सदस्य

**अवीव।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि दक्षिणी गाजा के राफा क्षेत्र में हमले में मारे



गए अल जजीरा के पत्रकारों के रूप में पहचाने जाने वाले दो लोग हमास-नियंत्रित क्षेत्र में आतंकवादी संगठनों के सदस्य थे। बुधवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में, आईडीएफ ने कहा÷ पुष्टि÷ पत्रकार हमजा अल-दहदौह और मुस्तफा थुरिया गाजा स्थित आतंकवादी संगठनों के सदस्य थे। 7 जनवरी को, सैनिकों द्वारा निर्देशित एक ड्रोन विमान ने राफा के पास हमारे सैनिकों के लिए खतरा पैदा करते हुए एक ड्रोन के संचालकों को निशाना बनाया। बाद में ऑपरेटरों की पहचान अल-दहदौह और थुरिया के रूप में की गई। गाजा में हमारे सैनिकों द्वारा पाए गए दस्तावेजों से हमास के गाजा सिटी ब्रिगेड में स्क्वाड डिप्टी कमांडर के रूप में थुरिया की भूमिका का पता चला, साथ ही इस्लामिक जिहाद आतंकवादी संगठन की इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग इकाई में अल-दहदौह की भूमिका और पहले आईजे की जितुन बटालियन में डिप्टी कमांडर के रूप में भूमिका सामने आई। पोस्ट में कथित तौर पर अल-कुद्स ब्रिगेड के एक दस्तावेज़ की छवि भी शामिल थी, जो अरबी में लिखा गया था, जहां दो कथित नाम लाल रंग में रेखांकित थे। दहदौह अल जजीरा गाजा संवाददाता वाएल दहदौह का बेटा था और थुरिया एएफपी के लिए एक वीडियो स्ट्रिंगर था जिसने अल जजीरा के लिए भी काम किया था।

एक बयान में, इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक आतंकवादी को ड्रोन चलाते हुए देखा, जिससे आईडीएफ सैनिक घायल हो सकते थे। जवाब में, सेना ने हमला किया और एक कार को टक्कर मार दी, जिसमें वे सवार थे।

# भारत अब कमजोर नहीं, चीन भी मानने लगा है हमारा लोहा

**लंदन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। ब्रिटेन दौरे पर पहुंचे रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के रणनीतिक शक्ति के रूप में उभरने के कारण भारत के प्रति चीन के रवैये में अत्यधिक परिवर्तन हुआ है। सिंह ने चीन सरकार नियंत्रित ÷ग्लोबल टाइम्स÷ में प्रकाशित हाल के लेख के संदर्भ में यह बात कही जिसमें भारत की विकास गाथा और इसकी बढ़ती वैश्विक हैसियत की सराहना की गई है। ग्लोबल टाइम्स में छपा लेख भारत के बारे में चीन के बदलते रवैये की पुष्टि है। लंदन में इंडिया हाऊस में स्वागत समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसा लगता है कि चीन सरकार हमारी आर्थिक और विदेश नीतियों के साथ-साथ हमारे बदलते रणनीतिक हितों को भी स्वीकार कर रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत किसी को भी शत्रु के रूप में नहीं देखता।

# पापुआ न्यू गिनी में हुई लूटपाट और आगजनी की घटना, हादसे में पंद्रह लोगों की मौत

**सिडनी।** पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर लूटपाट और आगजनी में पंद्रह लोगों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई राज्य प्रसारक एबीसी ने गुरुवार को दी। दक्षिण प्रशांत देश के प्रधानमंत्री ने एक दिन के विरोध प्रदर्शन के बाद लोगों से शांति की अपील की है।

एबीसी ने पुलिस के अपडेट का हवाला देते हुए बताया कि राजधानी पोर्ट मोरेस्बी में दंगों में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि देश के उत्तर में स्थित लाई में सात लोग मारे गए हैं।

वेतन में कटौती को लेकर बुधवार को पुलिस और सार्वजनिक क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके लिए अधिकारियों ने प्रशासनिक गड़बड़ी को जिम्मेदार ठहराया। इस विरोध प्रदर्शन के कराण पूरे दिन अराजकता फैली, टीवी फुटेज में पोर्ट मोरेस्बी की सड़कों पर हजारों लोगों को दिखाया गया, जिनमें से कई लूटा हुआ माल ले जाते हुए दिखाई दे रहे थे। पापुआ न्यू गिनी के प्रधान मंत्री जेम्स मारापे ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा

**बयान**

> **एक बयान में कहा गया कि आपेक्षिक शांति एक पल की सूचना पर बदल सकती है।**

कि राजधानी में तनाव कम हो गया है, व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस भेजी गई है। उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कल शहर में पुलिस काम पर नहीं थी और लोगों ने अराजकता का सहारा लिया, सभी लोगों ने नहीं, बल्कि हमारे शहर के कुछ हिस्सों में लोगों ने अराजकता फैलाई। पोर्ट मोरेस्बी में संयुक्त राज्य दूतावास ने कहा कि पुलिस काम पर लौट आई है, लेकिन तनाव अभी भी बरकरार है। एक बयान में कहा गया कि आपेक्षिक शांति एक पल की सूचना पर बदल सकती है। इसमें कहा गया है कि उसे



देश के कई अन्य इलाकों में हिंसा की खबरें मिली हैं। देश के दूतावास ने कहा कि कई चीनी नागरिक मामूली रूप से घायल हो गए, चीनी स्वामित्व वाली दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की गई। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि देश का उच्चायोग स्थिति की निगरानी कर रहा है और कैनबरा को पापुआ न्यू गिनी से मदद के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला है, जिसे वह नियमित रूप से पुलिसिंग और सुरक्षा में समर्थन करता है। हम इस कठिन समय में शांति का आग्रह करना जारी रखते हैं। हमें इस समय पीएनजी सरकार से कोई अनुरोध नहीं मिला है लेकिन... पापुआ न्यू गिनी में हमारे मित्र हैं, उनके साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। प्रशांत द्वीप राष्ट्र में पुलिस पिछले वर्ष में हिंसक अपराध में वृद्धि से जूझ रही है। मारापे ने कहा है कि सुरक्षा बढ़ाने से पीएनजी के सोने और तांबे के संसाधनों में विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद मिलेगी। अपने वेतन में कटौती का पता चलने के बाद पुलिस बुधवार सुबह हड़ताल पर चली गई।

# अमेरिकी कांग्रेसी ने की हिंदू मंदिरों पर हमलों की निंदा


**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी श्री थानेदार ने बुधवार को अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हाल के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। थानेदार ने कहा, हमें किसी भी तरह का फोबिया, हिंदू फोबिया बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। धर्म प्यार, एक-दूसरे की मदद करने और एक-दूसरे के लिए अच्छे काम करने के बारे में हैं और हिंदू मंदिरों पर ये हमले--मैं इनकी कड़ी निंदा करता हूं और हमें इसे बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। मैं होमलैंड सुरक्षा समिति में कार्यरत हूं और मैं अपनी समिति के सदस्यों से धार्मिक संगठनों को बेहतर कार्य करने में मदद करने के बारे में बात कर रहा हूं। उन्हें धार्मिक संगठनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक धन और संसाधन प्रदान करें और उन्हें किसी भी प्रकार के हिंदू भय, किसी भी प्रकार की नफरत से लड़ने में मदद करें जो हम देखते हैं।

## निखिल गुप्ता की याचिका पर अमेरिकी अदालत ने सरकार से मांगा जवाब

# आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का है आरोप

**प्रस्ताव**

> **4 जनवरी, 2024 को बचाव पक्ष के वकील ने दस्तावेज की मांग को लेकर अदालत के समक्ष एक एक प्रस्ताव दायर किया।**



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की एक अदालत ने संघीय सरकार को निखिल गुप्ता के वकीलों द्वारा दायर एक याचिका पर जवाब देने का आदेश दिया है, जिसमें अमेरिकी धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश में उसके खिलाफ आरोपों से संबंधित सामग्री की मांग की गई है। 4 जनवरी, 2024 को बचाव पक्ष के वकील ने दस्तावेज की मांग को लेकर अदालत के समक्ष एक एक प्रस्ताव दायर किया, जिसमें अनुरोध किया गया कि अदालत एक आदेश जारी करे, जिसमें सरकार को बचाव पक्ष के वकील को संबंधित दस्तावेज प्रदान करने का निर्देश दिया जाए। जिसपर सुनवाई करते हुए अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने आदेश दिया कि सरकार तीन दिनों के भीतर इसका जवाब दे।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता रखने वाले सिख अलगाववादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू को मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहे थे। संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के वकील मैथ्यू जी. ऑलसेन ने कहा है कि भारत के 52 वर्षीय गुप्ता पर हत्यारे को हायर करने और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है, जिसमें अधिकतम 10 साल जेल की सजा का प्रावधान है। अभियोजकों ने कहा कि चेक अधिकारियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका और चेक गणराज्य के बीच द्विपक्षीय प्रत्यर्पण संधि के तहत 30 जून, 2023 को गुप्ता को गिरफ्तार किया। परिवार ने पिछले दिनों भारतीय सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका में कहा था कि निखिल गुप्ता यात्रा पर चेक गणराज्य गए थे। उन्हें 30 जून को प्राग हवाई अड्डे पर अवैध रूप से हिरासत में लिया गया और लगभग 100 दिनों तक एकांत कारावास में रखा गया। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है।

# स्पेन में बढ़ रहे कोरोना और फ्लू के मामले, अस्पतालों में फेस मास्क किया गया अनिवार्य

**मैड्रिड (स्पेन)।** हाल के हफ्तों में कोविड-19 और फ्लू के मामलों में तेज वृद्धि के बाद स्पेन की सरकार ने अस्पतालों और स्वास्थ्य



केंद्रों में फेस मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैड्रिड और कैस्टिले-लियोन सहित कुछ क्षेत्रों की आपत्तियों के बावजूद, स्वास्थ्य मंत्री मोनिका गार्सिया और स्पेन के 17 स्वायत्त समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। स्पेन में श्वसन संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ी हैं, जिसमें संक्रमण दर प्रति एक लाख निवासियों पर 952 से अधिक मामलों तक पहुंच गई है। गार्सिया ने कहा कि आने वाले दिनों में संक्रमण का चरम आने वाला है। उन्होंने कहा, ÷हम स्वास्थ्य केंद्र में प्रवेश करते समय फेसमास्क पहनने और बाहर निकलने पर इसे उतारने के बारे में बात कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई नाटक है, यह एक बुनियादी और सरल उपाय है।÷ उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उनका मंत्रालय समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। एक्स पर एक अलग पोस्ट में गार्सिया ने कहा कि श्वसन वायरस के पुनरुत्थान को देखते हुए हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा। उन्होंने कहा, ÷हमने एक बार फिर स्वायत्त समुदायों के साथ समन्वित कार्यों को बढ़ावा देने के लिए एक असाधारण परिषद बुलाई है, जो असंतृप्त स्वास्थ्य सेवाओं में मदद करती है।÷

पिछले सप्ताह कैटेलोनिया, वालेंसिया, मर्सिया और आरागॉन के क्षेत्रों में अनिवार्य फेस मास्क की वापसी की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए, गार्सिया ने कहा कि उनका मंत्रालय स्वास्थ्य कारणों से तीन दिन या उससे कम समय के लिए कर्मचारियों के काम से बाहर रहने पर डॉक्टर का नोट पेश करने की आवश्यकता को हटाने पर भी विचार कर रहा है, एक ऐसा कदम जो साल में हजारों डॉक्टरों के विजिट को बचाएगा।

# पूर्व मंत्री पारसनाथ मौर्य पंचतत्व में विलीन

- हज़ारों लोगों ने घर पहुंचकर किये अंतिम दर्शन
- बेटियों संग घर की महिलाओं ने दिया कंधा
- शीतला चौकिया आवास पर गार्ड आफ़ ऑनर के साथ दिया गया सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** प्रख्यात अंबेडकरवादी नेता पारसनाथ मौर्य गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। जौनपुर के रामघाट पर बौद्ध धर्म के रीति रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रहे भंते चंदिमा के निर्देशन में त्रिशरण, पंचशील एवं बुद्ध वंदना के साथ उनके पुत्र डॉ राजीव रत्न समेत समाज के वरिष्ठ लोगों ने उनके शव को मुखाग्नि दी। बेटियों संग घर की महिलाओं ने शव को कंधा दिया। जिला प्रशासन की तरफ से पैतृक आवास पर पूर्व मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बौद्ध धर्म आंदोलन के प्रणेता प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और लोकतंत्र रक्षक सेनानी रहे पारसनाथ मौर्य का बीती रात निधन हो गया। 83 वर्ष की उम्र में लखनऊ के सिविल अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।गुरुवार की सुबह उनके पैतृक आवास शीतला चौकिया लाया गया। जहां हजारों लोगों ने पहुंच कर उनके अंतिम दर्शन किए। प्रशासन की तरफ से उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया। बाद में फूल मालाओं से लदे वाहन पर उनकी शव यात्रा निकाली गई। जो शीतला चौकिया, विशेश्वरपुर चौराहा, पचहटिया होते हुए रामघाट पहुंचा।

इस मौके पर मौजूद अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष भंते चंद्रमा के निर्देशन में त्रिशरण, पंचशील एवं बुद्ध वंदना के साथ उनके पुत्र डॉ राजीव रतन मौर्य समेत उपस्थित जनों ने शव को मुखाग्नि दी।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, विधायक जगदीश नारायण राय, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश राव, सपा नेता दीपचंद राम, राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, नगर पालिका जौनपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ रामसूरत मौर्य, एसडीम शाहगंज अंकित कुमार, शिक्षक नेता सुल्तानपुर हरि श्याम मौर्य,डॉ चंद्रजीत मौर्य, पत्रकार इन्द्रजीत सिंह मौर्य, सभासद देवानंद मौर्य, पूर्व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य, सम्राट अशोक क्लब के प्रवक्ता संजय मौर्य, संतोष मौर्य मुन्ना, भाजपा काशी क्षेत्र के महामंत्री सुभाष कुशवाहा, प्रियदर्शी अशोक मिशन के राष्ट्रीय संरक्षक शत्रुघ्न मौर्य, विक्रमजीत, डीसी दादा, संतोष मौर्य सभासद समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यंगता के क्षेत्र में डॉ. जैन को मिली भारत सरकार द्वारा नई जिम्मेदारियां

**प्रयागराज।** डॉ जीतेन्द्र कुमार जैन द्वारा सामाजिकता एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो और राष्ट्रीय स्तर की उनकी विशेज्ञता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की सामान्य परिषद के सदस्य के तौर पर दो बार मनोनीत चयन, भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा की सामान्य परिषद के सदस्य के तौर पर चयन एवं अब भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसेबिलिटीज (दिव्यांगजन) कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल के गवर्निंग कौंसिल के सदस्य के रूप में 3 सालो के लिए मनोनित किया गया है। यह तीनो इंस्टिट्यूट भारत में दिव्यांगता के छेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए उच्चतम शिक्षण संस्थान है। इसके अतिरिक्त डॉ जैन की सहायता दिव्यांगता से संबधित अन्य विभागों में सलाहकर के तोर पर समय- समय पर ली जाती रही है। भारत सरकार द्वारा इन सभी जिम्मेदारियों का निर्णय, डॉ जैन के 20 सालो के अनुभव एवं त्रिशला फाउंडेशन द्वारा पिछले 10 सालो में किये गए कार्यो को देखते हुए लिया गया है। आज त्रिशला फाउंडेशन और प्रयागराज पूरे विश्व में सेरेब्रल पाल्सी बच्चो के लिए एक ड्रीम प्लेस बन चुका है और देश के सभी प्रदेशो समेत 20 अन्य देशो से सेरेब्रल पाल्सी एवं बहु दिव्यांगता से प्रभावित बच्चे एक आशा की किरण लेकर त्रिशला फाउंडेशन प्रयागराज आ रहे है।

# डबलिंग मर्डर काण्ड में पूर्व सांसद और एमएलसी ने परिजनों को पोछे आंसू



- दो लाख की दी आर्थिक मदद, नौकरी का दिया आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** क़स्बे में जिले को झकझोर कर देने वाली घटित दोहरे हत्याकांड में बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंसू पीड़ित परिवार से मुलाक़ात कर उनके आँसू पोछे। उन्हें ढाढस बंधाते हुए दो लाख की आर्थिक मदद दी। परिवार में बची एक मात्र बेटी विनीता को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह बुधवार की शाम बभनौटी पहुँचे। दोनों जनप्रतिनिधियों को देख माहौल गमगीन हो उठा। मृतक के पिता फूल चन्द्र प्रजापति को दो लाख का चेक दिया। बेटी विनीता प्रजापति से शैक्षिक योग्यता के बारे में जानकारी ली। शासन से नौकरी दिलाने की प्रयास की बात कही। गौरतलब है कि 28 नवंबर को नगर के खुटहन रोड पर चाउमीन की दुकान चला रहे दो सगे भाई अजय व अंकित की दुःसाहस तरीक़े से बारात में शामिल युवकों ने चाकू गोदकर हत्या कर दी थी।

घटना के पाँच घण्टे के दरम्यान सभी छः आरोपितों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। जिसमें तीन बदमाश के पैर में गोली लगी थी। इस मौक़े पर प्रमुख रूप से प्रमोद मौर्या सोनू, दीनानाथ राजभर, महेंद्र प्रधान, रमेश निषाद, अमित सोनकर, वीरेन्द्र, सुनील कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ प्रमोद राजभर, अनिल गौतम, अशोक यादव समाजसेवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत, मतदान कार्मिकों हेतु ऑनलाईन इलेक्शन, पर्सनल डिप्लायमॅड सिस्टम के माध्यम से मतदान कार्मिकों के डाटाबेस तैयार करने हेतु प्रपत्र-1 राज्य/केन्द्र के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रपत्र-2/दिशा-निर्देश निर्गत करते हुए निर्देशित किया गया है जिसके क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान कार्मिकों हेतु ऑनलाइन, पर्सनल डिप्लायमेंड सिस्टम के माध्यम से मतदान कार्मिकों के डाटाबेस तैयार किये जाने हेतु प्रशिक्षण जिलाधिकारी अनुज झा, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्मिकों का विवरण सावधानीपूर्वक फीड किया जाय। उन्होंने 29 जनवरी तक सभी कार्मिकों का विवरण फॉर्मेट-2 एवं बैक एवं एलआईसी के कार्मिकों को प्रारूप-3 पर भरे जाने के निर्देश दिये। आज प्रशिक्षण में प्रारूप-1 अधिकांश विभागों द्वारा संख्यात्मक विवरण नहीं दिया गया जिसे तत्काल देकर यूजर पासवर्ड एनआईसी से प्राप्त कर कार्मिको के डाटा फीडिंग का कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता पर अपने-अपने विभाग की फीडिंग कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## यूपीसीए यूके टीम द्वारा लंदन में रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह का स्वागत

**जौनपुर।** भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने यूके दौरे की शुरुआत टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के दर्शन और पुष्पांजलि अर्पित करके की। 22 साल बाद भारतीय रक्षा मंत्री यूके पधारे हैं, इसके पहले जार्ज फर्नांडिस ने यूके का दौरा किया था। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कम्युनिटी एसोसिएशन के सदस्यों ने मंत्री का स्वागत किया।

यूपीका के महासचिव अश्वनी श्रीवास्तव ने पुष्पों के साथ राजनाथ का अभिनंदन किया वहीं अध्यक्ष मधुरेश मिश्रा ने शाल भेंट की और यूपीका गुप्र का परिचय दिया। राजनाथ सिंह ने यूके में रहने वाले समस्त भारतवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी। अपने दौरे पर राजनाथ सिंह यूके के रक्षा मंत्री एंव उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे, साथ ही प्रवासी भारतीयों के साथ डिनर में सम्मिलित होंगे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के जनक का मना जन्मोत्सव



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** दिन बृहस्पतिवार को आज़मगढ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज-कोल बाज़बहादुर, आज़मगढ़ के सभागार में इलेक्ट्रो होम्योपैथिकके फाउण्डर डा0 काउन्ट सीजर मैटी का 215वाँ जन्म दिवस प्रत्येक वर्ष की भाँति हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रबन्धक डॉ0 अब्दुल हफीज़ ने कहा कि इस चिकित्सा पद्यति में छात्रव छात्राएं डीईएमएस 2) वर्ष बीईएमएस 4) वर्ष में शिक्षा प्राप्त कर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक औषधि से चिकित्सा व्यवसाय कर सकते हैं। मुख्य अतिथि इन्स्टीट्यूट आफएँ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के डायरकेक्टर डा0 कैसर अहमद शेख ने बताया कि यह चिकित्सा पद्यति पूर्णरूप से हर्बल है। वह औषधि ब्लड व लिम्फ को शुद्ध कर शरीर के रोग को जड़ सेठीक कर शरीर को स्वस्थ बनाती है। इस अवसर पर शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले छात्रव छात्राओं को सम्मानित किया। गया एवं कालेज के विभिन्न प्रकार के सहयोग करने वालों को भी सम्मानित किया गया जिनमें कनक लता, पूनम, इन्दू इत्यादि विशेष रहें। इस अवसर पर डा0 घन्श्याम राय, डा0 राम कुमार, डा0 आर.सी. अस्थाना, डा0 कमरूज़्ज़मां ख़ान, डा0 हरीश राय, डा0 इन्द्रभूषण, मो0 सलीम, मो0 सैफ डा0 विरेन्द्र, डा0 राजेश मौर्य आदि तथा कॉलेज के सभी छात्र व छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे एवं कालेज के समस्त सदस्य एवं कमेटी के लोग तथा मरीज़ भी उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 50 हजार का जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** थाना सरायमीर 20.अप्रैल.2016 को वादी मुकदमा अब्दुल रज्जाक पुत्र स्व0 मो0 सिद्दीक निवासी पठान टोला ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया था कि अभियुक्त मुजिर्बुरहमान पुत्र स्व0 हाजी जहीरुलहक निवासी पठान टोला मीरहसन थाना सरायमीर, आजमगढ़ ने अपनी पत्नी (वादी की लडकी) की गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में नामजद अभियुक्त के विरूद्ध थाना सरायमीर पर मु0अ0सं0-86/2016 धारा 302 भादवि0 व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। मुकदमा में नामजद अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय दाखिल किया गया। मुकदमे में 07 गवाह परीक्षित हुए है। आज को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर- 06, आजमगढ़ द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मुजिर्बुरहमान पुत्र स्व0 हाजी जहीरुलहक निवासी पठान टोला मीरहसन थाना सरायमीर, आजमगढ़ को दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 50 हजार रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# नए थानेदार के लिए आपराधिक वारदातों को रोकना बनेगी चुनौती

- जैगहा बाज़ार में चोरी हुई बन्दूक और आभूषण की बरामदगी भी अहम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (खेतासराय)** जिले के थाना क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने आठ थाना प्रभारियों को हटाकर अन्यत्र थानों में भेज दिया है। खेतासराय में बढ़ी जरायम को देखते हुए एसपी ने थानाध्यक्ष चंदन रॉय को यहाँ से हटाकर उनके स्थान पर मुंगराबादशाहपुर के थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह को कमान सौंपी है। नगर का दोहरा हत्याकांड और मझौरा में हुई गोली काण्ड से अचानक सुर्खियों में



आ गया। इधर कुछ माह के अंदर हुई कई चोरी, उच्चका गिरी अन्य आपराधिक घटनाओं को पुलिस ने खुलासा की बात तो दूर एफआईआर भी दर्ज करना मुनासिब नही समझा।

लगभग तीन माह तक चन्दन रॉय यहाँ थानाध्यक्ष के रूप में रहे। दो बड़ी घटनाओं का खुलासा तो पुलिस ने कर दिया था लेकिन इसके चलते जनपद दहल उठा था। इस से पुर्व प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव के कार्यकाल में 16 अगस्त को हरिराम यादव के घर पर भीषण चोरी का मामला भी ठंडा बस्ता में चला गया। चोरों ने एक लाख का जेवर, नकदी और लाइसेंसी बंदूक को उड़ा दिया था। कुछ घटनाओ पर नज़र डालें तो चोरियां की घटनाओ को पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया। पीड़ित थाने का चक्कर लगाते रहे। इसी क्रम में छ अगस्त को नगर के दीदारगंज मार्ग पर नगर निवासी अशोक विश्वकर्मा की खराद की दुकान में चोरों ने रोशनदान तोडकर पेटी में रखा तीस हजार नकद उड़ा दिया।वहीं तीसरी घटना दस अगस्त की है चौराहे और पुलिस बूथ के समीप मिथलेश सोनकर के फल की दुकान से चोरों ने बीस हजार का फल ताला तोड़कर उड़ा दिया।ऐसे ही सोलह अगस्त को चौराहे पर ही अजय सोनकर के फल की दुकान में एक चोर चोरी करते रंगे हाथ दुकानदारों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया लेकिन पुलिस ने अगले ही दिन उसे छोड़ दिया।

इधर इक्कीस अगस्त को पैसा दोगुना करने के नाम पर नगर के बभनौटी वार्ड निवासी नितेश पांडे को स्थानीय ने दस लाख से अधिक की ठगी कर लिया। छटवी घटना एक अक्टूबर को मूर्तिकार उत्तमपाल बंगाल के साथ ठगी के मामले भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की। छिटपुट अनेक ऐसी घटनाएं हुई जिससे लोग सहमे रहे।

## जिलाधिकारी ने किया तहसील सदर का निरीक्षण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने तहसील सदर का वार्षिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कंप्यूटर कक्ष, राजस्व निरीक्षक कक्ष में निरीक्षण पुस्तिका का, अभिलेखागार में बस्ता एवं सीसीटीवी कैमरा, मतदाता पंजीकरण कक्ष, संग्रह कार्यालय, संग्रह अभिलेखागार में रखे फायर एक्सटिंग्यूशर की एक्सपायरी तथा उप जिलाधिकारी कोर्ट में न्यायालय वाद रजिस्टर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सुधार किए जाने की अभी और आवश्यकता है। इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा तहसील के अधिकारियों को सभी कार्यों एवं राजस्व से संबंधित अभिलेखों, वादों को सुव्यवस्थित तरीके से रखने एवं सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राहुल विश्वकर्मा, एसडीएम सदर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिब्ली इण्टर नेशनल कॉलेज के पूर्व प्रबंधक के घर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा

**आजमगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित विद्यालय शिब्ली इण्टर नेशनल कॉलेज के पूर्व प्रबंधक के घर पर बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की। पूर्व प्रबंधक सरायमीर थाना क्षेत्र के बीनापारा गांव के निवासी है। 2022 में उन पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। तब से वह फरार चल रहे हैं। शहर कोतवाली के एसआई उमेश चंद्र यादव बुधवार को टीम के साथ शिब्ली पीजी कॉलेज के पूर्व प्रबंधक अब्दुल कयूम के बीनापार गांव स्थित घर पहुंचे और कुर्की की नोटिस कोर्ट के आदेश पर चस्पा की। इस नोटिस के बाद भी यदि वे हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी।

# प्रयागराज और वाराणसी देश के सबसे स्वच्छ शहर

**आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार ने की स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंत्री ए.के. शर्मा को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की, जिसमें उत्तर प्रदेश के दो नगरों वाराणसी को भारत के सबसे स्वच्छ गंगा टाउन का प्रथम एवं प्रयागराज को द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से आज नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद यूपी के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस बार यूपी ने एक इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। श्री शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। नगर विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा, हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ नगर विकास विभाग एवं पुरस्कृत नगर निकायों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि भारत के स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में यूपी के दो शहरों वाराणसी एवं प्रयागराज को पहली बार स्वच्छता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार मिला। स्वच्छता का राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले देश के 10 शहरों में से 02 यूपी के ही हैं। देश के उत्तर भारत क्षेत्र में प्रदेश के तीन अन्य शहरों को पहली बार क्षेत्रीय पुरस्कार भी मिला। उत्तर प्रदेश ने इन पुरस्कारों में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया...जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

श्री शर्मा ने इन ऐतिहासिक उपलब्धियों के लिये नगरीय निकाय कर्मियों, अधिकारियों एवं नेतृत्व को बधाई दी और कहा कि सफ़ाई कर्मियों के इस अथक परिश्रम के लिए उन्हें नमन करता हूँ।

## दरवाजे की फेसिंग को लेकर मुहल्ला वासियों में तनाव

**प्रयागराज।** दबंगों ने अपने घर के बाहर भी फेंसिंग लगाकर कब्जा कर लिया है। इससे मोहल्ले के लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वालों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। करेली मोहल्ला शम्स नगर सलमान कॉलोनी प्रयागराज का मामला है। मोहम्मद राफातुल्लाह सिद्दीकी पति जाहिदा बेगम निवासी प्रतापगढ़ ने एक जमीन करेली में खरीदी है। जैसा कि नक्शे में उत्तर की दिशा में दरवाजा की फेंसिंग है लेकिन वह पूर्व की साइड से दरवाजा खोलना चाह रहे हैं। पूरब की साइड सकरी रोड है जिससे वहां के निवासियों को आवागमन में बड़ी दिक्कत होगी। जब वहां के निवासियों ने आपत्ति दर्ज की तब मोहम्मद राफातुल्लाह सिद्दीकी ने अपने पुत्रों के साथ कुछ वकीलों और कुछ बदमाशों को लाकर वहां मोहल्ले वालों को धमकी दी और बोला देखता हूं कौन रोकता है? इस प्रकरण को देखते हुए वहां के निवासियों ने प्रार्थना पत्र करेली थाना में दी और प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी के बीसी के भी संज्ञान में लाया है।

# शास्त्री आज भी युवाओं के रोल माडल: कांग्रेस



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री को 58 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कृतज्ञता पूर्ण नमन किया। कांग्रेसजनों ने मेडिकल चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में हुई श्रद्धांजलि सभा में पूर्व महापौर चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह ने कहा कि शास्त्री जी अति सरल, विनम्र और ईमानदार होने के साथ ऐसे राष्ट्रनेता थे। जिन्होंने जय जवान जय किसान के नारे से दुनिया भर में अपनी पहचान बनायी। उन्होंने लोगों से शास्त्री की विचारधारा के साथ दर्शन को अपनाने का आवाहन किया।यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने उन्हें युवाओं का रोल मॉडल बताया। कहा कि वे समर्पित और विवेकशील व्यकित के अलावा एक राष्ट्रपुत्र थे। कांग्रेसजनों ने उनके बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर यूपी कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी, यूपीसीसी सदस्य द्वय फुज़ैल हाशमी एवं हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, अनिल श्रीवास्तव, अरशद अली, सेवा दल के राजबहादुर गुप्ता, विनय पांडेय, कोमलाक्ष गिरी, राकेश श्रीवास्तव, हिमांशु यादव, अजय श्रीवास्तव, केशव पासी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कमजोर माना जाता रहा है: डॉ. सिंह



- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पीरियोडिकल लेक्चर्स सीरीज के प्रथम व्याख्यान का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज दर्शनशास्त्र विभाग एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में पीरियोडिकल लेक्चर्स सीरीज के प्रथम व्याख्यान का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम नीतिशास्त्र के विविध पक्षों एवं आयाम पर केंद्रित था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ शिवभानु सिंह, पूर्व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, इविंग क्रिश्चियन कॉलेज, प्रयागराज थे। कार्यक्रम का आरंभ दर्शनशास्त्र विभाग की समन्वयक डॉ नीलिमा मिश्रा ने मुख्य वक्ता के स्वागत से किया। डॉ अनुराग पांडेय ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं नीतिशास्त्र के विविध आयामों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।आज के कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण था। मुख्य वक्ता डॉ शिव भानु सिंह ने विषय पर अपने विचार का प्रारंभ करते हुए उन दार्शनिकों का जिक्र किया जिन्होंने महिलाओं को लेकर अपने पूर्वाग्रह ग्रस्त वक्तव्य दिए थे। इन विचारकों में प्लेटो, अरस्तु, थॉमस एक्वीनास, शॉप इन आवर शॉपेन्हावर एवं जॉर्ज बर्नार्ड शा आदि प्रमुख हैं। लैंगिक असमानता के कुतर्कों का उल्लेख करते हुए श्री सिंह ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा कमजोर मानने का प्राचीन निर्धारक तत्व शक्ति रहा है। इसके अतिरिक्त धर्मशास्त्रीय मान्यताओं के भी अपने वैज्ञानिक कुतर्कों ने भी महिलाओं के प्रति भेदभाव में अभिवृद्धि की है। उक्त कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध अध्येता छात्र, विभिन्न महाविद्यालयों के आचार्य एवं अतिथि प्रवक्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन डॉ दीपशिखा बनर्जी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# महिला को माघ मेला पुलिस में परिजनों से मिलाया

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघ मेला 2024 में स्नानार्थियों और श्रद्धालुओ के सुरक्षित स्नान संपन्न कराने हेतु संपूर्ण मेला में समुचित पुलिस प्रबंध किए गए हैं एवं मेला पुलिस स्नानार्थियों एवं श्रद्धालुओं के साथ मानवीय व्यवहार करने व अपना कर्तव्य निभाने के लिए निरंतर सतर्क एवं सक्रिय रहती है। संगम नगरी में मुख्य स्नान पर्व हो या सामान्य दिन यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा स्नानार्थी आते हैं और मां गंगा के दरबार में आस्था की डुबकी लगाते हैं।

कल महिला थाना प्रभारी मय हमराह माघ मेला संगम क्षेत्र में भ्रमण के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में घूमती हुई एक महिला दिखाई पड़ी। पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त महिला अपने परिजनों से नाराज होकर माघ मेला प्रयागराज आ गई। उसने अपना नाम अमोदा पत्नी देवराज पता सेलम मेंन रोड तमिलनाडु बताया। इसके उपरांत उक्त महिला से उसके पति देवराज का मोबाइल नंबर प्राप्त कर संपर्क किया गया तो नाराज महिला के पति द्वारा बताया गया कि उसकी पत्नी पारिवारिक बातों से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई थी। महिला थाना प्रभारी द्वारा अपने हमराहीगण महिला सिपाही शिवकली प्रजापति, अंजना सिंह, सावित्री भारती की सहायता से महिला को अपनें संरक्षण में लेते हुए महिला थाना माघ मेला प्रयागराज लाया गया।

# कृषि यंत्रों के ई-लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**आज़मगढ़।** उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में गठित 15 सदस्यीय समिति द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से संचालित कृषि यंत्रीकरण की योजनाओं में रू0 10000 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु कृषक बन्धुओं द्वारा की गयी बुकिंग के सापेक्ष लक्ष्य की सीमा तक अनुदान वितरण हेतु ई-लॉटरी की प्रक्रिया नेहरू हाल आजमगढ़ में सम्पन्न हुई।



इस प्रक्रिया में उपस्थित कृषक बन्धुओं को प्रभारी अधिकारी एन0आई0सी0 द्वारा एल0ई0डी0 स्क्रीनों के माध्यम से सर्वप्रथम ई-लॉटरी प्रक्रिया का डेमों दिखाया गया। जनपद के 780 कृषकों ने कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन बुकिंग की गयी थी। कृषकों के सन्तुष्ट होने पर उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश के क्रम में विकास खण्डवार विभिन्न योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य 445 कृषि यंत्र के सापेक्ष ई-लॉटरी के माध्यम से 445 लाभार्थियां का चयन किया गया एवं लक्ष्य के 50 प्रतिशत 222 कृषकों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। इसके अन्तर्गत रोटावेटर, मल्टी क्रॉप थ्रेसर, स्मॉल गोदाम, कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना, लेजर लैण्ड लेवलर आदि यंत्रों के लाभार्थी सम्मिलित हैं। शासन की इस पारदर्शी प्रक्रिया की उपस्थित कृषकों द्वारा काफी सराहना की गयी। कार्यक्रम में परीक्षित खटाना मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़, ई-लॉटरी हेतु नामित पर्यवेक्षक शैलेन्द्र शाही उप कृषि निदेशक (शोध), मुकेश कुमार उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, डा0आर0पी0सिंह वैज्ञानिक के0वी0के0 कोटवा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी एवं नामित सदस्य कृषक गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में सालाना आधार पर 19% की वृद्धि, लक्ष्य के 81% पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बजट में प्रत्यक्ष कर (व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर) से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष के 16.61 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 9.75 प्रतिशत अधिक है।

**व्यक्तिगत**

**सकल कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में वृद्धि दर क्रमशः 8.32 प्रतिशत और 26.11 प्रतिशत रही।**




चालू वित्त वर्ष में 11 जनवरी 2024 तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना लक्ष्य के करीब 81 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

सरकार ने बजट में प्रत्यक्ष कर (व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर) से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष के 16.61 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 9.75 प्रतिशत अधिक है।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है, प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 19.41 प्रतिशत अधिक है। यह संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों के कुल बजट अनुमानों का 80.61 प्रतिशत है। 1 अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 के दौरान 2.48 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए हैं। सकल आधार पर, 10 जनवरी, 2024 तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में स्थिर वृद्धि दर्ज की गई।

इस दौरान कंपनी का सकल संग्रह 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के सकल संग्रह से 16.77 प्रतिशत अधिक है।

सकल कॉरपोरेट आयकर (सीआईटी) और व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) में वृद्धि दर क्रमशः 8.32 प्रतिशत और 26.11 प्रतिशत रही। रिफंड के समायोजन के बाद सीआईटी संग्रह में शुद्ध वृद्धि 12.37 प्रतिशत और पीआईटी संग्रह में 27.26 प्रतिशत रही।

# जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो: शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली।** अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग की ओर से अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण की अनुमति देने के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद आरबीआई गवर्नर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय बैंक क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दूसरों का अनुकरण नहीं करेगा और ''जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो।''

अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग द्वारा अमेरिका में बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के निर्माण की अनुमति देने के लिए बदलावों को मंजूरी देने के बाद उनका यह बयान आया है। क्रिप्टो करेंसी नियमों पर दास ने कहा, '' जो दूसरे बाजार के लिए अच्छा है, जरूरी नहीं कि वह हमारे लिए भी अच्छा हो।



इसलिए हमारे विचार, रिजर्व बैंक के और व्यक्तिगत रूप से मेरे..वही रहेंगे।''

अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग (एसईसी) की ओर से बिटकॉइन को ट्रैक करने वाले यूएस-लिस्टेड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) को मंजूरी देने के एक दिन बाद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चेतावनी दी कि क्रिप्टो मेनिया का ट्यूलिप मेनिया जैसा हाल हो सकता है।

उन्होंने कहा, हम सभी नीदरलैंड के डच शब्द ट्यूलिप मेनिया से परिचित हैं। मुझे नहीं लगता कि दुनिया, विशेष रूप से उभरते बाजार, क्रिप्टो मेनिया को बर्दाश्त कर सकते हैं जिसका ट्यूलिप मेनिया जैसा ही हाल हो सकता है।

दास ने बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में यह बात कही। यह पूछे जाने पर कि क्या वह आगामी लेखानुदान को मुद्रास्फीति बढ़ाने वाला मानते हैं, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें नहीं लगता कि अंतरिम बजट से महंगाई बढ़ेगी।

गवर्नर ने रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए सरकार द्वारा आपूर्ति को लेकर उठाए गए कई उपायों का भी जिक्र किया।

## सरकार 84 कंपनियों में शत्रु संपत्ति के शेयर बेचेगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को देश में मौजूद शत्रु संपत्ति से जुड़ा बड़ा एलान किया है। सरकार ने कहा है कि वह 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक शत्रु संपत्ति के शेयर एकल व्यक्तियों और कंपनियों को बेचने की योजना बना रही है।

सार्वजनिक नोटिस के अनुसार पहले चरण में सरकार 20 कंपनियों में करीब 1.88 लाख शेयर बेचना चाहती है और उसने इसके लिए 10 श्रेणियों के खरीदारों से बोली आमंत्रित की है जिनमें एकल व्यक्ति, एनआरआई, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), योग्य संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), ट्रस्ट और कंपनियां शामिल हैं। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों की ओर से छोड़ी गई संपत्ति जिनमें ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच छोड़ी गईं थीं को शत्रु संपत्ति कहा जाता है।

प्रस्तावित शेयर बिक्री देश में शत्रु संपत्ति के निपटान की दिशा में सरकार की पहल का हिस्सा है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने हार्वेस्ट फेस्टिवल में 15,000 रुपये तक के ऑफर पेश किए

## एस1 एक्स+ पर 20,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट जारी रहेगा

**बेंगलुरु।** ओला इलेक्ट्रिक ने देश में हार्वेस्ट फ़ेस्टिवल के अंतर्गत 15,000 रुपये तक के आकर्षक



ऑफ़रों की घोषणा की। 15 जनवरी तक लागू इन ऑफ़रों के अंतर्गत एस1 प्रो और एस1 एयर ख़रीदने पर ग्राहकों को 6,999 रुपये तक की मुफ्त एक्सटेंडेड बैटरी वारंटी; 3,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और आकर्षक फाइनेंस ऑफर्स मिल रहे हैं। इसके अलावा, S1 X+ फ्लैट 20,000 रुपये की छूट के साथ 89,999 रुपये में मिलता रहेगा।

साथ ही ग्राहकों की चुनिंदा क्रेडिट कार्ड द्वारा ईएमआई कराने पर 5,000 रुपये तक की छूट दी जा रही है, तथा उन्हें दिए जाने वाले अन्य फाइनेंस ऑफ़रों में जीरो डाउन पेमेंट, नो-कॉस्ट ईएमआई, जीरो-प्रोसेसिंग शुल्क और 7.99% तक की न्यून ब्याज दरें आदि शामिल हैं।

ओला इलेक्ट्रिक ने हाल ही में अपने स्कूटर पोर्टफोलियो का विस्तार पाँच स्कूटर मॉडल्स तक कर लिया है। एस 1 प्रो (2nd जनरेशन) का मूल्य 1,47,499 रुपये है, जबकि एस1 एयर 1,19,999 रुपये में उपलब्ध है। इसके अलावा विभिन्न रुचि वाले राइडर्स के लिए एस1 एक्स तीन वैरिएंट्स - एस1 एक्स+, एस1 एक्स (3kWh), और एस1 एक्स (2kWh) में पेश किया गया है। एस1 एक्स (3kWh) और एस1 एक्स (2kWh) के लिए रिज़र्वेशन विंडो केवल 999 रुपये में खुली है और ये क्रमशः 99,999 रुपये एवं 89,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध हैं।

# कृषि व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े आठ एमओयू पर हस्ताक्षर

**मुंबई।** वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दूसरे दिन गुजरात के कृषि मंत्री राघवजी पटेल की मौजूदगी में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू के अनुसार मेहसाणा में असनदास एंड संस प्राइवेट लिमिटेड 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वहीं भितर एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड 500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रही है जबकि टिडी एग्रोस्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड का 400 करोड़ रुपये का निवेश करने का इरादा है। अहमदाबाद में ग्रेनपैन न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने 375 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। अहमदाबाद में सैनस्टार लिमिटेड राज्य में 300 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है।

इसके अलावा, जेएम कोकोनट प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बना रहा है, मेहसाणा में मैक पटेल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड 150 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है, और आरपीए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात में 140 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए तैयार है।


शिखर सम्मेलन में सेमी-कंडक्टर विनिर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गईं। बुधवार को टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट लगाने की घोषणा की, इसके लिए बातचीत इस साल पूरी होने की उम्मीद है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा ने कहा कि साणंद में सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा का पहला चरण 2025 की शुरुआत तक चालू हो जाएगा।

# दानिश तैमूर के साथ चर्चा

1. जब आपने शमशेर के किरदार के बारे में पढ़ा, तो सबसे पहले आपके मन में क्या ख्याल आया? इसके लिए आपने क्या तैयारी की?

कैसी तेरी ख़ुदगर्ज़ी में शमशेर का किरदार अपनाना एक सोची-समझी प्रक्रिया थी। इससे पहले निभाए गए इसी तरह के किरदारों के साथ अपने अनुभव को दर्शाते करते हुए, जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया, वो था शमशेर का एक गुरूर वाले आदमी से एक नेकदिल इंसान में बदलाव। इस किरदार के बदलाव में रफ़्तार बनाए रखने के लिए, मैंने निर्देशक के साथ मिलकर काम किया और मैं शमशेर के भावुक सफर में पूरी तरह ढल गया। मेरी तैयारी में शमशेर के किरदार की बारीकियों पर ध्यान देना और उसके बदलते जज़्बातों को बयां करने में प्रमाणिकता पर ध्यान देना शामिल था, खासकर इमोशनल सीन्स में! इस रोल ने एक फैमिली ड्रामा के जरिए इंसानी रिश्तों की एक अनोखी पड़ताल की है।

2. कैसी तेरी ख़ुदगर्ज़ी के शानदार कलाकारों के साथ काम करना कैसा था?



कैसी तेरी ख़ुदगर्ज़ी के काबिल कलाकारों के साथ काम करना बेहद मजेदार था। दुर-ए-फिशान सलीम के साथ काम करना ख़ास तौर पर बेमिसाल था। उनके हुनर और लगन ने सेट में एक ख़ास आकर्षण जोड़ दिया। ये पूरा अनुभव न सिर्फ मज़ेदार था बल्कि रचनात्मक रूप से भी संतुष्टि देने वाला था। मैं वाकई ये उम्मीद करता हूं कि हमारे बीच की केमिस्ट्री सबको पसंद आएगी, खासकर इसलिए क्योंकि जब आप शमशेर के किरदार को शुरुआत में देखते हैं, तो वो जो था, ग्रे, सब पर हुक्म चलाने वाला, आखिर में एक कमजोर, दयालु, और एक पूरी तरह से बदला हुआ इंसान बन जाता है। कलाकारों का टीम वर्क शानदार था, और हर सदस्य ने अपना बेहतरीन पेश किया, जिससे शूटिंग का पूरा सफर खुशनुमा और यादगार बन गया।

3. एक एक्टर के रूप में, आपको अपने किरदार की उलझनों को दर्शाने करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

कैसी तेरी ख़ुदगर्ज़ी में अपने किरदार को निभाने में मुझे कुछ दिलचस्प चुनौतियां पेश आईं। इस किरदार को पूरी तरह निगेटिव दिखाए बिना, अपने प्यार के लिए कुछ भी करने की उसकी शिद्दत को बखूबी दिखाने के लिए इसे बड़ी सावधानी से निभाने की जरूरत होती है। एक ताकतवर शख़्सियत से एक महफ़ूज़ और रहमदिल इंसान में बदलाव के सफर में गहराई से उतरना जरूरी था। यह किरदार के विकास को समझने और उन बारीकियों को सामने लाने के बारे में था, जिनसे इंसानी फितरत उजागर होती है।

# एनएसडीसी को ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन से सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के नॉलेज और इम्प्लीमेन्टेशन पार्टनर, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) को नॉन प्रॉफिट और चैरिटी कैटेगरी के तहत ग्रेट प्लेस टू वर्क0 इंडिया द्वारा प्रमाणित किया गया था। 31 जुलाई, 2008 को अपनी स्थापना के बाद से, एनएसडीसी बड़े और गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक संस्थानों के निर्माण को बढ़ाकर कौशल विकास को बढ़ावा दे रहा है। इसने महत्वपूर्ण उद्योग भागीदारी के माध्यम से कौशल को अंतरराष्ट्रीय मानकों तक अपग्रेड किया है और स्टैंडर्ड, करिकुलम और क्वालिटी आश्वासन के लिए आवश्यक ढांचे विकसित किए हैं। एनएसडीसी विविध पृष्ठभूमि, जातीयता और शैक्षिक योग्यता वाले उत्साही प्रोफेशनलों के साथ एक घनिष्ठ कम्युनिटी रहा है। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि संगठन को उत्पादक और फायदेमंद बनाने के लिए मैनेजरों और उनके कर्मचारियों के बीच विश्वास और सम्मान होना जरूरी है। यह मान्यता एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के प्रति एनएसडीसी के समर्पण को उजागर करती है जहां हर कोई प्रसन्नता के साथ काम करते हुए अपने



जीवन में आगे बढ़ सकता है।

द ग्रेट प्लेस टू वर्क0 वर्कप्लेस कल्चर में एक ग्लोबल लीडर है, जो संगठनों को लगातार और अत्यधिक पॉजिटिव इम्प्लॉयी एक्सपीरिएन्स बनाने में मदद करता है। भारत में, ग्रेट प्लेस टू वर्क0 22 विविध उद्योगों में फैले 1400 से अधिक संगठनों के साथ सालाना सहयोग करता है। इसकी रिसर्च के अनुसार, अनुकरणीय वर्कप्लेस में प्रभावी लीडरशिप, लगातार पॉजिटिव इम्प्लॉयी एक्सपीरिएन्स और सस्टेनेबल फाइनेन्शियल परफार्मेन्स के प्रति प्रतिबद्धता जैसे गुण होते हैं।

एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी, श्री वेद मणि तिवारी ने कहा, एनएसडीसी में, विकास और समान अवसर के हमारे मूलभूत सिद्धांत मार्गदर्शक स्तंभों के रूप में कार्य करते हैं, जो प्रत्येक कर्मचारी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।। यह सर्टिफेकशन एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो लर्निंग, इनोवेशन और समान अवसरों को बढ़ावा देता है। हमें इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है, इसका श्रेय एनएसडीसी टीम के अटूट समर्पण और लचीलेपन को जाता है। जैसे-जैसे हम उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा उद्देश्य एनएसडीसी को सशक्तिकरण और असीमित अवसरों के प्रतीक के रूप में बदलना है।

ऐसे समय में जब वर्कप्लेस पर लैंगिक समानता पर महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है, एनएसडीसी प्रत्येक कर्मचारी के विचारों और दृष्टिकोणों को प्रोत्साहित करता है और यह महिलाओं के काम करने के लिए एक अनुकूल स्थान भी है। भारत को विश्व की कौशल राजधानी में बदलने की एनएसडीसी की यात्रा में महिलाएं समान भागीदार हैं और हर कदम पर प्रमुख डिसीजन-मेकर हैं।

एनएसडीसी कौशल विकास के अवसरों को जमीनी स्तर पर ले जाकर लोगों, उनके परिवारों और समुदायों के जीवन पर प्रभाव डालकर भारत को कौशल केन्द्र बनने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। वर्तमान कारोबारी माहौल और हमारे हितधारकों की जरूरतों पर विचार करके इन राष्ट्रव्यापी कौशल प्रशिक्षण पहलों को प्रसारित करने के लिए इसके पास विविध पृष्ठभूमि के शीर्ष स्तर के प्रोफेशनलों के साथ एक मजबूत कम्युनिकेशन चैनल है।

# मैं अटल हूं फिल्म का गाना हिंदू तन-मन आज लखनऊ में रिलीज हुआ



**लखनऊ।** बहुमुखी मूल्यों वाले व्यक्ति और दिल से कवि, श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी युवा उम्र के दौरान अपनी लोकप्रिय कविता हिंदू तन-मन लिखी थी। पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं में कविता को एक उच्च प्रस्तुति मिली है। गाने का लॉन्च लखनऊ में हुआ, जहां से सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने से पहले अटल जी सांसद थे। गाने के बोल हमारे प्रिय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी के हैं, जो इसे दर्शकों के लिए और भी खास बनाते हैं। कैलाश खेर द्वारा गाए गए इस गाने को अमितराज ने कंपोज किया है।

बॉलीवुड के जाने माने एक्टर पंकज त्रिपाठी अपनी इस फिल्म में अटल हूं के प्रमोशन में जुटे हुए हैं और गाने के लांच के लिए वो मूवी मैक्स,आलमबाग में आज उपस्थित थे। विनोद भानुशाली प्रस्तुत, रवि जाधव द्वारा निर्देशित, और ऋषि विरमानी और रवि जाधव द्वारा लिखित, मैं अटल हूं, भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित, विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पंकज त्रिपाठी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर बनी फिल्म मैं अटल हूं में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है।

## एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने शैक्षणिक वर्ष 2024 के लिए प्रारंभिक प्रवेश की घोषणा की

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ द फ्यूचर, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू), शैक्षणिक वर्ष 2024.के लिए शीघ्र प्रवेश की घोषणा की है। प्रारंभिक प्रवेश छात्रों को भविष्य के लिए तैयार कैरियर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए न्यू एज प्रोग्राम्स में अपना स्थान सुरक्षित करने का अवसर प्रदान करता है। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी में शीघ्र प्रवेश प्राप्त करके, 12वीं कक्षा के छात्र बिना किसी तनाव के अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी कर सकते हैं। प्रवेश अब साइबर सुरक्षा में बीटेक और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में इंटीग्रेटेड मास्टर्स जैसे न्यू एज प्रोग्राम्स के लिए खुले हैं, जिन्हें छात्रों को भविष्य की कामकाजी दुनिया के अनुरूप कौशल सेट प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। छात्र 12वीं कक्षा के बाद कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक, बायोटेक्नोलॉजी में बीटेक, 3 साल की बीबीए और 4 साल के इंटीग्रेटेड मास्टर्स इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (आईएमबीए) प्रोग्राम का विकल्प भी चुन सकते हैं। विषय विशेषज्ञता के लिए समकालीन व्यावसायिक परिदृश्य की मांग को देखते हुए इस वर्ष नया अण्डरग्रेजुएट प्रोग्राम- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक भी शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और व्यवसाय में परिवर्तनकारी कौशल वाले छात्रों को तैयार करना है। पाठ्यक्रम में एआई और डेटा साइंस विषयों का एक स्पेक्ट्रम शामिल है, जिसमें एआई-एमएल, डीप न्यूरल नेटवर्क, एनएलपी, लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएमएस) के साथ जेनरेटिव एआई, अनुकूलन और पूर्वानुमानित विश्लेषण शामिल हैं। छात्र निर्माण, हैल्थकेयर, फायनेंस और रिटेल जैसे क्षेत्रों में क्रांति लाने के लिए सुसज्जित हैं। प्रारंभिक प्रवेश सीमित संख्या में सीटों के लिए खुले हैं, जो प्रवेश मानदण्डों को पूरा करने वाले छात्रों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिए जाते हैं। प्रवेश 10वीं कक्षा में छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन या निर्दिष्ट राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में उनके परिणामों के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। छात्र अपने कक्षा 10वीं के स्कोर के आधार पर 100 प्रतिशत योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति के लिए भी योग्यता प्राप्त कर सकते हैं। जेईई स्कोर वाले आवेदकों को एनयू एप्टीट्यूड टेस्ट (एनयूएटी) से छूट दी गई है।

# सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने अपने तीर्थस्थल पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**गुरुग्राम।** सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने उत्तर प्रदेश के तीर्थस्थल श्रावस्ती में ट्यूलिप इन खोलने की घोषणा की है, जो बौद्ध तीर्थयात्रियों



के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है।

होटल भारत में दूसरा ट्यूलिप इन ब्रांडेड होटल है, जो बेंगलुरु के कोरामंगला में एक सफल होटल के बाद और सरोवर के मौजूदा 09 तीर्थस्थान पोर्टफोलियो में नए जोड़े गए हैं, जिसमें हरिद्वार, कटरा, बोधगया, तिरुपति, अमृतसर, पावगढ़, बद्रीनाथ, अयोध्या और वृंदावन जैसे प्रमुख तीर्थस्थान शामिल हैं। यह उद्घाटन सररोवर की रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य लोकप्रिय तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर अपने फुटप्रिंटका विस्तार करना और विकास को गति देना है। एयरपोर्ट चौराहा, कटरा बलरामपुर-बहराइच राजमार्ग पर स्थित, यह होटल बलरामपुर रेलवे स्टेशन से 18 किमी दूर है और निकटतम हवाई अड्डे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एअरपोर्ट, लखनऊ से पहुंचा जा सकता है। तराई क्षेत्र में स्थित, इस होटल में 71 कमरे और सुइट हैं जिनमें आराम की सुविधा मौजूद है, ट्यूलिप इन - दिन का डाइनिंग रेस्तरां, एक लॉन के साथ जुड़ा बैंक्वेट हॉल, स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर मौजूद है।

उद्घाटन पर बात करते हुए सरोवर होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और लौवर होटल्स इंडिया के डायरेक्टर अजय के. बाकाया ने कहा, हम ओरिसन होटल एंड रिसॉर्ट के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, अपनी फ्लैगशेप होटल के साथ हम पर भरोसा जताने के लिए डॉ. अनिल केडिया और डॉ. एसके वर्मा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह मुंबई में भारत की अग्रणी प्रदर्शनी 2024 का उद्घाटन करेंगे



**लखनऊ।** इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) के एक प्रमुख कार्यक्रम डिस्ट्रीब्यूईएलईसी 2024 लांच करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जो भारत के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में क्रांति लाने का वादा करता है। 16 से 18 जनवरी 2024 तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन मुंबई के प्रतिष्ठित बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आरके सिंह द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा लागू किए गए सराहनीय बिजली सुधारों की पहल है, जिसने देश को बिजली की कमी से बिजली आपूर्ति पावरहाउस में सफलतापूर्वक बदल दिया है।

डिस्ट्रीब्यूईएलईसी हाई-टेक पावर डिस्ट्रीब्यूशन पर भारत की अग्रणी प्रदर्शनी है। जो 220V से 33KV तक के उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का व्यापक प्रदर्शन प्रदान करती है। ट्रांसफार्मर, केबल, कैपेसिटर, स्विचगियर, मीटर, इंसुलेटर और कंडक्टर जैसे पारंपरिक विद्युत उपकरणों के साथ-साथ, यह कार्यक्रम वितरण स्वचालन और नियंत्रण प्रणाली, ऊर्जा दक्षता, मांग प्रतिक्रिया, उन्नत मीटरिंग, संचार प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा और में नवीन प्रगति को भी प्रदर्शित करेगा।

आईईईएमए के सम्मानित अध्यक्ष श्री हमजा अरसीवाला ने आगामी कार्यक्रम के लिए उत्साहपूर्वक अपनी आशा व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि डिस्ट्रीब्यूईएलईसी एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो उद्योग के नेताओं, उपयोगिताओं, निर्माताओं और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं को एक साथ लाता है।

इस सभा का उद्देश्य ऐसे नवीन समाधानों को प्रदर्शित करना है, जो स्मार्ट ग्रिड, आउटेज मैनेजमेंट, डिमांड मैनेजमेंट, मीटरिंग, माइक्रोग्रिड, स्टोरेज, सबस्टेशन, ऊर्जा कुशल भवन और फीडर ऑटोमेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को संबोधित करते हैं। निस्संदेह, डिस्ट्रीब्यूईएलईसी एक अधिक लचीली और कुशल बिजली वितरण प्रणाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत में एक मजबूत विद्युत पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है।

दो उल्लेखनीय उप-कार्यक्रम के तहत बिल्डईएलईसी और इंटेलेक्ट, डिस्ट्रीब्यूईएलईसी के साथ आयोजित किए जाएंगे। बिल्डईएलईसी का लक्ष्य विशेष रूप से आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के लिए डिज़ाइन किए गए विद्युत समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करना है। यह अत्याधुनिक स्मार्ट विद्युत प्रौद्योगिकियों और उपकरणों को प्रदर्शित करने के लिए एक विशिष्ट मंच के रूप में काम करेगा। दूसरी ओर इंटेलेक्ट बिजली वितरण और खपत के लिए समर्पित एक सम्मेलन है। उद्योग की भविष्य की दिशा पर व्यावहारिक चर्चा की सुविधा प्रदान करेगा।

आईईईएमए की महानिदेशक सुश्री चारू माथुर ने इन उप-घटनाओं के अत्यधिक महत्व पर जोर दिया है। वह कहती हैं कि बिल्डईएलईसी और इंटेलेक्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा वे इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे ये आयोजन डिस्ट्रीब्यूईएलईसी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ सहजता से संरेखित होते हैं। उद्योग की क्षमता का व्यापक परिप्रेक्ष्य पेश करके, ये समवर्ती कार्यक्रम उपस्थित लोगों के समग्र अनुभव को बढ़ाते हैं।

## इंडियास्किल्स प्रतियोगिता पंजीकरण की तारीख 15 जनवरी तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), इंडियास्किल्स 2023-24 का आयोजन कर रहा है। यह एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता है जिसमें लाखों उम्मीदवारों की भागीदारी की उम्मीद है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता असंख्य कौशलों के उत्सव के रूप में, व्यक्तियों को अवसरों से भरे भविष्य की कल्पना करने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करती है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में प्रतिभागियों की जबरदस्त प्रतिक्रिया और बढ़ती रुचि को देखते हुए प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की समय सीमा 15 जनवरी 2024 तक बढ़ा दी गई है। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप, यह प्रतियोगिता पारंपरिक/न्यू जॉब रोल में रोजगार योग्यता और डोमेन स्किल्स वाले %अमृतपीढ़ी% को वैश्विक स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक विशिष्ट अवसर प्रदान करती है। यह प्रतियोगिता कौशल और शिल्प कौशल के एक जीवंत उत्सव के रूप में एक मजबूत प्लेटफॉर्म है जो कौशल अंतर को पाटता है और युवाओं को क्षमता, उत्कृष्टता और उत्पादकता के विश्व स्तरीय मानकों को प्राप्त करने में मदद करता है। बढ़ी हुई समयसीमा उम्मीदवारों की रुचि को और अधिक बढ़ाएगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सभी संभावित प्रतिभागियों के पास अपना पंजीकरण पूरा करने और इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पर्याप्त समय हो। इस भव्य आयोजन के लिए स्किल इंडिया डिजिटल वेबसाइट पर पंजीकरण शुरू हो गया है, जिसमें देश भर से उम्मीदवारों को अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह प्रतियोगिता जिला, राज्य, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई चरणों में आयोजित की जाती है - जिसमें विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप 2024 में फ्रांस के ल्योन में आयोजित होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारों से गूंजा मथौली कस्बा

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम अयोध्या में बने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसके लिए हिन्दू संगठनों व भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पूजित अक्षत व दीपक वितरण कर रहे है। इसी के तहत गुरुवार को मथौली कस्बा के दुर्गा मंदिर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य शोभायात्रा व जूलुस निकालकर घर-घर पूजित अक्षत व दीपक वितरण किया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से कस्बा गूंज उठा था।

शोभायात्रा दुर्गा मंदिर से आरंभ होकर कोट माता मंदिर, श्रीराम बाजार, हरिओम चौक, हनुमत चौक, मुख्य चौराहे से होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर शोभा यात्रा समाप्त हुई। इस शोभा यात्रा में शामिल महिलाएं, युवतियां और अन्य लोग भक्ति गीतों की धुन पर नृत्य करते दिखे। सभी श्रीराम के रंग में रंगे थे। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा शहर गूंज रहा था। यात्रा समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने कहा कि श्रीराम सबके राम हैं। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सबकी सहभागिता हो इसके लिए घर-घर पूजित अक्षत, कलश और दीपक पहुंचाया जा रहा है। 22 जनवरी को सुबह के 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सभी गांव, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी के मंदिरों में विशेष पूजन और भजन-कीर्तन करें। घर के दरवाजे पर रंगोली बनाकर भगवान श्रीराम का स्वागत करें। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, भाजपा नेता कृष्ण मणि त्रिपाठी, प्रिंस जायसवाल, रामधनी चौरसिया, यशवंत सिंह, रविंद्र गौंड, रामकृपाल उर्फ धमारी यादव, प्रिंस मद्धेशिया, हेमंत सिंह, महेंद्र यादव, रामाशंकर चौरसिया, मानवेन्द्र सिंह, टेंपू जायसवाल, मनीष केजरीवाल, सोनू मद्धेशिया, विवेक चौबे, बृजेश उपाध्याय, बसंत, आकाश जायसवाल, ऋषिकेश दास, विजय प्रताप सिंह, अजीत शर्मा, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पूजित अक्षत व दीपक वितरण के दौरान जूलुस में शामिल हुए विधायक व अन्य

## यातायात जागरूकता को प्रशिक्षित हुए स्वयंसेवक

**गौरीगंज (अमेठी)।** नेहरू युवा केन्द्र की उप निदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन अभिमुखीकरण अभियान में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात जागरूकता के लिए चयनित स्वयंसेवकों को एआरटीओ सर्वेश सिंह ट्रैफिक इंस्पेक्टर शोभनाथ द्वारा गुरुवार को रणंजय इंटर कालेज में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी स्वयंसेवकों 5 दिनों तक अमेठी गौरीगंज मुसाफिरखाना जगदीशपुर जायस में यातायात पुलिस के साथ मिलकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे।इस अवसर पर दिनेश मणि ओझा लेखाकार नेहरू युवा केंद्र ने युवाओं को मेरा युवा भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीकरण करने का अनुरोध किया। मेरा युवा भारत पोर्टल का निर्माण युवाओं के आकांक्षा को पूर्ण करने उनकी रुचि और कौशल के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध कराने का केंद्रीय डेटाबेस है।

# पर्यटन मंत्री ने किया गोरखपुर महोत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पर्यटन मंत्री ने 2024 गोरखपुर महोत्सव का शुभारंभ दीप जलाकर किया। इस बार महोत्सव में 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीरामोत्सव की छटा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिख रही हैं। मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अधिकांश प्रस्तुतियां भगवान श्रीराम पर केंद्रित नजर है। महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे।

**शनिवार को औपचारिक समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे सीएम योगी**

22 जनवरी को अयोध्या के नव्य-भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रीरामोत्सव का उल्लास पूरे देश में छाया हुआ है। श्रीराम मंदिर को लेकर हुए आंदोलन को निर्णायक दिशा देने वाली गोरक्षपीठ की धरा पर तो इस उल्लास के रंग और चटक हो रहे हैं। उद्घाटन के बाद गोरखपुर के सांसद और मशहूर सिने स्टार रविकिशन शुक्ल का कहा कि गोरखपुर महोत्सव का आयोजन राममय समय में हो रहा है। ऐसे में चंपा देवी पार्क मैदान में हो रहा यह महोत्सव ज्ञान, मनोरंजन के साथ रामोत्सव के रंग में भी सराबोर होने जा रहा है। चूंकि इस समय पूरे देश में श्रीराम पर आधारित गानों, भजनों की धूम मची हुई है, लिहाजा गोरखपुर महोत्सव में भी स्थानीय से लेकर विख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां राममय ही रहने की उम्मीद है। पहले दिन योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नाटक राम की लीला और लोकनायक तुलसीदास का मंचन भी श्रीराम के रंग में रंगा हुआ नजर आया।



**गोरखपुर महोत्सव में पहले दिन आयोजित हुए कार्यक्रम**

पर्यटन मंत्री द्वारा उद्घाटन : पूर्वाह्न। शिंजिनी कुलकर्णी का शास्त्रीय नृत्य। सबरंग : अपराह्न से शाम 6 बजे तक। सुरभि सिंह का सूफी शास्त्रीय नृत्य। बी प्राक का बॉलीवुड नाईट। (ये सभी कार्यक्रम महोत्सव के मुख्य मंच, चंपा देवी पार्क मैदान में हुए) नाटक लोकनायक तुलसीदास। नाटक राम की लीला, दोनों बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में।

## कृषि यंत्रों और कृषि उपकरणों के लिए किसानों का ई-लॉटरी प्रक्रिया से हुआ चयन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में कृषि यंत्रों और कृषि उपकरणों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों का ई-लॉटरी प्रक्रिया से चयन किया गया। चयन के लिए लॉटरी के 81 चक्र चलाए गए 148 किसानों का चयन हुआ। 148 किसान प्रतिक्षा सूची में रखे गए हैं 14 सदस्यीय चयन समिति में चयन समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी की निगरानी में पूरी प्रक्रिया की गई। ई-लॉटरी प्रक्रिया लगभग 11 बजे शुरू की गई। कार्यकारी समिति की ओर से सदस्य सचिव के रूप में उप कृषि निदेशक डॉक्टर लाल बहादुर यादव सह सदस्य जिला उद्यान अधिकारी जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह प्रगतिशील किसान हारित सिंह दयाराम यादव यशकेंद्र सिंह, सुनील कुमार विनोद कुमार शुक्ल एसएचजी मेंबर निर्मला देवी किरण तिवारी कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से डॉक्टर आरके आनंद नाबार्ड की ओर से गणेश शंकर यादव और जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिशिर सक्सेना की मौजूदगी में विकासखंडवार किसानों को बुलाकर चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। ई-लॉटरी प्रक्रिया में विभागीय तैयारी एवं उचित मार्गदर्शन हेतु कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश से नोडल अधिकारी के रूप में नामित आरबी सिंह संयुक्त सचिव कृषि निदेशक (बाढ़ोन्मुखी योजना) उत्तर प्रदेश कृषि भवन लखनऊ भी उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन आवेदन किए जायेंगे स्वीकार

**देवरिया।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया है कि हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा सकुर्लर-3 08 जनवरी, 2024 को जारी किया है जिसमें हज यात्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है। ऑनलाइन आवेदन 08 जनवरी, 2024 को आरम्भ हो गया है, जो 15 जनवरी, 2024 तक जारी रहेगा। ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी आफ इण्डिया की वेबसाइट https://haj-committee.gov.in पर किया जायेगा।

राज्य हज समिति द्वारा प्रशिक्षकों का चयन किये जाने की अन्तिम तिथि 25 जनवरी, 2024 है। प्रशिक्षकों को दो दिवसीय भौतिक प्रशिक्षण दिल्ली में फरवरी, 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्भावित है। केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। 150 हज आवेदकों पर 01 प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा।

# दौड़ में काजल प्रथम, सोनमती द्वितीय व डिंपल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** वर्तमान मोबाइल युग में खेल के मैदान से नाता रखने वाली आज की पीढ़ी न सिर्फ स्वास्थ्य रहता है बल्कि आगे चल खेल क्षेत्र मे प्रदेश व देश का नाम रौशन करता है। इस लिए जरूरी है कि आप पढाई के साथ-साथ साथ खेल में भी रुचि रखे। उक्त बातें पडरौना नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल ने कहा। वह गुरुवार को द आइकोनिक कॉन्सेप्ट क्लासेज द्वारा जनपद के विशुनपुरा विकास खण्ड क्षेत्र के बलकुड़िया ग्रामसभा में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में जिस तरह समाज खेल के मैदान से दूर होता जा रहा है यह चिंताजनक है। प्रतिभाओं से भरी हमारी भारत भूमि में ग्रामीण क्षेत्र के यह बच्चे निश्चित तौर पर आज स्थानीय तो कल को देश के लिए मेडल लाएंगे।

उन्होंने प्रतियोगिता में जीत हासिल न कर पाने वालों बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हिस्सा लेना खेल में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस लिए हार से दुखी होकर बैठने के बजाय हार से सबक लेकर कडी मेहनत करे निश्चित तौर पर आपकी जीत होगी। इसके पूर्व मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने फीता काटकर प्रतियोगिता उद्घाटन किया। तत्पश्चात खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर व परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया।

प्रतियोगिता 800 मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग से काजल राजभर प्रथम, सोनमती यादव द्वितीय व डिंपल यादव तृतीय स्थान प्राप्त की जब 1600 मीटर की दौड़ में बालक वर्ग के रवि विश्वकर्मा प्रथम, शिवकुमार निषाद द्वितीय तथा चंदन यादव तृतीय स्थान पर रहे।



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष

## धर्मेंद्र मिश्रा के निधन से पत्रकारों व व्यापरियों में शोक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स की एक बैठक संस्था के अध्यक्ष संजय सिंघानिया की अध्यक्षता में हुई जिसमें हिन्दुस्तान अखबार के वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र मिश्र के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए सिंघानिया ने कहा कि उनकी लेखनी की लोकप्रियता भ्रष्ट अधिकारीयों गलत कार्य में सम्मिलित लोगों की पोल खोलती थी अपने नाम का डंका उन्होंने बाजा रखा था हम सब को बहुत दुःख है वह हम सब के बीच मे नहीं रहे उसकी कमी हमेशा खलेगी ईश्वर से प्रार्थना है उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति उनके परिवार को दें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने खड़े होकर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शक्ति के लिए भगवान से प्रार्थना की शोक बैठक में अजय जालान पवन सिंघानिया राजुगुप्ता रमेशकसौधन अमित गोयल बिजया अग्रवाल सतीश गुप्ता आंनद गुप्ता पवन गुप्ता जेपी गुप्ता अभयनिषाद विजयकुमार अनिल अग्रवाल बन्टी कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सुगम आवागमन का रहेगा मुकम्मल इंतेज़ाम



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** खिचड़ी मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों ने गोरखनाथ मंदिर से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए। मेले में लाइट पार्किंग पेयजल की पर्याप्त स्थानो पर समुचित व्यवस्था रहेगी जिससे मेला में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो हर श्रद्धालुओं की सुरक्षा मुहैया कराना गोरखपुर पुलिस की जिम्मेदारी है मकर संक्रांति खिचड़ी मेले में गोरखपुर मंडल ही नहीं बिहार नेपाल सहित अन्य प्रान्तों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो परिवहन विभाग और रेलवे प्रशासन द्वारा सहयोग लेकर पर्याप्त मात्रा में बस और रेल आवागमन संचालित करेंगे जिससे आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

## कोविड अनाथ बच्चे भी अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु होगें पात्र

**अमेठी।** सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय समिति लखनऊ द्वारा अटल आवासीय विद्यालय अमराई गांव तहसील रुदौली जनपद अयोध्या में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कक्षा 6 के 140 एवं कक्षा 9 के 140 (70 छात्र एवं 70 छात्राओं) के प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आफलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नवीनीकृत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनका पंजीकरण 31 दिसंबर 2023 को कम से कम तीन वर्ष पूर्ण हो गया हो के प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे प्रवेश हेतु पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त कोविड के कारण अनाथ बच्चे जिनका महिला एवं बाल विकास में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र हों प्रवेश हेतु पात्र होंगे। कक्षा 6 में प्रवेश हेतु बच्चों की जन्म तिथि 01 मई 2012 से पहले और 31 जुलाई 2014 के बाद नहीं होना चाहिए।

# प्रेमी संग जाना चाहती थी महिला पति ने रोका तो लगा ली फांसी



**सीडीआर लेकर जांच में जुटी पुलिस, नगर पंचायत दुदही के वार्ड नंबर 3 का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत दुदही वार्ड 3 में गुरुवार को सुबह 9 बजे प्रेमी के साथ जाने को लेकर पति और पत्नी में विवाद हो गया। कुछ देर बाद पत्नी ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के दुदही नगर पंचायत वार्ड 3 सरदार बल्लभ पटेल नगर निवासी तारकेश्वर कुशवाहा ने बताया कि वह बाहर रहता है। घर पर सब्जी की खेती होती है। गौरी श्रीराम निवासी एक युवक सब्जी बेचने का कार्य करता है। उसका मेरा पत्नी नीतू कुशवाहा से प्रेम प्रसंग हो गया। वह बार-बार मोबाइल और सिम खरीद कर देता था, जिसको लेकर कई बार पंचायत हुई थी। बताया कि गुरुवार को पत्नी छोटे बच्चे को लेकर प्रेमी के पास जाने की जिद्द पर अड़ गई। विरोध किया तो वह नाराज हो गई। इसके बाद घर में मोफलर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर एसओ रामसहाय चौहान पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। थानाध्यक्ष रामसहाय चौहान का कहना है कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सीडीआर निकाल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मऊ ने मगहर व फिर पिपराइच को हराया



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज कुशीनगर।** कप्तानगंज प्रीमियर लीग सीजन 2 के दूसरे दिन गुरुवार का मुकाबला मगहर व मऊ के बीच खेला गया, जिसमें मगहर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 157 रन बनाया जिसमें सूरज ने 110 रनों की शानदार पारी खेली। मऊ ने 157 रनों के लक्ष्य 9.3 ओवरों में 5 विकेट के नुक्सान पर हासिल कर लिया। प्रफुल्ल ने शानदार 78 रनों की पारी खेली। इस तरह से मऊ यह मैच जीत कर आगे प्रवेश कर गया। इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ उपेंद्र सिंह, ए. रामगोपाल गुप्ता, गोलू मिश्रा, सभासद संजय पटेल रहे। वही दूसरा मैच मऊ व पिपराइच के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पिपराइच ने निर्धारित 8 ओवरों में 102 रन के जवाब में मऊ ने महज 6 ओवर में ही आसानी से जीत दर्ज कर आगे प्रवेश कर गया। इस मैच के मुख्य अतिथि सुभाष वर्मा व क्रिसेंट स्कूल के प्रबंधक मु. शबीब रहे।संरक्षक संजय यादव व आयोजक अंशु गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजगोपाल मिश्र, महफूज दानिस, शुभम, राजन साहनी, अरुण, अमित यादव, सोनू, प्रिंस, चंदू, शिवम, साजिद, सन्नी, अंकुर, दीपक आदि मौजूद रहे।

## कैंप लगाकर नमो ऐप से जोड़ने का अभियान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा कार्यालय पर शुक्रवार को कैंप लगाकर लोगों को नमो ऐप से जोड़ने का अभियान शुरू किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने की। अभियान जुड़ने के लिए भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि- सरकार जनता से सीधे जुड़ना चाहती है। उनसे संवाद करना चाहती है और साथ ही साथ प्रदेश तथा केंद्र सरकारों द्वारा चलाई जा योजनाओ की सीधे उन्हें जानकारी दी जा सके सभी के स्मार्ट फोन में नमो ऐप डाउनलोड किया गया। एक दिन के लक्ष्य में तकरीबन पांच सौ लोगों के मोबाइल फोन से नमो ऐप लोड हुआ। उक्त अवसर पर लिपिक अखिलेश गुप्ता, राजमन मौर्य, राजन मिश्रा, रविराज, रामनाथ यादव, प्रशांत कुमार, हरिकेश, गुड्डू मौर्य, राजेश गुप्ता, मुहम्मद इस्लाम, रामचल चौरसिया समेत कई लोग मौजूद थे।

## हर गरीबों की चिंता करती है भाजपा सरकार



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भटनी नगर पंचायत के नोनापार गांव में गिरधारी तिवारी के आवास पर गरीब जन कल्याण योजना के तहत बड़े पैमाने पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि रामपुर कारखाना से विधायक सुरेंद्र चौरसिया थे। इस दौरान हजारो ग्रामवासी इस कार्यक्रम में पहुंचे। हजारो लोगो के बीच कम्बल वितरण करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार सामाजिक समरसता की समर्थक है और गरीबों के हित में सदैव तत्परता के साथ खड़ी रहती है। हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी का नारा है- सबका साथ सबका विकास। यह महज नारा भर नहीं है बल्कि संकल्प है। उन्होंने कहा कि इसलिए यहां समाज के सभी लोगो के साथ बैठ कर हम उनकी समस्याओं को खत्म करने के लिए आए हैं। सरकार में हर वर्ग तथा हर जाति का विकास हो यही हमारा संकल्प है। उन्होंने बताया कि ठंढ के मौसम को ध्यान में रखते हुए हर तहसीलों के अधिकारियों और कर्मचारियों को यह निर्देशित किया गया है कि किसी भी गरीब को ठंढ़ में कंबल का आभाव न हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार चौबीसों घंटे अपने देश और प्रदेश की जनता के हित में कार्य कर रही है। कोई भी गरीब जाड़े में कंबल के आभाव में न ठिठुरे इसकी चिंता सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही कर सकती है। जनपद में हर तहसीलों में बड़े पैमाने पर गरीबों में कंबल वितरण कराया जा रहा है। हर तहसीलों पर पर्याप्त मात्रा में कंबल उपलब्ध है। इस अवसर पर जिला मंत्री अरविंद पाण्डे, नीरज शाही, हितेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति, दीपक जायसवाल सहित अधिकारी और कर्मचारी गण तथा सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# वर्तमान समय में बीमारियों का मूल कारण दूषित जल का सेवन है

अवधनामा संवाददाता

**रामपुर कारखाना।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद देवरिया के विभिन्न विकास खण्ड में संचालित होने वाले जन जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में विकास खण्ड रामपुर कारखाना के खण्ड विकास परिसर में खण्ड विकास अधिकारी सतीश, सहायक विकास अधिकारी पंचायत चंद्रभूषण त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखा करके गाड़ियों को रवाना किया।


इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत अधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए जन जागरूकता कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के बीच दूषित जल से होने वाली बीमारियों से बचाव तथा वर्षा जल के संरक्षण के बारे में लोगों को प्रेरित किया जा सकता है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत चंद्र भूषण मणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय में बीमारियों का मूल कारण दूषित जल का सेवन और स्वच्छता है। लोगों में व्यवहार परिवर्तन के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का निरंतर होना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी संदेश को लेकर के प्रत्येक ग्राम पंचायत में एलईडी बैन जाएगी और लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगी। प्रशिक्षक अजीत तिवारी ने बताया कि एलईडी बैन के माध्यम से लोगों को पानी की गुणवत्ता उससे होने वाली बीमारियां तथा पेयजल के रखरखाव और उनके रासायनिक और जीवाणु जांच के संदर्भ में भी जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वक वीरेंद्र पांडे, खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन हरिकेश बहादुर शाही समेत विकास खण्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



## कड़ाके की सर्दी का सितम जारी

**अमेठी।** जिले में पिछले एक पखवाड़े से कड़ाके की सर्दी का सितम जारी है। बावजूद इसके ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव नहीं जले हैं। गुरुवार सुबह छाये घने कोहरे ने रफ्तार थाम दी। पारदर्शिता कम होने के कारण सड़क पर वाहन रेंगते नजर आये। कोहरे ने सर्दी बढ़ा दी है। भीषण कोहरे और कड़ाके की सर्दी के बीच जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। दोपहर बाद धूप खिली और कोहरा छटा। धूप खिलने के बाद लोग खुले आसमान के नीचे धूप सेंकते नजर आये। सुबह कोहरे के कारण पारदर्शिता कम होने के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। गलन काफी बढ़ गई है गर्म कपड़ों में ढके होने के बावजूद भी राहगीर ठिठुरते नजर आए। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का एहसास कराया शाम को दिन ढलने के बाद सर्द हवाओं के कारण फिर कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई।

## नोडल अधिकारी ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी राधेश्याम प्रबंध निदेशक अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम उत्तर प्रदेश द्वारा गुरुवार को तहसील मुसाफिरखाना के अंतर्गत विकासखंड बाजार शुकुल जगदीशपुर एवं मुसाफिरखाना की अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल क्रमशः सेवरा मऊ अतवारा गुन्नौर एवं रसूलाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त गौशालाओं में भूसा पशु आहार एवं हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। सभी गोवंश स्वस्थ थे। ग्राम पंचायत द्वारा पूलिंग की धनराशि भी ससमय भेजी जा रही है। केयरटेकरों को दिसंबर माह तक मानदेय दिया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जेपी सिंह उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना सविता यादव जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) संबंधित ब्लाक के खंड विकास अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी सचिव ग्राम प्रधान एवं केयरटेकर मौजूद रहे।

## संशोधित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने बताया है कि निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को आनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण तक की निर्गत संशोधित समय सारिणी के अनुसार समयान्तर्गत कार्यवाही किये जाने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए सुसंगत छात्रवृत्ति नियमावली में उल्लिखित प्राविधान के अनुसार शैक्षिक सत्र 2023-24 में पूर्वदशम योजना के क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद के शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत पूर्वदशम कक्षाओं के छात्र-छात्राएं पर ऑनलाईन आवेदन करेंगे

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की समीक्षा हेतु बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा जनपद में अवस्थित गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर शीत ऋतु के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए शासन की गाईड लाइन के अनुरूप आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारी गोआश्रय स्थलों के पर चारे, पानी, दवा, शेल्टर, गोदाम तथा हरे चारे के लिए किये गये प्रबन्धों का भी जायज़ा लें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि गोआश्रय स्थल से सम्बन्धित अभिलेख भी अद्यतन हों।

डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में संचालित किये गये अभियान के दौरान गोआश्रय स्थलों में संरक्षित किये गये गोवंशों के विवरण का अभिलेखीकरण किया जाय। जिसमें इस बात का भी स्पष्ट उल्लेख हो अभियान के दौरान संरक्षित किये गये गोवंशों को रखने के लिए क्या व्यवस्था की गई है। बीडीओ को निर्देश दिया गया कि सभी गोआश्रय स्थलों पर मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत परिवारों को दान किये गये गोवंशों का भी विवरण रखा जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोआश्रय स्थलों पर तैनात कार्मिकों के मानदेय का भुगतान समय से किया जाय साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि गोआश्रय स्थलों के लिए तैनात केयर टेकर अनिवार्य रूप से वहीं पर निवास करें।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिये शेड को जूट के बोरे/तिरपाल से कवर किया जाय। इसके लिये विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध अनुपयोगी बोरा/टाट आदि को गौ आश्रय स्थलों पर उपलब्ध कराकर प्रयोग में लाया जाय। डीएम द्वारा सुझाव दिया गया है कि गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए समुचित प्रबन्धन एवं निरन्तर निगरानी के साथ साथ पशु शेडों के आस पास सुरक्षित ढंग से अलाव की भी व्यवस्था की जा सकती है। पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित गोआश्रय स्थलों का नियमित रूप से भ्रमण कर संरक्षित गोवंशों को मानक के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की समीक्षा के दौरान डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर अपने-अपने ब्लाकों पर 27 से 30 जनवरी के मध्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न करा लें। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सामूहिक विवाह सम्पन्न होने के पश्चात लाभार्थियों के खातों में धनराशि का स्थानान्तरण समय से कराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस तक प्रत्येक तहसील में संचालित रहेंगे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र
- डीएम ने स्वयं मतदान कर ईवीएम का परीक्षण किया

**ललितपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैक्ट्रेट परिसर में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वय ईवीएम के माध्यम से वोट डालकर डेमो दिखाया। उन्होंने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली तथा लोगों को इसके लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरुक करने हेतु आज कलैक्ट्रेट परिसर एवं समस्त तहसीलों में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का शुभारंभ किया गया है, यह ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र आज से 25 जनवरी 2024 राष्ट्रीय मतदाता दिवस तक संचालित रहेंगे।

इन केन्द्रों पर कोई भी आमजन ईवीएम में वोट डालकर देख सकते हैं, साथ ही प्रत्येक केन्द्र पर उपस्थित ईवीएम मास्टर ट्रेनर्स से अपनी शंकाओं का समाधान करा सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक केन्द्र पर आम मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी सेल्फी प्वाइंट बनाये गए हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जनपद की दोनों विधानसभाओं में मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र पर आने वाले सभी मतदाताओं की शंकाओं का समाधान किया जाए, साथ ही विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, नोडल अधिकारी ईवीएम, अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## वात्सल्य और करूणा की प्रतिमूर्ति रही शान्तिबाई

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वात्सल्य और करूणा की प्रतिमूर्ति रही शान्तिबाई अलया, जिन्होंने अपने जीवन में दूसरों के प्रति सदैव सम्भाव रखा और धार्मिक जीवन यापन कर 98 वर्ष की आयु पूर्ण कर देह परिवर्तन किया। उक्त विचार दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार कीर्तिशेष बाबू ज्ञानचंद अलया की धर्मपत्नी के देवलोक गमन पर वक्ताओं ने व्यक्त किए।

# 22 को दुल्हन की तरह सजेगी कुश की नगरी कुशभवनपुर

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** रामनगरी अयोध्या धाम में 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन नगर पालिका ने श्रीराम के पुत्र कुश की नगरी कुशभवनपुर को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी शुरू कर दी है।अयोध्या धाम से सटे होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व गणमान्य लोगों का सुल्तानपुर से आवागमन होना सुनिश्चित है। इसी को लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामेन्द्र



मोहन चौधरी ,प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पुनीत गुप्ता सहित सफाई, मार्ग प्रकाश आदि विभागों के कर्मचारियों के साथ बैठक कर तैयारी की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया।नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि 5000 भगवा ध्वजों से मन्दिर, धार्मिक स्थल व नगर के प्रमुख मार्गों को सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए नगर के मुख्य प्रवेश द्वारों पयागीपुर, अमहट, गोलाघाट एवं करौंदिया में प्रवेश व तोरणद्वार बनाएं जाएंगे।श्री अग्रवाल ने बताया पयागीपुर चौराहा, अयोध्या बाईपास फ्लाईओवर एवं खम्भों आदि पर वालपेंटिग का कार्य भी होगा।चौक घंटाघर,नगर पालिका परिसर,सुपर मार्केट, तिकोनिया पार्क, आजाद पार्क,अम्बेडकर पार्क, लोहिया पार्क, पर्यावरण पार्क आदि की विद्युत सजावट 15 से 26 जनवरी तक होगी।शहर के प्रमुख चौराहों दरियापुर, बाधमंडी, शाहगंज,पोस्ट आफिस, करुणाश्रय,कुड़वार नाका आदि को रेनबो माडल से सजाया जायेगा। पयागीपुर से कलेक्ट्रेट तक डिवाइडर पर लगे विद्युत पोलों को लाइट व तिरंगा स्ट्रिप लाइट से सजाया जाएगा। इसके अलावा 11जनवरी से 14 जनवरी तक वार्डों, समस्त मठ-मन्दिर व धार्मिक स्थलों की साफ- सफाई व 15 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक सभी मंदिर एवं धार्मिक स्थलों पर सफाई के साथ चूना छिड़काव होगा साथ ही सभी पार्कों की भी सफाई एवं प्रतिमाओं की धुलाई की जाएगी। वही प्रधानमंत्री के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# छात्र प्रोत्साहन परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

- बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्वस्थ्य प्रतियोगिता जरूरी: पूनम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पं0 विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास के तत्वावधान में बुंदेलखंड एकीकरण समिति के माध्यम से बालाजी बाल विद्या मंदिर स्कूल जखौरा में हुई प्रोत्साहन परीक्षा में चयनित बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम शर्मा, अध्यक्षा वीरांगना फाउंडेशन ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं पंडित विश्वनाथ शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक रानी यादव ने बताया की परीक्षा में 15 विद्यालयों के 450 लगभग छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था, जिसमें 330 छात्र छात्राएं सफल हुए हैं। सभी सफल छात्र छात्राओं को स्कूल बेग, मोमेंट एवं सर्टिफिकेट दिया गया। पूनम शर्मा ने बताया की ट्रस्ट के माध्यम से निरंतर समाज सेवा कार्य जारी है। शिक्षा स्वास्थ्य हर क्षेत्र में हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। ट्रस्ट का क्षेत्रीय सांसद अनुराग शर्मा और उनके परिवार का निरंतर समाज सेवा कार्यों में मिल रहे सहयोग, उत्साह वर्धन और प्रेरणा के लिए बहुत बहुत आभार। उत्तम सिंह लोधी ने पूनम शर्मा जी को साल और श्री फल भेंट किया। दिनेश गोस्वामी एडवोकेट जी ने कार्यक्रम के आयोजक बालाजी स्कूल के प्रबंधक अरुण ताम्रकार एवं उनकी टीम अपनी मेहनत, अपनी लगन, अपने समर्पण से, अपनी पूरी निष्ठा से शिक्षा के दायित्व को बखूबी निभा रहे है उनके प्रयास से गरीब बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिल रही है। वह अपने इसी तरह के सफल प्रयासों से शिक्षा जगत को गौरवान्वित करें जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा उभर सके। इस अवसर पर बबीता सहरिया ब्लाक प्रमुख जखौरा, ज्योति सिंह लोधी प्रबंधक संत ब्रह्मानंद महाविद्यालय एवं पं0 विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास व बुंदेलखंड एकीकरण समिति से राकेश भदौरिया झाँसी, जानकी, साहिद खां, प्रदीप सोनी, देवेंद्र सिंह यादव, रानी यादव प्राचार्या बालाजी स्कूल एवं अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

## वृद्धाआश्रम में शरण ले सकते है असहाय, वृद्धजनः रमाशंकर गुप्त

**बहराइच।** शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता के नेतृत्व में वृद्धाआश्रम के कर्मचारियों की टीम ने देर रात बस स्टाप, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, पीपल तिराहा, घंटाघर, छावनी, डिगिहा, पानीटंकी चौराहा सहित नगर के अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पाये गये निराश्रित, असहाय, वृद्धजनों व जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया गया तथा वृद्धजनों को वृद्धाआश्रम में संवासित होने के लिए प्रेरित भी किया गया।

# नाबालिग प्रेमिका ने पहले प्रेमी से कराई दूसरे सिरफिरे प्रेमी की हत्या

अवधनामा संवाददाता

- 17 दिन बाद पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** एक तरफा प्रेम ने सिरफिरे प्रेमी की जान ले ली। प्रेमिका ने अपने पहले प्रेमी? से दूसरे प्रेमी को रास्ते से हटाने के लिए हत्या की बागडोर सौंप दी थी। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहीनिदूरा गांव से जुड़ा हुआ है। दो जनवरी को बल्दीराय थाना क्षेत्र के सदराभारी गांव में (14) वर्षीय किशोर अमित चौरसिया की डेड बॉडी पाई गई थी। किशोरी प्रेमिका ने अपने पहले प्रेमी परशुराम तिवारी उर्फ सुधीर तिवारी को सिरफिरे प्रेमी अमित चौरसिया को रास्ते से हटाने के लिए कहा था। इसके बाद परशुराम ने अपने एक किशोर साथी और एक किशोरी की हत्या की साजिश रचने में मदद ली थी। बहुरहवां के पास से फरार चल रहा परशुराम भागने की फिराक में था। जहां पर कोतवाल आरबी सुमन ने गुरुवार को साथी पुलिसकर्मियों की मदद से उसे धर दबोचा। कोतवाल के मुताबिक अमित चौरसिया बीते 26 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। पहले प्रेमी परशुराम ने गला दबाकर अमित चौरसिया की हत्या कर दी थी। कोतवाल आरबी सुमन कहते हैं कि मृतक अमित चौरसिया अपनी किशोरी प्रेमिका से एक तरफा प्रेम करता था । कई बार मना करने के बावजूद पीछा करने पर किशोरी प्रेमिका ने पहले प्रेमी परशुराम की मदद ली और हत्या कर उसे ठिकाने लगाने को कहा था। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु नगर के शास्त्री नगर में हुआ अक्षत वितरण



**सुल्तानपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भाजपा नगर प्रवक्ता मोहित कुमार साहू द्वारा अक्षत वितरण किया जा रहा है। 11 जनवरी को मुहल्ला शास्त्रीनगर में अक्षत वितरित किया गया। अक्षत वितरित करने का ये दसवां दिवस था। इस अवसर पर नगर प्रवक्ता के साथ संगीता साहू, अंजू कसौधन, अनीता पांडे, कुसुम अग्रहरि, आशा देवी एवं बड़ी संख्या महिलाएं मौजूद रही ।श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के समय राम ज्योति जलाने हनुमान चालीसा पाठ, व सुन्दर काण्ड पाठ करने के साथ दिव्य ज्योति जलाने का भी आग्रह किया गया। श्री राम मन्दिर दर्शन हेतु अपने अपने समय के अनुसार अयोध्या धाम दर्शन करने के लिए भी टीम द्वारा आग्रह किया गया है।

## देहात तहसील लंभुआ मामले का निस्तारण

**सुल्तानपुर।** भारतीय चमार महासभा सामाजिक संगठन के द्वारा कुछ संवैधानिक सामाजिक मुद्दों को लेकर 15 जनवरी को आत्मदाह करने के लिए पत्र जारी किया था। दो मुद्दों में से एक पर तहसील प्रशासन लभुआ थाना कोतवाली देहात के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। जिस पर गाटा संख्या 302 की मेड बंदी तहसील प्रशासन और थाना कोतवाली पुलिस के समक्ष करा दी गई। अब थाना कोतवाली देहात तहसील लंभुआ का मामले का निस्तारण करा दिया गया! अब जो भी मामला है ग्राम पंचायत दखिनवारा थाना क्षेत्र कूरेभार का है इसलिए अब किसी भी घटना की जिम्मेदारी जिला पूर्ति अधिकारी सुलतानपुर की होगी। ग्राम सभा दखिनवारा के कोटेदार द्वारा बीते फरवरी 2023 को राशन वितरण नही किया गया, जिसकी शिकायत डीएम सुल्तानपुर को संगठन के माध्यम से कई बार गई, लेकिन 1 वर्ष होने जा रहा है अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दखिनवार गांव के लोगो मे काफी आक्रोश है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | AYC-WVM-CTG-1 |
| Description of work | Installation and operation of 06 Water Vending Machines at Ayodhya Cantt. station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.01.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.01.2024 at 12:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 101/2024



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 02.02.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या : 00302024 दिनांक 10.01.2024 |
| 2 | निविदा संख्या : 46-Sr-DEN-VI-LKO-2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम : वरि. मण्डल इंजीनियर-VI, लखनऊ के अन्तर्गत TBTR with H-Beam sleepers - 304 Nos. (Br. No. 85, 152, 224 & 252 in PFM-UCR-ON section and Br. No. 132 in PBH-PFM section) का कार्य (प्राक्लन सं. 35/2021 & 114/2023) |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 97,34,558.25 |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 1,94,700.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ : 19.01.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 02.02.2024, 15:00 बजे |
| 9 | बेबसाईट : www.ireps.gov.in |

नोटः- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। 117/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरी, विकास खण्ड बक्सा, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2023-24 दिनांक- 10.01.2024

**निविदा सूचना**

**पंचम/पंद्रहवा/मानेगा कनवर्जन /SLW**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत निधि-6 से फेज-2 ठोस अपद्रव्य अपविष्ट प्रबन्धन (SLWM) के अन्तर्गत डब्ल्यू.एस.पी. (WSP) सहित ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 सेनेटाइजेशन, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बेंच-डेस्क का भुगतान, बाउण्ड्री वाल निर्माण/मरम्मत सम्बन्धित सामग्री आदि कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.01.2024 से दिनांक 16.1.2024 को 4.00 बजे तक सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 17.1.2024 को 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रीक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, सेनेटाइजर सहित खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम/सामग्री | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेन्ट | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम. | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुंतल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट, हाइमास्क सोलर लाइट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाइकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि | प्रति नग | |
| 18 | वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडिया कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूनी-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |

**नियम एवं शर्तें-**

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12 आपूर्तिकर्ता का 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

हीरा लाल सरोज
अध्यक्ष
प्रशासनिक समिति
ग्राम पंचायत पिपरी बक्सा जौनपुर

हरीश प्रताप सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत पिपरी बक्सा
जौनपुर

अवधनामा



# चोरी हुए ट्रैक्टर व ट्राली के साथ दो को किया गया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा।** बांदा जनपद के एक गांव से आधी रात में गायब हुआ ट्रैक्टर व ट्रॉली क्षेत्र में बरामद किया गया है। ट्रैक्टर मालिक की मानें तो उसने अपने स्थानीय पुलिस थाने में सूचना दी थी जिसके बाद अलग-अलग टीमें ट्रैक्टर व ट्रॉली को ढूंढने में जुटे रहे हैं। हालांकि क्षेत्र के एक गांव में ट्राली बरामद करने के बाद ट्रैक्टर की तलाश में उन्हें काफी भटकना पड़ा और आखिरकार दोपहर बाद मौदहा बांदा मुख्य मार्ग में पेड़ों की आड़ में खड़े ट्रैक्टर को बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांदा जनपद के चहितारा गांव से गत 9 जनवरी की रात 2 बजे एक ट्रैक्टर व ट्रॉली रहस्यमय तरीके से गायब हो गई थी जिसे काफी तलाश करने के बाद ट्रैक्टर के मालिक ने स्थानीय पुलिस थाने में ट्रैक्टर व ट्रॉली गायब होने की सूचना दी थी। ट्रैक्टर को खोज करने वाले वालों ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर वह लोग इस क्षेत्र में आए और मौदहा क्षेत्र के मुटनी गांव में ट्रॉली बरामद की तथा मौदहा बांदा मुख्य मार्ग पर परछा गांव की मोड़ के पास पेड़ों की आड़ में खड़े ट्रैक्टर को बरामद किया गया है। ट्रैक्टर के साथ ग्राम चकदहा निवासी अशोक तथा मौदहा निवासी इरफान भी पुलिस की हत्थे चढ़े हैं। बताया जा रहा है कि चहितारा गांव में अशोक का ननिहाल है जहां वह पिछले कुछ दिनों तक रूका भी रहा है। फिलहाल बांदा पुलिस ट्रैक्टर के साथ हिरासत में लिये दोनों युवकों की पहचान छिपाने का भरसक प्रयास किया और चार पहिया गाड़ी से युवकों को लेकर बांदा के लिए रवाना हो गयी। ट्रैक्टर मालिक राजबहादुर यादव ने बताया कि वह पिछले दो दिनों से लगातार ट्रैक्टर न्यू हालैंड व ट्रॉली को खोजने के लिए अपने साथियों की अलग-अलग टीमें बनाकर काफी निराशा के साथ क्षेत्र में खोज रहे थे लेकिन अब ट्रैक्टर व ट्रॉली मिलने के बाद वह खुश हैं।

## जीर्णशीर्ण हो चुके परिवार पंजीयन रजिस्टरों के नवीनीकरण के दिये निर्देश

**मौदहा।** आजादी के बाद से नवीनीकरण न होने से अभिलेखों में दर्ज परिवारों का पंजीयन रजिस्टर जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच चुका है, जिनके नवीनीकरण हेतु पंचायत सचिवों को सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत ने निर्देशित किया है। अवगत हो कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से परिवारों का पंजीयन कराने वाले अभिलेखों का नवीनीकरण नहीं हो सका था जो कि मौजूदा समय में जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच चुके हैं। वहीं रजिस्टरों की हालत यह हो चुकी है कि उनके पृष्ठ बुरी तरह से गल चुके हैं जो छूने मात्र से ही फट जा रहे हैं। जिनकी दुर्दशा देख सहायक खंड विकास अधिकारी पंचायत अमर सिंह ने विकासखंड कार्यालय में तैनात समस्त पंचायत सचिवों को परिवार रजिस्टरों के नवीनीकरण हेतु निर्देशित किया है। एडीओ पंचायत ने बताया कि आदेश को ध्यान में रखते हुए सभी पंचायत सचिव अपने स्तर पर अभिलेखों के नवीनीकरण में जुटे हैं।

# अभी तक न बाइक मिली और न दुर्घटना करने वाला वाहन

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा।** राजमार्ग में मंगलवार की आधी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन बाईक सवारों की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस आरोपी वाहन चालक का पता लगाना तो दूर मृतक युवकों की बाइक का भी पता नहीं लगा सकी है। उधर बुधवार की शाम सभी मृतक युवकों का उनके परिजनों ने नम आंखों से अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि मौदहा नगर के कुम्हरौड़ा पूर्वी तरौस निवासी आकाश, रोहित व मोहल्ला हुसैनगंज निवासी शरीफ उद्दीन मंगलवार की देर रात खन्ना से लाइट व डीजे का काम कर बाइक द्वारा वापस आ रहे थे। तभी राजमार्ग 34 में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से रोहित व शरीफुद्दीन की घटना स्थल पर मौत हो गई थी जबकि आकाश ने कानपुर ले जाते समय दम तोड़ दिया था। घटना के बाद कोतवाली पुलिस को मृतकों की बाइक की सीट व नंबर प्लेट घटनास्थल पर पड़े हुए मिले थे लेकिन उनकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका था। कोतवाली पुलिस ने मृतक आकाश के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी लेकिन घटना के 36 घंटे बीत जाने के बावजूद घटना को अंजाम देने वाले आरोपी वाहन चालक का पता लगाना तो दूर कोतवाली पुलिस मृतकों की दुर्घटनाग्रस्त बाइक का भी कोई सुराग नहीं लगा सकी है जिससे मृतकों के परिजनों में अच्छी खासी नाराजगी है। इस मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी का कहना है कि घटनास्थल के आगे पीछे राजमार्ग के प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरा व अन्य माध्यमों से पुलिस टीम गायब बाइक व आरोपी वाहन चालक के तलाश के प्रयास में लगी हुई है।

# 9 जनवरी से 8 मार्च तक जनपद में धारा-144

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि 08 नवम्बर,23 द्वारा निषेधाज्ञा पारित करते हुए 08 नवम्बर से 07 जनवरी, 2024 तक प्रभावी किय गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है, जिसे आगामी त्यौहारों को देखते हुए 9 जनवरी से 8 मार्च,2024 तक जनपद में धारा-144 लागू किया जाता है।

उन्होंने बताया कि अग्रेतर 15 जनवरी, 2024 को मकर संक्रांन्ति, 18 जनवरी को हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज रह0 का उर्स, 24 जनवरी को जन नायब कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, 25 जनवरी को मोहम्मद हजरत अली का जन्म दिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 14 फरवरी को बसन्त पंचमी, 24 फरवरी को सन्त रविदास जयन्ती तथा 08 मार्च, 2024 को महाशिवरात्रि का त्यौहार है एवं समय-समय पर शासन स्तर से निर्धारित एवं स्थानीय स्तर पर जनपद में सम्पन्न हो रहे विभिन्न आवश्यक प्रतियोगी तथा शैक्षणिक परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित रखे जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-144 जा0फौ0 प्रभावी किया जाना अपेक्षित है। इन त्यौहारों के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु लागू उपायों के अनुपालन एवं आगामी प्रमुख त्यौहारों, पर्वो व संभावित परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा पारित किया है। उन्होंने बताया कि आगामी पूर्व त्यौहारों के दौरान अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए किसी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन इत्यादि बिना प्रशासनिक अनुमति आयोजित नहीं किये जायेंगें।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हिन्दुआरी फ्लाईओवर के समीप बीती रात ट्रक व ट्रैक्टर में हुई दुर्घटना के दौरान 32 वर्षी युवक की हुई मौत। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार निवासी धर्मेंद्र यादव 32 वर्षी पुत्र परमेश्वर यादव एक ट्रक ड्राइवर है जो ट्रक लेकर वाराणसी से चोपन जा रहे थे की वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के हिन्दुआरी फ्लाईओवर के समीप इस दिशा में जा रहे ट्रैक्टर अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही ट्रक जा कर लड़ गई जिसमें बैठे चालक धर्मेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पहुंचे लोगों ने इलाज के लिए पुलिस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया उधर पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को देते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगेगा लाइटनिंग सेंसर




अवधनामा संवाददाता

- वज्रपात के पूर्व मिलेगी सटीक सूचना

**हमीरपुर।** वज्रपात की सटीक जानकारी देने के लिए सुमेरपुर कस्बे के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में लाइटनिंग सेंसर लगाया जाएगा। भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे से संचालित होने वाली लाइटनिंग सेंसर आकाशीय बिजली की सटीक सूचना 30 से 40 मिनट पूर्व देगा। तब दामनी ऐप से क्षेत्र के लोगों को सतर्क किया जायेगा और स्थानीय प्रशासन भी उपाय के समुचित प्रबंध कर सकेगा। जनपद में बरसात के मौसम में प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली से मानव जाति के साथ पशु पक्षियों की भारी क्षति होती है। तमाम लोग असमय मौत के मुंह में चले जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए सुमेरपुर कस्बे में संचालित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में लाइटनिंग सेंसर लगाने की तैयारी की जा रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार सक्सेना ने बताया कि लाइटनिंग सेंटर लगाने की सूचना एक माह पूर्व फोन के माध्यम से उनको दी गई थी लेकिन अभी तक यह लगा नहीं है। जल्द ही इसके यहां लगने की उम्मीद है। इसके लग जाने के उपरांत काफी हद तक जनहानि रोकने में कामयाबी मिलेगी।

## पिता के रुपये न देने पर युवक ने रेता गला

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के बांकी मार्ग में एक युवक ने पिता के रुपए न देने पर नाराज होकर ब्लेड से गला रेत लिया। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने पर युवक को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कस्बे के बांकी मार्ग निवासी बरदानी ने बताया कि पुत्र राजकुमार 20 वर्ष ने सुबह खर्च के लिए दस हजार रुपए की मांग की थी। उसने रुपए देने से इनकार कर दिया। जब वह कार्य के घर से बाहर चला गया तो उसने नाराज होकर राजकुमार ने ब्लेड से खुद का गला रेत कर लहूलुहान कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत गंभीर होने पर युवक को सदर अस्पताल रेफर किया गया है। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डा. परवेज कादरी ने बताया कि सर्जरी की व्यवस्था न होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरूद्ध की जायेगी कार्यवाही

**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र ने अवगत कराया है कि दैनिक समाचार-पत्र में खबर प्रकाशित हुई थी कि यू0पी0 पुलिस भर्ती में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की मांग बढ़ी तो तथाकथित व्यक्तियों द्वारा अवैध वसूली का खेल किया जा रहा है और रूपये न देने वाले तहसीलों का चक्कर काट रहे हैं, उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी एवं समस्त तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा है कि यू0पी0 पुलिस भर्ती में आवेदन पत्र के साथ ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु काफी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं आनलाईन, ऑफलाइन आवेदन कर रहे हैं, प्राप्त हो रहे आवेदन पत्रों का निस्तारण ससमय में सुनिश्चित किया जाये।

# सीबीसीआईडी प्रयागराज इंस्पेक्टर के विरुद्ध कोर्ट ने दर्ज कराया मुकदमा

**सीबीसीआईडी के पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्रक भेजकर विवेचक को 16 जनवरी को केस डायरी के साथ कोर्ट में हाजिर कराने का अनुरोध किया गया है**

अवधनामा ब्यूरो

- कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने एवं न्यायालयीय कार्य में बाधा डालने का है आरोप
- चर्चित चोपन चेयरमैन रहे इम्तियाज अहमद हत्याकांड का मामला


इम्तियाज अहमद

**सोनभद्र।** सीबीसीआईडी की प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर के खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवहेलना और न्यायालीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। सीजेएम अचल प्रताप सिंह की अदालत ने सीबीसीआईडी प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर (चर्चित चोपन चेयरमैन रहे इम्तियाज अहमद हत्याकांड के विवेचक) को 15 जनवरी को कोर्ट में तलब किया है। वहीं, कोर्ट ने बार-बार नोटिस, कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद विवेचना की प्रगति न्यायालय में दाखिल न करने को लेकर सीबीसीआईडी के पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्र भेजा है और उनसे विवेचना की केस डायरी के साथ सीबीसीआईडी प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर को 16 जनवरी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश देने की अपेक्षा की है।

बता दें कि 25 अक्टूबर 2018 को चोपन के ग्रेवाल पार्क में चोपन नगर पंचायत के तत्कालीन चेयरमैन इम्तियाज अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में राकेश जायसवाल, रवि जालान के खिलाफ नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ चोपन थाने में, चेयरमैन के भाई उस्मान अली ने एफआईआर दर्ज कराया था। इस मामले में चोपन पुलिस ने जहां 11 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, वहीं, नामजद आरोपियों से जुड़ी विवेचना सीबीसीआईडी को ट्रांसफर हो गई थी। सीबीसीआईडी ने नामजद आरोपियों को क्लीन चिट देते हुए सीजेएम कोर्ट में अंतिम रिपोर्ट दायर की थी, जिसमें खामियां पाते हुए, न्यायालय ने पुनः विवेचना का आदेश जारी किया था। उसके बाद सीबीसीआइडी मामले की पुनः विवेचना कर रही है। विवेचना सीबीसीआईडी की प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर को सौंपी गई है। मामले में वादी उस्मान अली की तरफ से सीजेएम न्यायालय में प्रार्थनापत्र दाखिल कर प्रगति आख्या उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। इस पर अदालत ने विवेचक से प्रगति रिपोर्ट तलब की थी। इसको लेकर कई बार नोटिस और व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध होने का आदेश दिए जाने के बावजूद विवेचक न तो न्यायालय में उपस्थित हुए, न ही प्रगति रिपोर्ट दाखिल की। इसको गंभीरता से लेते हुए सीजेएम अचल प्रताप सिंह की अदालत ने विवेचक यूपी सिंह के खिलाफ न्यायालय में जहां प्रकीर्ण वाद दर्ज कर, सुनवाई के लिए 15 जनवरी को तलब कर लिया है। वहीं, प्रगति रिपोर्ट के मामले में 16 जनवरी तिथि तय करते हुए पुलिस महानिदेशक लखनऊ को पत्र भेजा गया है। जिसमें विवेचक सीबीसीआईडी प्रयागराज यूनिट के इंस्पेक्टर को निर्धारित तिथि पर केस डायरी के साथ उपस्थित होने का निर्देश देने की अपेक्षा की गई है।

# पड़ोसियों ने दंपति को मारपीट कर किया जख्मी

अवधनामा संवाददाता

- मोबाइल छीनने का किया था विरोध, पुलिस को दी सूचना

**बाँदा।** बात करते समय मोबाइल छीन लेने का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पड़ोसियों ने उसे और उसकी पत्नी को कुल्हाड़ी मारकर जख्मी कर दिया। किसी तरह से मामले को शांत कराया गया। पीड़ितों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। मामला गिरवां थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव का है। वहां रहने वाला रफीक (36) पु खुन्नू बुधवार शाम को अपने घर के पास मोबाइल पर बात कर रहा था। तभी पड़ोसी जुम्मन ने उसका मोबाइल खींच लिया। उसने मना किया तो पड़ोसी गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर रफीक की पत्नी साइना बानो (30) मौके पर पहुंच गई। पड़ोसी ने रफीक को कुल्हाड़ी मारी। बचाने में उसकी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत करवाया और पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

# चाचा चौधरी और चुनावी दंगल किताब का विमोचन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर के जन सुनवाई कक्ष में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 के दृष्टिगत रखते हुए मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रचार-प्रसार करने के मकसद से चाचा चौधरी और चुनावी दंगल किताब का विमोचन किये। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस किताब में विभिन्न तरीके से मतदाताओं को मतदान करने व लोगों को प्रेरित करने के लिए चित्रण किया गया है, उन्होंने कहा कि विमोचन की गयी चाचा चैधरी और चुनावी दंगल पुस्तक को जनपद के वेबसाइट www.sonbhadra.inc.in पर आम जनमानस को शुलभ संदर्भ हेतु अपलोड कर दिया गया है, जिससे इस पुस्तक का अध्ययन कर स्वयं जागरूक हो और अपने आस-पास के लोगों को भी मताधिकार के प्रति जागरूक करें। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि मतदाता सूची का अवलोकन कर लें, मतदाता सूची के अवलोकन के दौरान यदि यह जानकारी प्राप्त होती है कि किसी व्यक्ति व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट गया है, तो वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें, उन्होंने कहा है कि मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में लोग घरो से निकलकर मतदान बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें इस पुस्तक के माध्यम से इस बात की जानकारी दी गयी है कि किसी के बहकावे व लुभावना के चक्कर में पड़कर किसी गलत लोगों को मतदान करने से बचे और सही प्रतिनिधि का चुनाव करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें, सही जनप्रतिनिधि के चयन से गांव, जिले का विकास होने के साथ ही प्रदेश व देश का विकास हो सकेगा।

# बिना पैथालाजिस्ट के सहारे लूट रहे हैं मरीज़ों को

- ना कोई डिग्री, ना कोई रजिस्ट्रेशन और कमायी धड़ाधड़

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** स्वास्थ विभाग बाँदा की उदासीनता से बबेरू मे विगत कई वर्षो से फर्जी पैथालाजियों की बाढ बनी हुयी है जिसमें मरीज पिस रहा है।

बबेरू मे विगत कई वर्षो से दर्जनों पैथालाजियां जांच के नाम पर मरीजो का शोषण कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम मे प्रदीप पैथालाजी अनुराग पैथालाजी सहित लगभग एक दर्जन से अधिक पैथालाजियां बिना रजिस्ट्रेशन के या फर्जी प्रमाणपत्रों के सहारे लूटपाट मे लगी हैं। बडी से बडी खून की जांच जिसको बिना आधुनिक मशीनो से किया जाना सम्भव ही नही है उसकी भी महज एक दो घंटे मे मरीजो को रिपोर्ट पकडा देते हैं। ये सभी पैथालाजियां बिना किसी मानक के चल रही है जिसमे कोई पैथालाजिस्ट के बिना रिपोर्ट दे दी जाती है वैसे इन जांचो की सत्यता भी संदिग्ध रहती है। ये सभी पैथालाजियां स्थानीय जिला स्वास्थ कार्यालय के अधीन रहती है जहां रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बिना पैथालाजी लैब खोलना गैरकानूनी है।

वैरसे नियमतः बिना पैथालिस्ट के कोई भी पैथालाजी सेंटर नही चला सकता है , कलेक्शन सेंटर चलाये जा सकते है बशर्ते उनमे भी प्रशिछित कर्मचारी होना आवश्यक है।

जनसूचना अधिनियम के अंर्तगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा जानकारी मे बताया गया कि पूरे जनपद मे मात्र 32 पैथालाजियां ही स्वीकृत मापदंडो पर संचालित हैं फिर सिर्फ बबेरू मे एक दर्जन से अधिक कैसे संचालित हैं।

जनसूचना अधिकार के अंर्तगत जब इनसे रजि. पैथालाजियों के नाम पूछे गये तब जानकारी ही नही दी गयी जिससे साफ साफ पता चलता है कि स्वास्थ विभाग के रहमोकरम पर फर्जी पैथालाजियों को एक संगठित गिरोह के माध्यम से चलाया जा रहा है जिसमे स्वास्थ विभाग के बाबुओ से लेकर बडे अधिकारी तक शामिल है अगर इनकी जांच करायी जाये तो पूरे जनपद मे सैकडो पैथालाजियों का रजि. ही नही है जो जिला स्वास्थ अधिकारी कार्यालय के सहयौग और आर्शीवाद से चल रही हैं।

अभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे तैनात बाबुओ और अधिकारियो को तय समय पर एक निश्चित रकम का प्रसाद चढाया जाता है जिसके बाद पुनः उनको अभयदान दे दिया जाता है।

## श्राद्धालुओं को अध्यक्ष ने बांटे लंच पैकेट

**भरुआ सुमेरपुर।** पौष मास की अमावस्या को चित्रकूट धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को नगर पंचायत अध्यक्ष ने रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर लंच पैकटो का वितरण कराया। प्रतिमाह की भांति इस माह भी अमावस्या पर चित्रकूट धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरु ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर लंच पैकटो का वितरण कराया। इस मौके पर सभासद देवसिंह यादव, अनीस बाल्मीकि, पूर्व सभासद अवधेश प्रजापति, अरविन्द श्रीवास्तव, अखिलेश, छोटू सिंह आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## मुन्नीलाल निषाद बने प्रदेश सचिव



**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अनुमोदन पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमीरपुर के पूर्व अध्यक्ष मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया है। इससे जनपद के सपाइयों ने हर्ष जताया है। पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों को एकजुट करने में जुटी सपा ने हमीरपुर के निवासी पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश कार्यकारिणी मे प्रदेश सचिव बनाया है। इनके मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र वर्मा, इदरीश खान, सोनिया सोनी, शिवगोपाल यादव, गोपाल वर्मा, रणविजय सिंह, विवेक यादव, सबीना खातून, पप्पू सिंह, ज्ञानी यादव, राजेश सविता, जावेद मेजर आदि ने हर्ष जताया है।

## हमीरपुर साइबर क्राइम ने ऑनलाइन फ्रॉड का वापस करवाया 3,21,000 रूपया



**हमीरपुर।** आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फ्रॉड / धोखाधड़ी की जा रही है। उक्त के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा निरन्तर अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 28.12.2023 को साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा आवेदक केदारनाथ पाठक पुत्र दिनेश कुमार निवासी मु0 मराठीपुरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर द्वारा प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्यवाही करते हुए 3,21,000/- की सम्पूर्ण धनराशि शिकायतकर्ता के खाते में वापस करवाई गई, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 1058 के सापेक्ष 590 गोवंश है संरक्षित



**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे में 2 वर्ष पूर्व तक 1058 बेसहारा गोवंश संरक्षित होता था लेकिन पिछले वर्ष तथा मौजूदा समय में महज 590 गोवंश कान्हा पशु आश्रय स्थल में संरक्षित हो रहा है। अन्य बेसहारा कहां गया इस पर जिम्मेदार चुप हैं। पशुपालन विभाग का तर्क है कि शेष गोवंश आसपास की पंचायतों में संरक्षित कराया गया है जबकि कस्बे में सैकड़ो गोवंश खुलेआम विचरण करता घूम रहा है। जिम्मेदार इनको बेसहारा नहीं बल्कि पालतू गोवंश बता रहे हैं। गोवंश पूर्णतया संरक्षित न होने से यह मुख्य बाजार सहित कस्बे में जगह जगह दिन भर धमाचौकड़ी मचा रहे है।

## एक उपनिरीक्षक व दो हेड कांस्टेबल को दी गयी विदाई



**हमीरपुर।** कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय व गैर जनपदीय थानों में स्थानांतरित हुये एक उपनिरीक्षक व दो हेड कांस्टेबलों के विदाई समारोह में उनका माल्यार्पण कर रवाना किया गया। सुमेरपुर थाने में तैनात रहे उपनिरीक्षक शिवम पांडेय को मुस्करा, हेड कांस्टेबल अनुरुद्ध यादव को प्रयागराज तथा हेड कांस्टेबल हनुमंत यादव को लखनऊ थाने में स्थानांतरित होने पर मिष्ठान्न खिलाकर माल्यार्पण करते हुये सहकर्मियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विदाई दी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज, क्राइम निरीक्षक रामकुमार यादव, उपनिरीक्षक प्रमोद त्रिपाठी, उपनिरीक्षक वकील अहमद, उपनिरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी, उपनिरीक्षक गुरुचरन, हेड कांस्टेबल रामराज, हेड कांस्टेबल आरिफ खान, कांस्टेबल सुशील पाल, दिलीप, अतुल, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू सहित सभी पुलिसकर्मी व व्यापारी मौजूद रहे।

## अनसुइया आश्रम में होगा सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा आश्रम में तैयारियां शुरू



**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे की गायत्री तपोभूमि के अनसुइया आश्रम में 22 जनवरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुंदरकांड पाठ, रामनाम संकीर्तन भजन के साथ विशाल भंडारा संपन्न कराया जाएगा। इसकी तैयारियां आश्रम में जोर-शोर से जारी है। अनसुइया आश्रम के महंत स्वामी नरायणानंद महाराज ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आश्रम में भक्तों के सहयोग से बजरंगबली मंदिर में सुंदरकांड, सत्संग भवन में रामनाम संकीर्तन भजन के उपरांत विशाल भंडारा संपन्न कराया जाएगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

## ठंड की चपेट में आए कई लोग जिला अस्पताल में भर्ती

**बांदा।** जबरदस्त ठंड लोगों के लिए परेशानी का सबब बनकर रह गई है। हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं। ठंडी हवाओं के झोंकों और कोहरे की धुंध ने जनजीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। ठंड की चपेट में आने पर कई लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहां उनका उपचार किया जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों में ठंड की चपेट में आने पर कई लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें सबा (22) मर्दननाका, अवनीश (17) कुम्हेड़ा, राशि (8) बबेरू, जयराम सिंह (63) सिविल लाइन, रेहाना बानो (28) खाईपार, फरहत खान (32) मर्दननाका, दिलीप (12) निवासी चिल्ली, अनवरी (60) निवासी महबरा, भगवानदीन (65) खम्हौरा, छावनी निवासी महेश (62), श्वेता सिंह (28) बंगालीपुरा बलखंडीनाका निवासी अरविंद (62) शामिल हैं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, तीन घायल

**बांदा।** बुधवार की रात को एक ढाबा से खाना खाने के बाद महोबा रोड से अपने घर वापस आते समय ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस कार में सवार तीन युवक जख्मी हो गए। तीनो युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक को कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि दो युवकों को मेडिकल कालेज भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मटौंध थाना क्षेत्र के भूरागढ़ निवासी जीतू (28) पुत्र रामआसरे क्योटरा मोहल्ला निवासी धनी (22) पुत्र प्रकाश और भूरागढ़ निवासी क्रांति (38) पुत्र खेमराज के साथ कार में बैठकर महोबा रोड स्थित एक ढाबा में खाना खाने के लिए गए थे। वहां पर खाना खाने के बाद कार में सवार होकर तीनो युवक अपने घर वापस जा रहे थे। ढाबे से कुछ ही दूरी पर पीछे से आ रहे ट्रक ने ओवरटेक किया, इसी दौरान कार में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीनो युवक जख्मी हो गए। रहागीरों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनो घायलों को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जीतू को कानपुर के लिए और दो अन्य घायल धनी और क्रांति को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। स्वजनों ने बताया कि हादसे के बाद चालक ट्रक समेत मौके से भाग निकला। हादसे की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था मजबूत हो: मुख्यमंत्री

**भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक अवसर पर शिक्षण संस्थाओं और शासकीय कार्यालयों सहित पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश**



- **अयोध्या में कम से कम 500 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाए**
- **होम स्टे की आवासीय सुविधा को और बेहतर किया जाए**
- **अयोध्या आने वाले हर मार्ग को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार करें**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।**त्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी पर्वों एवं त्योहारों के दृष्टिगत सुदृढ़ कानून व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के सम्बन्ध में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस कमिश्नरों, मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों/ पुलिस अधीक्षकगण के साथ समीक्षा की तथा व्यापक जनहित में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस विशेष बैठक में अयोध्या, गोरखपुर और प्रयागराज के मंडलायुक्त ने अलग-अलग प्रस्तुतिकरण कर अपनी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के बालरूप के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा का बहुप्रतीक्षित समारोह होने वाला है। देश-विदेश से धर्म, राजनीति, उद्योग, विज्ञान, सिनेमा, साहित्य, कला सहित अनेक क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठजन, संत समाज इसके साक्षी होंगे। मकर संक्रांति से गोरखपुर में खिचड़ी मेला, प्रयागराज में माघ मेला प्रारम्भ हो रहा है। जनपद फर्रुखाबाद में भी प्राचीनकाल से कल्पवास की व्यवस्था है।

आगामी 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन है। आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह है। कानून-व्यवस्था की दृष्टि से आने वाला समय अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे में हमें पुख्ता इंतजाम करने होंगे। यह समय हमारे लिए प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का भी सुअवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में श्रीरामलला के विराजने के चिर प्रतीक्षित अवसर पर जनभावनाओं का गहरा जुड़ाव है।

# आधी आबादी को पूरा अधिकार- सरकार चली जनता के द्वार: मौर्य

- **महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में लगातार हो रहा सुधार**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मा0प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा व सतत् मार्गदर्शन में महिलाओं व बच्चों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार हो रहा है और इस दिशा में सरकार द्वारा बहुत सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। देश व प्रदेश में पोषण आधारित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष असर भी दिखाई दे रहा है।आधी आबादी को पूरा अधिकार दिलाने के लिए सरकार जनता के द्वार पर चलकर जा रही है।महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषयक राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है! प्रदेश खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, लैंगिक समानता व सुशासन, अन्त्योदय और सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में विकास की पवित्र गंगा बह रही है।

# भाषा वि.वि. के 8वें दीक्षोत्सव समारोह का हुआ समापन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विगत छ्ः दिवसीय 8वें दीक्षोत्सव समारोह का समापन किया गया। बतादें कि भाषा विश्वविद्यालय में 8वां दीक्षोत्सव कार्यक्रम 6 से 11जनवरी तक चला। इस दीक्षोत्सव में विद्यार्थियों ने अपनी कला, संस्कृति और ज्ञान का परिचय दिया। समापन समारोह के इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की नींव वहां पढ़ने वाले विद्यार्थी होते है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी की ज़िम्मेदारी है कि जीवन के हर पड़ाव पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करे। प्रो. सिंह ने आगे कहा कि हमें प्रतियोगिताओं के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही डिग्री के माध्यम से सामाजिक कार्यों के उत्थान के लिए अपना योगदान देना चाहिए।

# इलेक्ट्रिक वाहनों द्वारा हरित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश: नंदी

- **उत्तर प्रदेश में वाइब्रेंट गुजरात समिट में किया इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित**




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडो अमेरिकन चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से ग्रीन इकोनॉमी के प्रोत्साहन पर एक नेशनल सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में उत्तर प्रदेश को सतत निवेशों के उभरते केंद्र के तौर पर दर्शाया गया। गुजरात के गांधीनगर में हुई इस विशाल सेमिनार में प्रतिष्ठित वक्ताओं, उद्यमियों, इंडस्ट्री विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों, तथा पर्यावरण विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ औद्योगिक विकास के विषय पर विचार विमर्श किया। माननीय औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई तथा निवेश प्रोत्साहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर उत्तर प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा राज्य बताया। उन्होंने कहा, ÷किसी भी प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था का मूलभूत आधार मुख्य रूप से उसके औद्योगिक विकास पर निर्भर करता है। प्रदेश में औद्योगिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए ही की गई है। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय सेमिनार पर्यावरण संरक्षण पर हमारे संकल्पों का एक प्रमाण है। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा, देश में सर्वाधिक इलेक्ट्रिक वाहन उत्तर प्रदेश में ही रजिस्टर्ड हैं। ऑन-रोड इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन में उत्तर प्रदेश भारत में सबसे अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए तमाम प्रभावी कदम उठाए हैं। सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस संकल्प को और सुदृढ़ करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक नीतियों के तहत एक विशेष इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति भी अपनाई है। प्रदेश सरकार के पर्यावरण एवं वन विभाग के अपर मुख्य सचिव, मनोज सिंह ने सुरक्षित पर्यावरण को लेकर विभाग के अनेक प्रयासों को वक्ताओं के समक्ष रखा उन्होंने आगे कहा कि विभाग औद्योगिक विकास और पर्यावरण के संरक्षण के बीच सामंजस्य बैठते हुए इको फ्रेंडली नीतियों को बढ़ावा दे रहा है। सेमीनार में आईएससी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पंकज बोहरा तथा आईएससी की पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राष्ट्रीय समिति के चेयरपर्सन कपिल कौल, एवं मुकेश सिंह, चेयरमैन, यूपी कमेटी आईएससी ने पर्यावरण संरक्षण की अहमियत पर अपने विचार व्यक्त किए।

# कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई शास्त्री की पुण्यतिथि

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति, भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस नेताओं ने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और देश की आजादी में उनके योगदान और आजादी के बाद ऐतिहासिक कामों को याद किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि राष्ट्र कल्याण के प्रति समर्पित उनका जीवन हर भारतीय को देश सेवा की प्रेरणा देता है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपने क्रांतिकारी विचारों और साहसी फैसलों से देश को मजबूती से आगे बढ़ाया। सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से देशवासियों को प्रेरित किया। जय जवान-जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का रास्ता दिखाया। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा कि शास्त्री जी के ऐतिहासिक काम हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का पूरा जीवन दुनिया के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है।

## अपना दल (एस) के मंडल कमेटी के पदाधिकारियों की सूची जारी

**लखनऊ।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की संस्तुति से राष्ट्रीय सचिव (मुख्यालय) ने क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों की सूची जारी की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि बस्ती जनपद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विवेक चौधरी को बस्ती मंडल का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। उनके अलावा लखनऊ जनपद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल पोनू को लखनऊ मंडल का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, रायबरेली जनपद के निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन वर्मा को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के 25 पदाधिकारियों को क्षेत्रीय कमेटियों में प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है।

# पुरानी पेंशन योजना तत्काल लागू करने की मांग

- **सांसदों और विधायकों की पेंशन से कोई ऐतराज नहीं**




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर केन्द्र व प्रदेश सरकार के सेवारत व सेवानिवृत्त श्रम संघों की चार दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे और आखिरी दिन चारबाग स्टेशन में कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना तत्काल बहाल करने की मांग की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने कहा कि हमें सांसदों और विधायकों की पेंशन से कोई ऐतराज नहीं लेकिन सरकारी कर्मचारियों को उनकी जरूरी सेवाओं के मद्देनजर भविष्य की सुरक्षा के लिए वर्ष 1972 से लागू पेंशन सुविधा तत्काल बहाल होना चाहिए। कन्फेडरेशन के प्रदेश महासचिव कामरेड रविन्द्र सिंह ने कहा कि हम सरकार को पूरा मौका दे चुके हैं और अब केन्द्रीय नेतृत्व के साथ बीते दिनों हुई बैठकों के परिणामस्वरूप अगर पुरानी पेंशन की मांग स्वीकार नहीं की गयी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है। एआईआरएफ के जोनल सचिव एसयू शाह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग कोई चुनावी मुद्दा नहीं था लेकिन जब सरकारी कर्मचारियों को 30-40 साल की सेवा के बाद शेयर मार्केट के हवाले कर दिया है तो ऐसी स्थिति में सरकारी कर्मचारियों के सामने हड़ताल के अलावा दूसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में हड़ताल की तारीख घोषित कर दी जाएगी। क्रमिक अनशन को डिप्लोमा इंजीनियर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एन.डी. द्विवेदी, एनआरएमयू के शाखा मंत्री अजय श्रीवास्तव, कामर्शियल शाखा के शाखाध्यक्ष डी.एन. अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## इसाले सवाब के लिये मजलिसे पंजुम सोमवार को

**लखनऊ।** आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड के संयुक्त सचिव अलीम हुसैन की माता का गुरुवार को निधन हो गया। स्वर्गीया का पिछले कई दिनों से एक निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। स्वर्गीया को गुरुवार शाम कर्बला तालकटोरा में सुपुर्दे खाक किया गया। संस्था के महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने अलीम हुसैन के बंजारी टोला स्थित आवास पहुंच उन्हें ढांढस बंधाया। शिया हुसैनी फण्ड ने संस्था के संयुक्त सचिव अलीम हुसैन की माता के निधन पर शोकसभा आयोजित कर ईसाले सवाब के लिए सूरए फातिहा ईसाल किया। स्वर्गीया के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम सोमवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नवाब अफसर जहां बेगम में सुबह 10 बजे किया जाएगा। महिलाओं की मजलिस स्वर्गीया के आवास पर सुबह 10 बजे होगी।

# एन. ई. रेलवे मजदूर यूनियन गोरखपुर के आवाहन पर भूख हड़ताल समाप्त

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के एवं एन ई रेलवे मजदूर यूनियन गोरखपुर के आवाहन पर 08 जनवरी से 11 जनवरी तक क्रमित सांकेतिक भूख हड़ताल एन ई रेलवे मजदूर यूनियन मैलानी शाखा में शाखा अध्यक्ष तेज प्रकाश सिंह एवं शाखा मंत्री धनेश कुमार ठाकुर के अध्यक्षता में भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। जिसमे यूनियन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अध्यक्ष तेज प्रकाश सिंह ने कहा की पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और इसे लेकर रहेंगे।इसके लिए हमारी लड़ाई लगातार जारी है और तबतक जारी रहेगा जब तक पुरानी पेंशन बहाल न हो जाए। वही शाखा मंत्री धनेश कुमार ठाकुर ने कहा जिस तरह से हमारे कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिसा ले रहे तो मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पेंशन 100 प्रतिशत लागू होगा।और इसके लिए लगातार आंदोलन जारी रहेगा। अगर सरकार नही मानी तो आगे मजबूरी में रेल का चक्का जाम भी करेंगे।यह भूख हड़ताल पूरे भारत में 8 जनवरी से 11 जनवरी तक लगातार चल रहा है।

इस आंदोलन में मैलानी एन ई रेलवे मजदूर यूनियन पदाधिकरी शाखा अध्यक्ष श्री तेज प्रकाश सिंह, शाखा मंत्री धनेश कुमार ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाअध्यक्ष रामेंद्र जी, उपाधायक्ष रामबचन, प्रताप सिंह राणा, राजेश कुमार, सहायक शाखामंत्री आबाद खान, सुरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार, रामरतन कुमार, रामधायन यादव, बबलू, चंद्रकांत मौर्या, कुशन, उमेश कुमार, राहुल रावत, धर्मवीर, विजेंद्र सिंह , सुशील ,सुरेश, सहित काफी संख्या में रेलवे कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मैं अटल हूं 19 जनवरी को होगी रिलीज

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर बनी फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्वर्गीय वाजपेई ने अपनी युवावस्था में लिखी कविता हिंदू तन-मन को फिल्म में शामिल किया है। गुरुवार को फिल्म के हिंदू तन-मन गाने को प्रसिद्ध अभिनेता व फिल्म में स्वर्गीय वाजपेई का किरदार निभा रहे पंकज त्रिपाठी ने लॉच किया। कैलाश खेर के गाये गाने को अमित राज ने कम्पोज किया है। गुरुवार को फिल्म की प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे पंकज त्रिपाठी ने आलमबाग के मूवीमैक्स में गाना लॉच किया। ऋषि विरमानी और रवि जाधव की लिखित और रवि जाधव के निर्देशन में बनी फिल्म के निर्माता विनोद भानुशाली हैं। लॉच के मौके पर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी का किरदार निभाना उनके लिए बहुत बड़ी चुनौती था। डर भी लग रहा था, लेकिन उनके बारे में पूरा पढने के बाद मुश्किल किरदार को निभाया। उम्मीद है कि फिल्म सबको पसंद आएगी। पंकज त्रिपाठी ने दर्शकों से 19 जनवरी को थिएटर में जाकर फिल्म देखने की अपील की है।

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान में हिन्दी दिवस आयोजित

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर से हिन्दी समारोह का आयोजन विधानभवन के संस्थान कार्यालय कक्ष 119 बी में किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. उमेश चन्द्र वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के तौर पर संतोष तिवारी कौशिल उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अलका शर्मा और ध्रुवचन्द्र मिश्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरम्भ महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। समारोह में श्रवण कुमार ने वाणी वन्दना पेश की। इस मौके पर उपस्थित साहित्यकारों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में राजश्री दुबे, अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी, रामराज भारती, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र विक्रम अस्थाना, पूनम शर्मा, पद्मिनी, डॉ. चांदी बाला, तनुजा श्रीवास्तव, अलका अस्थाना, मानस मुकुल त्रिपाठी, मीना गौतम सहित अन्य के काव्य पाठ का उपस्थित लोगों ने आनन्द लिया।

# जलवायु संकट को लेकर डॉ. राजेश्वर सिंह ने जताई चिंता

- **पेश किये हैरान कर देने वाले आंकड़े**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सामाजिक, आर्थिक, रजनीतिक और पर्यावरण जैसे तमाम मुद्दों पर अपनी राय बेबाकी से रखने के लिए जाने जाते हैं, गुरुवार को भी उन्होंने जलवायु परिवर्तन को लेकर बेहद हैरान कर देने वाले पेश किये तथा जलवायु संकट से निपटने की तात्कालिकता पर जोर दिया, विधायक ने बताया कि दुनिया बड़ी से बड़ी चुनौतियों से जूझ रही है। हमारे पर्यावरण, मानव कल्याण और हमारे युवाओं के भविष्य के लिए गहरी चिंता के साथ, डॉ. सिंह इस बात पर जोर दिया कि अपरिवर्तनीय परिणामों को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई जरूरी है। स्थिति की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. राजेश्वर सिंह ने नवीनतम आंकड़ों का हवाला देते हुए 2023 को रिकॉर्ड पर दुनिया का सबसे गर्म वर्ष बताया, जो पिछले 1,00,000 वर्षों के तापमान को पार कर गया। यूरोपियन यूनियन क्लाइमेट मॉनिटर के अनुसार, वर्ष का औसत वैश्विक तापमान 19वीं सदी के उत्तरार्ध की तुलना में 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक था, जो 2016 में निर्धारित पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया।

डॉ. सिंह ने तापमान में इस खतरनाक वृद्धि के परिणामों को रेखांकित करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की हर 10वीं डिग्री गर्मी की लहरों, तूफानों, समुद्र के स्तर में वृद्धि और ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों के पिघलने में तेजी लाती है। ये प्रभाव 2023 में स्पष्ट थे, मौसम के इस बदलावों ने ईरान, चीन, ग्रीस, स्पेन जैसे देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्रों को प्रभावित किया। कनाडा में जंगल में लगी भीषण और विनाशकारी आग का अनुभव किया, और अंटार्कटिका के तटों पर गर्मियों और सर्दियों दोनों में समुद्री बर्फ का निर्माण कम हो गया, जो वृहद स्तर तक पहुंच गया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे कहा कि इस संकट से निपटने की जिम्मेदारी न केवल वर्तमान पीढ़ी की है, बल्कि हमारे बच्चों और पोते-पोतियों की भी है। अंत में, डॉ. राजेश्वर सिंह ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए तत्काल और सामूहिक कार्रवाई का आग्रह किया, इस बात पर जोर देते हुए कि अब कार्रवाई करने का समय है, इससे पहले कि बहुत देर न हो जाए। सरोजनीनगर विधायक ने समुदाय, सरकारी अधिकारियों और वैश्विक नेताओं से पर्यावरण की सुरक्षा और सभी के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने वाले उपायों को लागू करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश की जरूरत: अभय दुबे

- **बेरोजगारों, युवाओं, कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई की मार के बीच पढ़ाई, कमाई और दवाई के लिए संघर्ष करते गरीबों के साथ न्याय नहीं हो रहा है: राष्ट्रीय प्रवक्ता**




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश की जरूरत बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का सबको न्याय मिलने तक सहयोग और संघर्ष जारी रहेगा। श्री दुबे ने कहा कि बेरोजगारों, युवाओं, कर्ज में डूबे किसानों और महंगाई की मार के बीच पढ़ाई, कमाई और दवाई के लिए संघर्ष करते गरीबों के साथ न्याय नहीं हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अपने उद्योगपति मित्रों के लिए काम रही है। श्री दुबे गुरुवार को 14 जनवरी से शुरू हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। श्री दुबे ने कहा कि देश रोजगार संकट से जूझ रहा है। हमें सुनिश्चित करना है कि हर भारतीय युवा को आकांक्षाओं और कौशल के अनुरूप रोजगार मिले। प्रधानमंत्री देश की सम्पत्ति करीबी दोस्तों को सौंप देते हैं। हमें सभी के लिए आर्थिक न्याय और शिक्षा आजीविका और स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार सुनिश्चित करना है। किसान और खेतिहर मजदूर कर्ज में डूब रहे हैं वहीं मोदी सरकार अमीरों का कर्जा माफ कर रही है। हमें सुनिश्चित करना है कि किसान को उसकी उपज का सही दाम मिले। अपराधियों को संरक्षण दे रही है सरकार भाजपा सरकार का बेटी बचाओ जैसे खोखले नारे देकर महिलाओं पर अत्याचार जारी है। सरकार लगातार अपराधियों को संरक्षण दे रही है और पीड़ितों को कटघरे में खड़ा करती है। कांग्रेस वंचितों के अधिकारों और बेटियों के आत्मसम्मान के साथ न्याय को प्रतिबद्ध है। हमें हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान की भागीदारी सुनिश्चित करना है। श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी जाति बताते हैं लेकिन जातीय जनगणना पर चुप हो जाते हैं। एससी/एसटी और ओबीसी वर्ग को वंचित रखने का सिलसिला लगातार जारी है। देश के संस्थानों में उनका प्रतिनिधित्व बेहद कम है। न्याय का मतलब उनकी गिनती करना और समाज में उनकी भागीदारी को निष्पक्षता से मांपना है। हिंसा की राजनीति से अल्पसंख्यक सुरक्षा पर गहरी चोट श्री दुबे ने कहा कि नफरत और हिंसा की राजनीति ने देश के ताने-बाने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गहरी चोट की है। हमें भारतीयता को संरक्षित करने के लिए एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर नष्ट किया संघीय ढांचा श्री दुबे ने कहा कि भाजपा ने राज्यों की इच्छाओं की अनदेखी कर राज्यपाल के पद का दुरुपयोग कर हमारे संघीय ढांचे को नष्ट कर दिया है।